CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 19°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 230 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 28 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा प्रकरण: 66 गिरफ्तारियों में 45 गैर-श्रमिक पेज 2



विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष पर पहुंचे खेल टाइम्स




मोटर इंश्योरेंस में रखें इन बातों का ध्यान सम्पादकीय



परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले पांच अमेरिकी वैज्ञानिक गायब पेज 12

## गाजियाबाद में 500 झुग्गियों में लगी भीषण आग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एक-एक कर फटे सिलेंडर, सभी लापता बच्चे मिले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जल उठीं। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आग में करीब छह बच्चों के लापता होने की आशंका थी। लेकिन सभी बच्चे मिल गए हैं। कुछ बच्चे भीड़ के बीच होने की वजह से परिजनों को नहीं मिले और कुछ घटनास्थल से दूर खेल रहे थे। बच्चों के मिलने के बाद परिवार वालों की जान में जान आई। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलेंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने बिना देरी किए आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगाई गई हैं। अग्निशमन अभियान में कई घंटे लगने की संभावना है, क्योंकि आग बड़े क्षेत्र में फैली है।

# इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिन का युद्धविराम

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक अहम कूटनीतिक पहल सामने आई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिनों के युद्धविराम पर सहमति बन गई है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मेरी अभी लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बहुत अच्छी बातचीत हुई। जिसके बाद दोनों देशों ने शांति की दिशा में कदम बढ़ाते हुए युद्धविराम पर सहमति जताई। दुनिया भर में नौ युद्धों को सुलझाना मेरे लिए सम्मान की बात रही है और यह मेरा 10वां होगा, तो चलिए इसे पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के प्रतिनिधि 34 वर्षों में पहली बार वाशिंगटन डीसी में आमने-सामने मिले। इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने उपराष्ट्रपति और सैन्य अफसरों को निर्देश दिया है कि वे इस अस्थायी युद्धविराम को स्थायी शांति में बदलने के लिए दोनों देशों के साथ काम करें। इससे पहले मंगलवार को अमेरिका ने इजरायल और लेबनान के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक की मेजबानी की, जो 1993 के बाद पहली उच्चस्तरीय पहल थी। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इस बैठक में प्रत्यक्ष वार्ता शुरू करने, युद्धविराम लागू करने, सुरक्षा सहयोग बढ़ाने और व्यापक शांति ढांचे की दिशा में आगे बढ़ने पर सहमति बनी। बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, काउंसलर माइकल नीडहैम, लेबनान में अमेरिकी राजदूत लिसा ए. जानसन, अमेरिका में इजरायल के राजदूत येचियल लेटर और अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवावाद शामिल हुए।



■ डोनाल्ड ट्रम्प का दावा: शांति की दिशा में बड़ा कदम
■ 34 साल बाद आमने-सामने बातचीत

### अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को लौटाया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 13 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है।

### हिजबुल्लाह का भीषण प्रहार, 24 घंटे में इजरायली ठिकानों पर 39 हमले किए

**बेरूत।** लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 39 सैन्य अभियान चलाए हैं।

इन हमलों में इजरायली बस्तियों, सैनिकों की टुकड़ियों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया। साथ ही दक्षिणी सीमा और उत्तरी इजरायल में दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने की झड़पें भी हुईं। अल जजीरा की रिपोर्ट में बात सामने आई है। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान जारी रखेगी। नेतन्याहू ने बिंट जबील को हिजबुल्लाह का मुख्य गढ़ बताया और इसे पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया। इस बीच, डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानोम घेब्रेयेसस ने लेबनान के अस्पतालों की हालत पर चिंता जताई है। दक्षिण लेबनान का तेबनीन सरकारी अस्पताल गंभीर संकट में है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पाइसजेट व अकासा एयर के विमानों के पंख आपस में टकराए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब टैक्सीइंग के दौरान स्पाइसजेट का एक विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। इस घटना में दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा, हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्री और क्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट का बी737-700 विमान रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी उसका दाहिना विंगलेट दूसरे विमान से टकरा गया। इस टक्कर से दूसरे विमान के लेफ्ट हैंड हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को भी नुकसान हुआ। फिलहाल तकनीकी जांच जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। 16 अप्रैल 2026 को दिल्ली से हैदराबाद जा रही अकासा एयर की उड़ान आईक्यूपी 1406 को तकनीकी और परिचालन कारणों से वापस बे पर लौटना पड़ा।

### दिल्ली में जनगणना की शुरूआत, मकान गणना शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जनगणना 2027 के लिए घरों की गिनती गुरुवार से शुरू हो गई। यह अभियान दो महीने तक जारी रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के पहले चरण को 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' (हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस) के रूप में जाना जाता है, जिसे 30-30 दिनों के दो अलग-अलग चक्रों में पूरा किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड (डीसीबी) क्षेत्रों में यह अभियान 16 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा।

### 16 सदस्यों ने राज्यसभा में सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन समेत 16 नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। संसद के मौजूदा बजट सत्र में तीन दिन की विशेष बैठक के पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

# बंगाल SIR: ट्रिब्यूनल से राहत पाने वाले डाल सकेंगे वोट

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, मतदान से दो दिन पहले भी मिली क्लीनचिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव से ठीक पहले तक अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले लोगों को मतदान का अधिकार दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव से दो दिन पहले तक मंजूर किए जाएंगे, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति होगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि 21 अप्रैल या 27 अप्रैल 2026 तक अपीलीय आदेशों को लागू करते हुए एक पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि योग्य नागरिकों को मतदान से वंचित न होना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की अपील लंबित है, उन्हें केवल इसी आधार पर मतदान का अधिकार वापस नहीं दिया जाएगा। यानी अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई यह पूरी जांच प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण रही है, जिसे कम समय में पूरा करना एक वास्तविक रूप से कठिन कार्य था। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि अपीलीय स्तर पर आपत्तियों के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को दोबारा खोलने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया बाधित न हो। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुनः प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए।

### चुनाव के दौरान बंगाल के अफसरों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें चुनाव की घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच वह चुनाव आयोग के इन फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।



■ सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुनः प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए: ममता बनर्जी

### नागरिकों को वोट के लिए मजबूर नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनिवार्य मतदान लागू करने के निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि जो लोग मतदान करने से इन्कार करते हैं, उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित कर देना चाहिए और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। न्यायालय ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि चुनावों में भागीदारी को दमनकारी या बाध्यकारी उपायों से लागू नहीं कर सकते। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि लोकतंत्र में नागरिकों से मताधिकार प्रयोग करने की अपेक्षा होती है, लेकिन राज्य किसी व्यक्ति को वोट देने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी को राहत से इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अनिल अंबानी की उस याचिका पर राहत देने से इन्कार कर दिया है, जिसमें उन्होंने बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें बैंकों को उनके ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की अनुमति दी गई थी।

यह मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस फैसले से संबंधित है, जिसमें दो बैंकों को अनिल अंबानी के लोन खाते को धोखाधड़ी वाला खाता घोषित करने की अनुमति दी गई थी। अदालत ने दिसम्बर 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें अनिल अंबानी को अंतरिम राहत दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने टिप्पणी की कि बॉम्बे उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच का आदेश उस मुकदमे पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा, जिसका फैसला होना बाकी है और उच्च न्यायालय से मामले का शीघ्र निपटारा करने का अनुरोध किया। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एकल पीठ के आदेश के अनुसार डिवीजन बेंच का आदेश लंबित मुकदमे के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगा।

# संविधान में संशोधनों पर पीएम की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ इस अवसर को जाने न दें, इस मंथन से अमृत निकलेगा, जो विरोध करेंगे उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी: मोदी

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र के दौरान गुरुवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'महिला आरक्षण विधेयक' यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम खुशकिस्मत हैं कि हम इस पल के साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि इस मंथन से अमृत निकलेगा और यह मंथन देश की दिशा और दशा तय करेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश के लिए महत्वपूर्ण दिन है। यह 20-25 वर्ष पहले हो जाना चाहिए था, समय-समय पर इसमें सुधार होते रहते। सदन के सभी साथियों को यह अवसर मिला है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि राष्ट्र के जीवन में कुछ बड़े पल आते हैं, उस समय समाज की मनोस्थिति एक मजबूत धरोहर तैयार कर देती है। मैं समझता हूं कि संसद के इतिहास में ये वैसे ही पल हैं। जरूरत महसूस हुई होती तब इसे लागू कर देते और आज तक इसे परिपक्वता तक पहुंचा देते। हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहे हैं। हमारी हजार वर्ष की विकास यात्रा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक जीवन में जो लोग सफलतापूर्वक आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें यह मानकर चलना पड़ेगा कि पिछले 25 से 30 वर्ष में ग्रासरूट लेवल यानी जमीनी स्तर पर महिलाएं लीडर बन चुकी हैं।

### महिला आरक्षण की बात सबसे पहले कांग्रेस ने की, तब भाजपा ने विरोध किया था: प्रियंका

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण को लेकर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सबसे पहले महिला आरक्षण की बात कांग्रेस ने की थी। उन्होंने कहा कि कराची अधिवेशन में इस पर प्रस्ताव पास किया था। उन्होंने कहा कि उस वक्त राजीव गांधी ने ये प्रस्ताव पास किया था और उस समय बीजेपी ने इसका विरोध किया था। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस पर चर्चा की, लेकिन ये नहीं बताया कि उस समय इसका विरोध किसने किया था। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महिला आरक्षण 2029 तक लागू होना चाहिए। हम सहमत हैं। इसे लागू करने के लिए सीटों की संख्या 50 फीसदी बढ़ानी पड़ेगी और 850 कर दी जाएगी। इसके लिए परिसीमन आयोग बनाया जाएगा, जो सीटों को बढ़ाने के लिए काम करेगा।



वाराणसी: हीटवेव के बीच अपने चेहरों को कपड़े से ढककर जातीं महिलाएं।

# टाइम-100 सूची में सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर व विकास खन्ना शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने 2026 की टाइम 100 सूची जारी की, जिसमें भारत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया।

इस साल सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर और शेफ विकास खन्ना को वैश्विक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया। हर साल जारी होने वाली यह सूची मनोरंजन, तकनीक, वित्त, खेल, एक्टिवज्म और अकादमिक क्षेत्रों के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची होती है। टाइम मैगजीन की टाइम 100 सूची में पहले शाहरुख खान, सचिन तेंदुलकर, नरेंद्र मोदी, दीपिका पादुकोण और महात्मा गांधी भी शामिल हो चुके हैं। मशहूर शेफ विकास खन्ना ने इसे गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि 2026 की टाइम 100 सूची में शामिल होना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। खन्ना ने इस सम्मान का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी दादी, मां और बहन के त्याग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। टाइम 100 2026 की इस सूची में राल्फ लॉरेन, केट हडसन, ईथन हॉक, मार्क केली और हिलारी नाइट जैसे वैश्विक दिग्गजों को उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए शामिल किया गया है। टाइम मैगजीन की 2025 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी में किसी भी भारतीय को शामिल नहीं किया गया था। तब 21 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था, जब लिस्ट में कोई भारतीय नहीं था। रणबीर कपूर समय के साथ, भारत के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक बनकर उभरे हैं। अपनी कलात्मक सोच, बड़े पर्दे पर अपनी धाक और 'रामायणम' और 'लव एंड वॉर' जैसी महागाथाओं के साथ, वह भारतीय सिनेमा को एक ग्लोबल स्टेज पर ले जा रहे हैं।



■ दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में पीएम मोदी, शाहरुख खान और सचिन तेंदुलकर भी रह चुके हैं शामिल

# राजस्थान-एमपी में पारा 42 डिग्री के पार

■ यूपी में 44 डिग्री पारा के साथ बांदा सबसे गर्म

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पिछले दो दिन से पारा 40 डिग्री सेल्सियस से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

राजस्थान के बाड़मेर में 42.8 डिग्री सेल्सियस, मध्य प्रदेश के नौगांव में 42 डिग्री सेल्सियस, उत्तर प्रदेश के बांदा में 44 डिग्री सेल्सियस, महाराष्ट्र के अकोला में 44.2 डिग्री सेल्सियस, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 43डिग्री सेल्सियस और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गर्मी के चलते मध्य प्रदेश के बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में स्कूलों का समय बदल दिया गया है। महाराष्ट्र के वर्धा में गुरुवार को सभी स्कूल बंद रखने के निर्देश हैं। छत्तीसगढ़ में 20 अप्रैल के बाद स्कूल बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा ने आशा व तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने महान पार्श्व गायिका आशा भोंसले तथा सदन के तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होती ही सदस्यों को बताया कि सदन के पूर्व सदस्य अब्बू हासिम खान चौधरी पश्चिम बंगाल के मालदा से चार बार लोकसभा सदस्य रहे। उनका निधन 85 वर्ष की आयु में आठ अप्रैल को हुआ। श्रीमती मो. हसीना किदवाई का 94 वर्ष की आयु में निधन हुआ। वह केंद्रीय मंत्री भी रही। श्री हरि नारायण राजभर सदन के सदस्य रहे हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपनी सेवाएं दी। सदन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। बिरला ने महान गायिका आशा भोंसले के निधन की सूचना भी सदन को दी और सदन में उनके निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया।

### राज्यसभा के उपसभापति पैनल का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति पैनल का पुनर्गठन किया गया है जिसमें कुल छह सदस्यों को शामिल किया गया है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को सदन की बैठक के दौरान सदन के पटल पर जरूरी कागजात रखवाने के बाद इसकी घोषणा की। नया पैनल 15 अप्रैल से प्रभावी हो गया है। इसमें भाजपा के तीन और दूसरे दलों के तीन सदस्यों को जगह दी गई है। उपसभापति के पैनल में में उत्तर प्रदेश से भाजपा के दिनेश शर्मा, नागालैंड से भाजपा की एस-फान्गनॉन कोन्याक, तमिलनाडु से अन्नाद्रमुक सदस्य एम. तंबी दुरै, ओडिशा से बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की फूलो देवी नेताम और राजस्थान से भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी को शामिल किया गया है।

### हिंसा और अराजकता को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए

# नोएडा प्रकरण: 66 गिरफ्तारियों में 45 गैर-श्रमिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ महज श्रमिक असंतोष का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था आंदोलन

**लखनऊ/नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में हालिया श्रमिक आंदोलन के दौरान फैली हिंसा और अराजकता को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह महज श्रमिक असंतोष का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसमें बाहरी तत्वों की सक्रिय भूमिका रही।

सूत्रों के अनुसार अब तक हुई 66 गिरफ्तारियों में से 45 लोग ऐसे पाए गए हैं, जो वास्तविक श्रमिक नहीं हैं। आगजनी की घटनाओं में चिन्हित 17 लोगों में से 11 को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 8 गैर-श्रमिक हैं। वहीं भड़काने के आरोप में चिन्हित 32 में से 19 को हिरासत में लिया गया है। इसके अतिरिक्त 34 ऐसे लोगों को भी पकड़ा गया है, जो श्रमिक न होते हुए भी प्रदर्शन में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। जांच एजेंसियों के मुताबिक, साजिश रचने के आरोप में 4 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, जिनके कुछ संगठित नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। मामले में कुछ संदिग्ध सोशल मीडिया हैंडल्स और बाहरी राज्यों से आए लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। सूत्रों का दावा है कि नोएडा के औद्योगिक ढांचे को प्रभावित करने के लिए व्यापक स्तर पर योजना बनाई गई थी। हिंसा के दौरान आगजनी, पथराव और उकसावे की घटनाओं में शामिल कई लोग स्थानीय श्रमिक नहीं थे, बल्कि बाहर से आए तत्व थे, जिनका उद्देश्य औद्योगिक माहौल को अस्थिर करना था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने तत्काल सख्त कदम उठाए। पुलिस और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से कुछ ही घंटों में हालात पर काबू पा लिया गया। इसके साथ ही श्रमिकों के हित में वेतन वृद्धि की घोषणा के बाद मजदूरों और उद्योग प्रबंधन के बीच समन्वय स्थापित हुआ, जिससे औद्योगिक गतिविधियां तेजी से सामान्य हो गईं। वर्तमान में नोएडा के अधिकांश औद्योगिक क्षेत्रों में कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### संयम बरता, सिर्फ हिंसा करने वालों पर कार्रवाई: नोएडा पुलिस

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में हाल ही में हुए श्रमिक असंतोष के दौरान पुलिस की भूमिका को लेकर कुछ संगठनों द्वारा भ्रामक तथ्य प्रसारित किए जाने के बीच नोएडा पुलिस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए अपना पक्ष सामने रखा है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम में उसकी भूमिका निष्पक्ष, संयमित और संवाद आधारित रही है। पुलिस ने गुरुवार को विज्ञप्ति साझा करते हुए जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश सरकार इस मामले में शुरू से ही श्रमिकों के हितों के प्रति संवेदनशील रही है। सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन में अंतरिम वृद्धि और मामले की गहन जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# माफिया राज खत्म कर डबल इंजन सरकार लाएगी बदलाव

**बाराबनी (पश्चिम बंगाल)।**



■ यूपी के सीएम ने पश्चिम बंगाल में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के बाराबनी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के कार्यकर्ता भाजपा समर्थकों को परेशान कर रहे हैं और लोकतांत्रिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

योगी ने कहा कि बंगाल की जनता को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भाजपा यहां से टीएमसी का 'सूपड़ा साफ' करेगी। उन्होंने बंगाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि सदियों से देश को प्रेरणा देती रही है। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर का जिक्र करते हुए कहा कि इसी धरती ने देश को 'जन गण मन' जैसा राष्ट्रगान दिया। साथ ही 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरणास्रोत बताया। अपने संबोधन में योगी ने स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस और अरविदो घोष जैसे महान विभूतियों को याद करते हुए कहा कि बंगाल ने देश को राष्ट्रवाद और बलिदान की प्रेरणा दी है। उन्होंने श्याम प्रसाद मुखर्जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके 'एक देश, एक विधान' के सपने को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया है। योगी ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद अब वहां भी वही कानून लागू है, जो देश के अन्य राज्यों में है। टीएमसी सरकार पर हमला बोलते हुए योगी ने आरोप लगाया कि राज्य में 'टेरर, माफिया राज और कट मनी भ्रष्टाचार' का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि सैंड माफिया, कोल माफिया और लैंड माफिया को खत्म करने का संकल्प भाजपा सरकार ले चुकी है।

# शिक्षा चयन आयोग हुआ सख्त, परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। आयोग ने आगामी परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने का निर्णय लिया है।

आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी के लिए मुख्यालय में अत्याधुनिक एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां से प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम में दो दर्जन से अधिक हाई- क्वालिटी स्क्रीन और एआई कैमरों के जरिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आयोग आधुनिक तकनीक का उपयोग कर परीक्षा प्रणाली को मजबूत बना रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को तुरंत पकड़ा जा सके। नकल, पेपर लीक या अन्य गड़बड़ियों में शामिल पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा पूरी ईमानदारी और नियमों के तहत दें। साथ ही, किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना से दूर रहें। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को ही उनका अधिकार मिल सके।

# परिसीमन पर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने सत्तारुढ़ दल पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन कर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, हम महिला आरक्षण का पूरा समर्थन करेंगे। भाजपा हर बात में राजनीति करती है। यह महिला आरक्षण लाने का यह विधेयक नहीं है बल्कि पीछे के दरवाजे से परिसीमन करने का है। महिला आरक्षण को सुरक्षा कवच बनाकर राजनीतिक मंशा पूरा कर रही है। गोगोई ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के पक्ष में नहीं हैं इसलिए इसे विलंब से लेकर आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दवाब में जनगणना के साथ जाति जनगणना करने की बात मानी है। जाति जनगणना को लेकर सरकार ने कांग्रेस के ऊपर तरह तरह के आरोप लगाया था।

उन्होंने कहा कि इन सबके बावजूद सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। वह महिला आरक्षण के माध्यम से विधेयक को जटिल बनाया जा रहा है। महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को बुल्डोज करने का काम कर ही है। सरकार ने संविधान को कमजोर कर खुद को ताकतवर कर रही है। सरकार अपने आप कैसे तय कर सकती है कि सदन की संख्या कितनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि परिसीमन की मंशा यह थी कि लोगों को सुचारू रूप से करने के लिए किया गया था। सरकार परिसीमन को हथियार बना रही है। उन्होंने कहा कि देश के दो राज्यों में परिसीमन किया गया, जिसमें एक जगह 2011 की जनगणना का इस्तेमाल किया गया, जबकि दूसरी जगह 2001 की जनगणना का प्रयोग किया गया। इससे साबित होता है कि सरकार में बैठे लोग राजनीतिक लाभ के लिए अपने हिंसाब से परिसीमन कर रही है। असम में ऐसा परिसीमन हुआ है कि एक पंचायत के लोग तीन विधानसभा में मतदाता है।

### बच्चों के इलाज में नहीं आने देंगे बाधा

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बच्चों के इलाज में कोई बाधा नहीं आने देगी। योगी ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। जनता दर्शन में श्रावस्ती से आई एक महिला ने गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के इलाज में मदद का अनुरोध किया। साथ में आए बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने महिला से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने कहा कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे और विवेकाधीन कोष से भी बच्चे के इलाज में आर्थिक सहायता देंगे। महिला का प्रार्थना पत्र लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को इस निर्देश के साथ थमाया कि इसे श्रावस्ती के जिलाधिकारी को भेजकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए और साथ ही डीएम के जरिए इलाज का इस्टीमेट भी शासन को उपलब्ध कराया जाए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 77988.68
निफ्टी 24196.25



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# दिग्गज कंपनियों के शेयरों में मुनाफा वसूली, प्रमुख सूचकांक टूटे

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती तेजी के बाद दिग्गज कंपनियों में ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली देखी गई और प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए। सुबह 566 अंक चढ़कर खुलने वाला बीएसई का सेंसेक्स 122.56 अंक (0.16 प्रतिशत) गिरकर 77,988.68 अंक पर रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत नीचे 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज एक हजार अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 78,730.32 अंक और नीचे 77,674.93 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजार में सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। मझौली और छोटी कंपनियों में अच्छी लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत ऊपर रहे। धातु, आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में अच्छी तेजी थी। वहीं, ऑटो, बैंकिंग, वित्त और तेल एवं गैस समूहों ने बाजार पर दबाव बनाया। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का शेयर पौने दो प्रतिशत और टाइटन का डेढ़ फीसदी टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में करीब एक प्रतिशत की गिरावट रही। भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और इंडिगो के शेयर भी फिसल गए। ट्रेंट का शेयर तीन प्रतिशत और इटरनल का ढाई प्रतिशत ऊपर रहा। अडानी पोर्ट्स भी सवा दो प्रतिशत चढ़ा। बीईएल, इंफोसिस और एलएंडटी के शेयर एक प्रतिशत से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। टाटा स्टील, टीसीएस, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे।

### दिल्ली के चार आईटीआई में नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित होगी: रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि राजधानी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से चार आईटीआई में नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित की जाएंगी। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि आईटीआई जहांगीर पुरी में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगी। लैब में पीएलसी किट, वीएफडी ट्रेनर, ट्रांसफॉर्मर ट्रेनर, मोटर कंट्रोल पैनल, रिले एवं प्रोटेक्शन सिस्टम, सोलर पीवी ट्रेनिंग किट और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे।

# चावल, गेहूं, चीनी और दालों के भाव बढ़े, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को लगभग सभी चीजों में तेजी रही। चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 45 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटे की कीमत भी तीन रुपये ऊपर रही। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 62 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। तुअर दाल 41 रुपये और मसूर दाल 40 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 33 रुपये और मूंग दाल 32 रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट टूटकर 4,495 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.86 प्रतिशत की बढ़त में 68.18 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। सूरजमुखी तेल औसतन 88 रुपये और वनस्पति 122 रुपये प्रति क्विटंल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 66 रुपये और मूंगफली तेल की 58 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल भी 17 रुपये मजबूत हुआ। वहीं सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विटंल की मंदी देखी गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 39 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गया। चीनी आठ रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# महिला आरक्षण में रोड़ा अटकाना चाहता है विपक्ष: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण में रोड़ा अटकाने के लिए बहाने तलाश रहा है और इसे परिसीमन से जोड़कर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है।

भाजपा के तेजस्वी सूर्या ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह विधेयक ऐतिहासिक है। इससे पहले करीब छह बार यह विधेयक सदन में आया और इसे जानबूझकर पारित नहीं किया गया। समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने तो इस विधेयक को फाड़कर विधेयक को अटकाने का काम किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से ही नारी वंदन अधिनियम को सदन में पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष परिसीमन के बहाने महिला आध्क्षण विधेयक का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष परिसीमन के बहाने महिला आरक्षण विधेयक को रोकना चाहती है। विपक्ष दक्षिण भारत के लोगों को इस विधेयक के माध्यम से गुमराह कर रही है। इस परिसीमन के माध्यम से छोटे राज्यों को फायदा होगा। उन्होंने विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि परिसीमन का क्रियाकलाप पिछले दरवाजे से नहीं बल्कि संविधान के तहत किया जा रहा है। सरकार ने शासन व्यवस्था अच्छी और लोगों की पहुंच निर्वाचित प्रतिनिधि तक आसान बनाने के लिए परिसीमन किया जा रहा है। विपक्ष का आरोप बेबुनियाद है। मोदी सरकार संवैधानिक दायित्वों को निर्वाहन कर रही है। मोदी सरकार टालने की नीति में विश्वास नहीं करती है, बल्कि समस्याओं का समाधान करती है।

# संविधान संशोधन विधेयक के सहारे सत्ता की राजनीति कर रही है भाजपा: अखिलेश

**नई दिल्ली, वार्ता**



समाजवाद पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए संविधान में 131वें संशोधन के जरिए वह महिला आरक्षण विधेयक के सहारे परिसीमन संबंधी विधेयक को पारित करवाना चाहती है। श्री यादव ने गुरुवार को लोकसभा में 'संविधान 131 वां संशोधन विधेयक 2026' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि मोदी सरकार आरक्षण विरोधी है, इसलिए वह एसआईआर के जरिए घपले करवा कर सत्ता में बना रहना चाहती है।

एसआईआर के माध्यम से वोट काटे जा रहे हैं और जब पकड़े जा रहे हैं, तो फिर नई तरकीब लगा कर वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एसआईआर के जरिए लोगों के वोट कटवा रही है और ऐसा कर भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट बैंक सुरक्षित करने की राजनीति कर रही है। उनका यह भी कहना था कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर के जरिए वोट काटे गए और जब पकड़े गए, तो फॉर्म 7 लेकर उसमें नकली दस्तखत करवाए गए लेकिन इसमें भी पकड़े गए, तो फॉर्म 7 का इस्तेमाल ही बंद करवा दिया गया। अब भाजपा सरकार महिला आरक्षण विधेयक के जरिए महिलाओं के वोट पाकर सत्ता में बना रहना चाहती है और अपने खोए वोट को वापस पाना चाहती है, लेकिन उसे मालूम होना चाहिए कि देश की महिलाएं महंगाई से त्रस्त हैं और अब एलपीजी सिलेंडर ने उनकी नाराजगी और बघ दी है इसलिए महिलाओं को रिझाकर उनका वोट हासिल करने का उनका षड्यंत्र भी बेकार हो गया है। सपा नेता ने कहा कि अगर भाजपा सरकार महिलाओं के प्रति संवेदनशील है, तो उसे मेरठ और नोएडा की आंदोलन कर रही महिलाओं की समस्याओं की समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए और इस तरह का संकट महिलाओं के सामने फिर ना आए विधेयक में इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। उनका कहना था कि मोदी सरकार महिला आरक्षण के सहारे रणनीतिक तरीके से राजनीतिक लाभ पाने के लिए परिसीमन के वास्ते संविधान संशोधन विधएक लेकर आई है। सपा नेता ने कहा कि पहले जाति के आधार पर जनगणना आवश्यक है यदि जनगणना होती है, तो उसके आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की जा सकती है लेकिन सरकार आरक्षण नहीं देना चाहती, इसलिए वह जनगणना जाति के आधार पर नहीं करना चाहती है। वह अल्पसंख्यकों और खासकर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहती है। यदि जनगणना जाति के आधार पर होती है, तो पिछड़े वर्ग तथा अल्पसंख्यक महिलाओं को इसका वाजिब लाभ मिल सकता है। यादव ने कहा कि यदि सरकार जनगणना जाति के आधार पर नहीं करती है, तो फिर महिला आरक्षण विधेयक धोखा है।

# प्रवक्ता भर्ती प्रारंभिक परीक्षा टली, अब सात जून को होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता भर्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह परीक्षा 3 मई को प्रस्तावित थी, जिसे अब सात जून को आयोजित किया जाएगा।

परीक्षा तिथि में यह बदलाव राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा नीट-यूजी और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की जूनियर इंजीनियर (सिविल) मुख्य परीक्षा के साथ तिथि टकराव के चलते किया गया है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों की उपलब्धता भी एक प्रमुख कारण रही। कार्यवाहक सचिव गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा 13 अप्रैल को जारी पत्र में सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा केंद्रों से समय से सहमति प्राप्त करें। परीक्षा के आयोजन के लिए सरकारी विद्यालय, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों के साथ सहायता प्राप्त संस्थानों का उपयोग किया जाएगा। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि बिना सहायता प्राप्त निजी संस्थानों, ब्लैकलिस्टेड या अपर्याप्त संसाधनों वाले केंद्रों को परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी परीक्षा केंद्र प्रमुख परिवहन सुविधाओं से 10 किलोमीटर के दायरे में हों, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची स्थानीय खुफिया इकाई और विशेष कार्यबल की रिपोर्ट के आधार पर तैयार की जाएगी।

## सीएम धामी ने ग्राउंड जीरो पर जाकर लिया यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा

# ग्रीन और प्लास्टिक मुक्त होगी केदारनाथ यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की आगामी 22 अप्रैल से शुरू होने वाली यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह सक्रिय हो गई है। यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जनपद रुद्रप्रयाग पहुंचे और ग्राउंड जीरो पर यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग-107 पर रुद्रप्रयाग से गुप्तकाशी तक सड़क मार्ग से यात्रा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जवाड़ी बाईपास, निर्माणाधीन सुरंग, तिलवाड़ा में हटाए गए अतिक्रमण, बांसवाड़ा और कुंड-काकड़ागाड़ जैसे भूस्खलन संभावित संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क के पेचवर्क, झाड़ी कटान, साइनेज, क्रैश बैरियर, सुरक्षा उपायों एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व हर हाल में पूर्ण किए जाएं।

इसके उपरांत गुप्तकाशी में आयोजित समीक्षा बैठक में



■ जवाड़ी बाईपास, निर्माणाधीन सुरंग, तिलवाड़ा में हटाए गए अतिक्रमण ■ बांसबाड़ा और कुंड-काकड़ागाड़ जैसे भूस्खलन संभावित संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य एवं संवे. दनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए। साथ ही हेलीपैड पर यात्री शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के समीप पुलिस चौकियों में दवाइयां, पेयजल एवं फूड पैकेट उपलब्ध रखने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके।

गैस आपूर्ति के संबंध में उन्होंने बताया कि वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद केंद्र सरकार से अतिरिक्त गैस आपूर्ति की मांग की गई है, जिससे यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को यात्रा से जोड़ते हुए "वोकल फॉर लोकल" के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने पैदल मार्गों पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समीक्षा की, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग ओंकार पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के इस दौरे से स्पष्ट है कि केदारनाथ यात्रा 2026 को लेकर सरकार पूरी तरह सजग है और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने हेतु तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### "ग्रीन यात्रा" को दें प्राथमिकता: धामी

मुख्यमंत्री ने इस बार यात्रा को पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त बनाने पर विशेष जोर देते हुए "ग्रीन यात्रा" को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रामक खबरें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और यात्रा से जुड़े सभी हितधारकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।

# मुख्य सचिव ने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पंतनगर।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरूवार को जनपद भ्रमण के दौरान पंतनगर एयरपोर्ट का निरीक्षण किया व एयरपोर्ट विस्तारीकरण प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान डीजीएम सिविल अनूप गुप्ता ने बताया कि पंतनगर हवाई अड्डा अन्तराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाया जा रहा है। जिसे 380 करोड़ की लागत से पंतनगर हवाई अड्डा विस्तारीकरण कार्य किये जा रहे है। उन्होने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए 524.70 एकड़ भूमि एयरपोर्ट प्राधिकरण के नाम आवंटित हो गयी है। साथ ही टीडीसी, पंतनगर विश्वविद्यालय, सैनिक फर्म आदि की जो भी भूमि एयरपोर्ट को आंवटित की गयी है उसमे भवनों का ध्वस्तीकरण व पेड़ों का कटान कार्य कर दिया गया है। गुप्ता ने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्यो में चाहर दीवारी निर्माण कार्य प्रगति पर है, आमागी माह जून तक पूर्ण कर लिया जायेगा। अन्तराष्ट्रीय मानकों के अनुसार 03 हजार मीटर का रनवे बनाया जायेगा तथा नया टर्मिनल के साथ ही हैंगर, आइएलएस सुविधा, कार्गो बनाया जायेगा व नाईट लैडिंग सुविधा भी होगी। उन्होने बताया कि वर्तमान एयरपोर्ट में भी यात्रियों की सुविधा देने के लिए एटीम, कार पार्किंग, टैक्सी रिटेल काउंटर, वाईफाई सुविधा कार्य किये जायेगें साथ ही यात्रियों के लिए हैल्पडैक्स व प्राथमिक चिकित्सा व एम्बुलेंस सुविधा भी रखी गयी है। एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्यो का ईन्वायरमेंट क्लीयरेन्स के लिए अप्लाई किया गया है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट से लगी भूमि पर गेस्टहाउस भी प्रस्तावित किया गया है साथ ही उन्होने बताया एयरपोर्ट से लगी भूमि आर्मी को भी आवंटित की गयी है। इस दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत, कुलपति जीबी पंतनगर विवि डॉ मनमोहन सिंह चौहान, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, डीएफओ यूसी तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट पवन कुमार, डीजीएम पूरन सिंह, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम नरेन्द्र नवानी, पीडी एनएचएआई अंचल जिंदल आदि मौजूद थे।



■ 380 करोड़ की लागत से हो रहा पंतनगर हवाई अड्डा विस्तारीकरण ■ 524.70 एकड़ भूमि एयरपोर्ट प्राधिकरण के नाम आवंटित

### सीएस ने हवाई सेवाओं की ली जानकारियां

मुख्य सचिव ने पंतनगर एयरपोर्ट से संचालित हवाई सेवाओं की विस्तृत जानकारियां ली। उन्होने सभी अधिकारियों को एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्यो को आपसी समन्वय से कराने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने पीपीटी के माध्यम से जनपद के विकास कार्यो की जानकारी दी। इसके बाद मुख्य सचिव ने वर्ल्ड ऑन व्हील्स डिजिटल लर्निंग लैब एजुकेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 03 माह कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों के साथ संवाद किया व प्रमाण पत्र दिये।

# सेना का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो जवान घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है. जहां गोपेश्वर-चोपता मोटर मार्ग पर सेना का एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा. इस हादसे में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें गोपेश्वर जिला अस्पताल ले जाया गया. जिसके बाद एक की गंभीर हालत को देखते हुए सेना के हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को गोपेश्वर-चोपता मोटर मार्ग सेना का वाहन अचानक नियंत्रित हो गया. जिससे वाहन करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। इसी बीच स्थानीय युवक प्रदीप रमोला, राहुल और अजय पंवार ने साहस एवं तत्परता का परिचय देते हुए राहत कार्य शुरू किया। उन्होंने दोनों घायल जवानों को खाई से बाहर निकालकर अपनी निजी वाहन से जिला अस्पताल गोपेश्वर पहुंचाया, जिससे समय रहते उन्हें उपचार मिल सका। जिसमें दो जवान जांबाज सिंह और धवन सिंह गंभीर घायल हैं. अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि जांबाज सिंह के सिर में हल्की चोट आई हैं. जबकि, धवन सिंह के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। वो बेहोशी की हालत में है। हादसे में घायल जवानों के नाम जांबाज सिंह पुत्र जय भगवान सिंह निवासी-भिवानी, हरियाणा व धवन सिंह बताए जा रहे हैं। वहीं, स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने धवन सिंह को तत्काल हायर सेंटर रेफर कर दिया। सेना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल जवान को एयरलिफ्ट कर उच्च चिकित्सा केंद्र भेज दिया है. बताया जा रहा है कि धवन सिंह अग्निवीर के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं. दोनों जवान सिग्नल कंपनी, ज्योतिर्मठ में तैनात हैं।



■ एक को एयरलिफ्ट कर भेजा गया हायर सेंटर

# बड़ी संख्या में सीमांत क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने भाजपा ज्वाइन की

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सीमांत क्षेत्र से आए पूर्व सैनिकों ने गुरुवार को भाजपा सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर सभी ने एक स्वर में स्वीकारा कि सैनिक के नाते वे हमेशा से राष्ट्रवादी विचारों के साथ रहे हैं और नई भूमिका में अब औपचारिक रूप से पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं।

भाजपा मुख्यालय में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल और दीप्ति रावत ने धारचूला विधानसभा से आए सभी पूर्व सैनिकों को पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान अपने सम्बोधन में श्री बंसल ने सभी के सम्मान की जिम्मेदारी लेते हुए, राष्ट्रनिर्माण में पार्टी संग जुटने का आह्वाहन किया। वहीं जिक्र किया कि जब जॉइनिंग की ये बात सामने आई, तो हमे लगा कि सैनिक तो हमेशा भाजपा के रहे हैं। उन्होंने वैचारिक एवं मतदाता ने नाते प्रत्येक मौके पर पार्टी का साथ दिया है। लेकिन अब सेना में अपनी सेवा पूरी करने के बाद आप भाजपा के साथ राष्ट्र निर्माण में सहभागी करना चाहते हैं, तो इससे बेहतर खुशी की बात हमारे लिए नही हो सकती है। वहीं प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने कहा कि, आपने सेना में रहकर देश की सेवा की है, अब भाजपा में आकर काम करना भी देश सेवा का नया स्वरूप है। क्योंकि भाजपा ही वह पार्टी है जिसके लिए राष्ट्रभक्ति ही सर्वोपरि है। इसलिए में विश्वासपूर्वक कह सकती हूं कि आप सही जगह आए हैं। पार्टी आपकी कार्यशैली पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को बेहतर करने में उपयोग करेगी।इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, सरकार में दायित्वधारी गणेश भंडारी, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक हिमांशु संगथानी, जिला महामंत्री इंदर लूंठी, आशीष गिरी भी उपस्थित रहे।



■ प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल और दीप्ति रावत ने धारचूला विधानसभा से आए सभी पूर्व सैनिकों को पटका पहनाकर पार्टी में किया स्वागत

### इन्होंने ली भाजपा की सदस्यता

स्वामी 1008 वीरेंद्रानंद महाराज की प्रेरणा से भाजपा में शामिल होने वाले धारचूला से आए पूर्व सैनिकों में कैप्टन भूपाल सिंह रावल, अध्यक्ष गौरव सेनानी संगठन, सू० मेजर, दीवान सिरवाल, सूवेदार पुष्कर वम, सूबेदार धन सिंह, नायब सूबेदार नारायण सिंह, हवलदार, किशन सिंह रावत, नयन सिंह रौतेला, सम्भू, भूपेन्द सिंह, जगत धामी, कैलाश निह, चन्द्र सिंह, सिपाही किशन सिंह, सडक सिंह, गणेश सिंह, नायक, प्रेम बल्भ भट्ट, हवल्दार भूवन चन्द, विनोद सिंह, ह्यात सिह, गजेन्द्र सिंह, रोहित सिंह दोपटी, प्रकाश रावत, पंकज रावत, हवलवार भुवन चंद, कमान सिंह, हरीश मेहता, गोविन्दध सिंह, नरेन्द्र सिंह, महेश सिह, उमेद सिंह,डिगर सिंह बोहरा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे आईजी लॉ एंड ऑर्डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऋषिकेश।** चारधाम यात्रा में ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र में सुरक्षा व



ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गुरूवार को आईजी लॉ एंड ऑर्डर सुनील कुमार मीणा पहुंचे। उन्होंने चारधाम ट्राजिट केंद्र में टिहरी और दून पुलिस के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। यात्राकाल में मुख्यतौर पर ट्रैफिक को सुचारू रखने के लिए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ऋषिकेश, मुनिकीरेती और लक्ष्मणझूला थानों की पुलिस को समन्वय के साथ व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने के लिए भी कहा। भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक प्लान बनाने को निर्देशित किया। वहीं, आईजी ने नगर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोल रूप का भी जायजा लिया। एसएसपी टिहरी श्वेता चौबे, एसपी ऋषिकेश जया बलोनी, सीओ नीरज सेमवाल, सीओ नरेंद्रनगर सुरेंद्र सिंह भंडारी, कोतवाल कैलास चंद्र भट्ट, मुनिकीरेती थानाध्यक्ष प्रदीप चौहान, लक्ष्मणझूला एसएसआई प्रकाश पोखरियाल आदि मौजूद रहे।

# सीमावर्ती ग्रामीण और सेना एक दूसरे के पूरक : जनरल चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** भारतीय सैन के चीफ ऑफ डिफेंस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सीमांत गांव के लोग और सेना एक दूसरे के पूरक होते हैं। बॉर्डर पर स्थानीय लोग सेना की मदद करते हैं, इसलिए सेना का भी कर्तव्य है कि वह सीमांत गांव के विकास में अपना सहयोग करें।

वीरवार को भारत -चीन सीमा से सटे हर्षिल पहुंचे भारतीय सैना के रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने कहीं । इस दौरान जनरल अनिल चौहान चीफ ऑफ डिफेंस ने हर्षिल सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि यह केंद्र एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में परिकल्पित है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना, गढ़वाल क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित करना तथा पर्यटन को बढ़ावा देना है।

उन्होंने वाइब्रेंट विलेजे के निवासियों से भी संवाद किया और राष्ट्र निर्माण एवं सीमावर्ती क्षेत्र के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की। रक्षा प्रमुख ने कहा कि हर्षिल सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र से लोगों को रोजगार के साथ ही देश दुनिया के लोग हर्षिल घाटी के इतिहास, पर्यटक स्थलों और प्रकृति और जीवनशैली के बारे में जान पाएंगे।

इस दौरान उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के साथ अपने संवाद के दौरान, उन्होंने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और अत्यधिक मौसम के बावजूद उनकी पेशेवर क्षमता, समर्पण तथा उच्च स्तर की ऑपरेशनल तत्परता की प्रशंसा की।

इससे पूर्व जिलाधिकारी प्रशांत आर्य समेत सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों ने स्वागत किया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने बगोरी गांव का भी दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और सीमावर्ती गांव की जीवंतता को सुदृढ़ करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की।

इस मौके पर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, , पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय, प्रभागीय वनाधिकारी डीपी बलूनी, पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार, उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, शालिनी नेगी, जिला पर्यटन अधिकारी कमल किशोर जोशी, सुचिता रौतेला ग्राम प्रधान हर्षिल,पूर्व प्रधान भगवान सिंह राणा, नंदन सिंह रावत, शशीबाल बुटोला, पूर्व प्रधान दिनेश रावत, जगदम्बा, जयवीर नेगी, जयशीला बुटोला , विश्वनाथ पूर्व सैनिक संगठन वंदेमातरम के राजेश सेमवाल आदि मौजूद रहे है।



■ हर्षिल में सांस्कृतिक विरासत केंद्र की सीडीएस ने रखी आधारशिला

# गढ़वाल 45 व कुमायूं सम्भाग में 123 क्रय केन्द्र संचालित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ रबी विपणन सत्र 2026-27 में गेहूं खरीद के लिए लक्ष्य वृद्धि के संबंध में कृषकों से की अपील

**देहरादून।** आयुक्त/सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, उत्तराखण्ड आनन्द स्वरूप ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में रबी विपणन सत्र का प्रारम्भ 01 अप्रैल, 2026 से हो चुका है।

गढ़वाल सम्भाग में कुल 45 एवं कुमायूं सम्भाग में 123 क्रय केन्द्र संचालित हैं। भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 निर्धारित किया गया है, जिससे कृषक भाईयों द्वारा अपनी उपज (गेहूं) का विक्रय राजकीय क्रय केन्द्रों पर किये जाने में रूचि प्रदर्शित की जा रही है। आतिथि तक स्मार्ट पी.डी.एस. पोर्टल पर 1597 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है एवं 5852 कुन्टल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य हेतु पूर्व में 10 हजार कुंटल का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिससे राज्य के कृषक भाईयों द्वारा अपने उत्पाद का विक्रय न हो पाने के सम्बन्ध में रोष व्यक्त किया जा रहा था।भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार के अनुरोध पर राज्य के कृषक भाईयों के रूझान एवं हितों के दृष्टिगत पूर्व निर्धारित 10 हजार कुंतल के लक्ष्य में वृद्धि करते हुए 5 लाख कुन्टल कर दिया गया है।

उन्होंने राज्य के कृषक भाईयों से अपनी उपज राजकीय क्रय केन्द्रों पर विक्रय कर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाने की अपील की है।

# एक्सप्रेस-वे ने भरा डिजिटल प्रगति की यात्रा में जोश

## डिजिटल एम्पावरमेंट पर चर्चा के लिए दून में जुटे देशभर के विशेषज्ञों ने मानी अहमियत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से उत्तराखंड की उम्मीदों को पंख लग रहे हैं। विकास की योजनाओं का खाका खींचते वक्त दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर अब अहम भूमिका में है। डिजिटल प्रगति के लक्ष्य को हासिल करने की राह में भी इसे मददगार दोस्त की तरह देखा जा रहा है। इंडिया डिजिटल एम्पावरमेंट मीट एंड अवार्ड कार्यक्रम के लिए दून में जुटे देशभर विशेषज्ञों ने डिजिटल प्रगति में एक्सप्रेस-वे की अहमियत को रेखांकित किया है।

**अब और बेहतर कनेक्टिविटी, फायदा मिलेगा:** कार्यक्रम में कई सत्रों में विशेषज्ञों के साथ देश-प्रदेश की डिजिटल प्रगति पर चर्चा हुई।

इस दौरान सभी का कहना था कि डिजिटल इंडस्ट्री को उत्तराखंड में बढ़ावा देने के लिए हर तरह से अनुकूल स्थिति मौजूद है। कनेक्टिविटी पहले से अच्छी थी, अब दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे से और भी बेहतर हो गई है। इसका फायदा मिलना तय है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रदीप बत्रा से लेकर सचिव नितिश कुमार झा तक ने डिजिटल प्रगति में एक्सप्रेस-वे की भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार डिजिटल प्रगति के लिए असाधारण कार्य कर रही है।



### फ्लाइट नहीं, एक्सप्रेस-वे से तय की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे जनता को समर्पित किया है। इसके बाद, दिल्ली से देहरादून का सफर ढाई से तीन घंटे का रह गया है। इंडिया डिजिटल एम्पावरमेंट मीट एंड अवार्ड कार्यक्रम में गुरूवार को कई बार एक्सप्रेस-वे चर्चा में आया। सूचना प्रौद्योगिक विकास एजेंसी (आईटीडीए) के निदेशक आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कई विशेषज्ञों ने एक्सप्रेस-वे का रास्ता चुनाव। उनके पास फ्लाइट का विकल्प मौजूद था, लेकिन उन्होंने एयर टिकट कैंसिल कराए और एक्सप्रेस -वे से दून पहुंचे ।

■ फ्लाइट रद्द कराकर कई लोग एक्सप्रेस-वे से पहुंचे दून ■ डिजिटल विकास की योजनाओं में रहेगी अहम भूमिका

# महिला आरक्षण विधेयक को मातृ शक्ति सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय: माला



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने महिला आरक्षण विधेयक को मातृ शक्ति सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय बताया है। उन्होंने कहा, इस ऐतिहा. सिक कदम के साथ भारत, महिला अधिकारों को लेकर कई मायनों में दुनिया के विकसित देशों से भी आगे निकल जाएगा। इस विधेयक के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि

यह विधेयक केवल सीटों का आरक्षण नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की निर्णयात्मक भूमिका को सुनिश्चित करने का एक संकल्प है। वर्षों से लंबित इस सुधार को लागू कर भाजपा सरकार ने सिद्ध कर दिया है कि नारी शक्ति उनके लिए केवल नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने अपील की कि तमाम विरोधाभास के बावजूद भी महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने के लिए सदन को एकजुटता से निर्णय लेना चाहिए।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम -पीएम मोदी की सदैव ऋणी रहेगी आधी आबादी: कल्पना



**देहरादून।** भाजपा राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को विकसित भारत निर्माण में महिलाओं की भूमिका को सुनिश्चित करने वाला बताया है।उन्होंने वर्तमान पीढ़ी को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि जो आजादी के 70 सालों में भी नहीं हो पाया, उसे साकार होते हुए हम सब देख रहे हैं। देश की आधी आबादी संवैधानिक निर्णय में पूरी भागीदारी दिलाने के लिए पीएम मोदी की सदैव ऋणी रहेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं की सफलता के बाद अब देश की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्थाओं लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की 33 फीसदी उपस्थिति भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। इस कानून के लागू होने से सर्वोच्च सदनों में बढ़ा हुए जनप्रतिनिधित्व से महिला सशक्तिकरण की रफ्तार तीव्र होगी। नारी शक्ति की यही बढ़ी हुई भूमिका देश के विकास को नया आयाम देगी।

# अल्मोड़ा में पेट्रोल के लिए 'भगदड़'

## पांच में से चार पंप बंद, पांडेखोला पंप पर लगी लोगों की कतार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में ईंधन की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। गुरुवार को मुख्यालय के पांच पंपों से चार पेट्रोल पंप शोपीस बने रहे। इन पंपों में पेट्रोल नहीं मिला। हालांकि पांडेखोला स्थित एक मात्र पंप में पेट्रोल-डीजल मिलने से लोगों ने थोड़ा राहत ली, लेकिन वहां भी ईंधन भरवाने के लिए उमड़ी भीड़ के कारण लक्ष्मेश्वर से लेकर विकास भवन तक लंबा जाम लग गया। नगर में डीजल और पेट्रोल के पांच पंप संचालित होते हैं। इनमें से माल रोड के शिखर तिराहे और पांडेखोला के एक पंप में सुधारीकरण का कार्य चल रहा है। ईंधन का पूरा भार जिला अस्पताल, धारानौला और पांडेखोला के दूसरे पंप पर आ गया है। ऊपर से इन दिनों अल्मोड़ा में पर्यटकों की



भारी भीड़ उमड़ रही है। इससे ईंधन की डिमांड और अधिक बढ़ गई है। गुरुवार को जिला अस्पताल, धारानौला और शिखर तिराहे के पास पंपों में पेट्रोल नहीं मिला। लोग पेट्रोल मिलने की उम्मीद में एक से दूसरे पंप की ओर भागते रहे, हालांकि पांडेखोला स्थित दूसरे पंप में पेट्रोल के लिए लोगों की सुबह से लंबी कतार देखी गई। जिसके चलते सड़क पर कई बार जाम की स्थिति बनी रही। इधर, प्रशासन ने स्थिति को अस्थायी बताते हुए कहा है कि जल्द ही ईंधन आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से ईंधन की जमाखोरी न करें और संयम बनाए रखें, ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। ईंधन संकट का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर देखने को मिल रहा है। कई स्कूल बसों में पेट्रोल-डीजल न मिलने के कारण उनके संचालन पर संकट खड़ा हो गया है। यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो बस सेवाएं बंद होने की आशंका है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। अभिभावकों में भी इसको लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से जिले में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित चल रही है। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म हो चुका है, जिसके चलते पूरे शहर का दबाव एक ही पंप पर आ गया है। इसी कारण भारी संख्या में वाहन एकत्र हो गए।

### जिले में पेट्रोल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं

**अल्मोड़ा।** जिला पूर्ति अधिकारी करुणा पंत ने बताया कि जनपद में पेट्रोल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि दो पेट्रोल पंपों पर मेंटेनेंस कार्य के चलते अस्थायी रूप से पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिसे आज शाम या अधिकतम कल सुबह तक पूर्ण रूप से सुचारू कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी पेट्रोल पंपों पर पूर्व की भांति नियमित रूप से पेट्रोल उपलब्ध रहेगा, किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। प्रशासन द्वारा आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से पेट्रोल का भंडारण न करें और केवल आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल भरवाएं, ताकि किसी प्रकार की अफवाह या पैनिक की स्थिति उत्पन्न न हो।

### गोपाल बनवासी की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में रंगदारी वसूलने के मामले में जेल में बंद आरोपी गोपाल बनवासी उर्फ गोपाल राम को राहत नहीं मिली है। जिला न्यायालय बागेश्वर के जिला न्यायाधीश पंकज तोमर ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। जानकारी के अनुसार आरोपी गोपाल बनवासी पर जिले के एक होटल व्यापारी ने रंगदारी मांगने और होटल पर बुलडोजर चलाने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इस संबंध में व्यापारी की शिकायत पर कोतवाली बागेश्वर में मुकदमा संख्या 17/2026, धारा 308(5) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गुरुवार को आरोपी की ओर से जिला न्यायालय में जमानत याचिका दायर की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता गोबिंद बल्लभ उपाध्याय और सहायक चंचल पपोला ने साक्ष्य और तथ्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए।

## एक नजर

### इंद्रा कालोनी वासियों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** नगर क्षेत्र में अराजक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। गुरुवार को नगर के लोअर मालरोड स्थित न्यू इंद्रा कालोनी वासियों ने एसएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने के साथ घटना का खुलासा करने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों चोरी की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। जिससे लोगों में भय बना हुआ है। वहीं, न्यू इंदिरा कालोनी में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। चोर रात के समय इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने एसएसपी से चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए क्षेत्र में पुलिस गश्त करवाने, प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने ओर बाहर से आने वाली व्यक्ति की गहराई से जांच की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में आनंद सिंह बिष्ट, रमेश सिंह कनवाल, मनोज सनवाल, केपी जोशी, चंदन गिरी गोस्वामी, दीवान सिंह भाकुनी, बीएस राना, नरेंद्र, गिरीश बिष्ट, मनोहर बृजवाल आदि मौजूद रहे।

### फार्मेसी अधिकारियों काला फीता बांध प्रदर्शन किया

**अल्मोड़ा।** चार धाम यात्रा बिलों के भुगतान की मांग को लेकर फार्मेसी अधिकारी मुखर हो गए है। गुरुवार को जिले के विभिन्न अस्पतालों के फार्मेसी अधिकारियों ने बाह में काला फीता बांधकर कार्य किया। जल्द भुगतान की मांग उठाई। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर फार्मेसी अधिकारियों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। कहा फार्मेसी अधिकारी लंबे समय से लंबित बिलों की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हो सका है। फार्मेसी अधिकारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने यात्रा बिलों का भुगतान करने के साथ चार धाम यात्रा मार्ग में भोजन व आवास की व्यवस्था में भी सुधार की मांग की। कहा कि 25 अप्रैल तक फार्मेसी अधिकारी काली पट्टी बांध विरोध जताएंगे। चेतावनी दी कि यदि जल्द लंबित बिलों का भुगतान नहीं हुआ तो वह चार धाम ड्यूटी का भी बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। यहां जेएस मनराल, श्याम लाल, जेएस रेवड़ी, सुमन चम्याल, जीएस कोरंगा, पवन जोशी, गुंजन वर्मा, श्वेता शैली, देवकी नंदन जोशी, दीपक कांत पांडे आदि रहे।

### महिला रामलीला प्रतियोगिता की तैयारियां तेज

**रानीखेत।** सांस्कृतिक समिति रानीखेत की बैठक में मई माह के अंतिम सप्ताह में महिलाओं की रामलीला प्रतियोगिता कराने का निर्णय लेते हुए प्रतियोगिता की नियमावली तय की गई। यह भी तय हुआ कि एक व दो मई को महिलाओं-छात्राओं के लिए ऐपण व रंगवाली पिछोड़ी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। समिति अध्यक्ष विमल सती की अध्यक्षता में हुई बैठक में मई माह के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि एक व दो मई को महिलाओं-छात्राओं के लिए ऐपण, रंगदारी पिछोड़ी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। साथ ही मई माह के अंतिम सप्ताह में महिलाओं की रामलीला प्रतियोगिता कराने का निर्णय लेते हुए इसमें क्षेत्र की महिला प्रतिभागी टीमों को रामलीला संवाद प्रसंगों के साथ आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए प्रतिभागी टीमों के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल रखी गई। निर्णय हुआ कि प्रतियोगिता के विजेताओं को प्राइज मनी के रूप में प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार व तृतीय पुरस्कार 4 हजार और ट्राफियां प्रदान की जाएगीं। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ अभिनय व गायन का भी एकल पुरस्कार दिया जाएगा। बैठक में सांस्कृतिक समिति के गौरव भट्ट, दीपक पंत, ज्योति साह, गीता जोशी, अभिषेक कांडपाल, पंकज साह, सौरभ अग्रवाल, शुभम अग्रवाल रहे।

### पांच लोगों पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** वन विभाग के वन बीट अधिकारी ने पांच लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। ग्राम शिवराजपुर में वन बीट अधिकारी के पद पर तैनात स्वतंत्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 13 अप्रैल को लगभग साढ़े नौ बजे कुछ लोग उनकी शिवराजपुर चौकी से लकड़ी चोरी कर ले आये। सूचना मिलने पर वह जब शिवराजपुर मंदिर पहुँचे और चौकी से लकड़ी लाने का विरोध किया तो विजेन्द्र, सर्वेश पुत्रगण जयराम, सतेन्द्र, मनोज पुत्रगण धर्मपाल, राजीव पुत्र हरचरन निवासी शिवराजपुर थाना कुण्डा द्वारा गाली देना व मारना-पीटना शुरु कर दिया। मन्दिर पर शोर सुनकर पिताजी पहुंचे तो उनके साथ भी उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा मारपीट की गई तथा लाठी से सर पर वार कर दिया और हाथ में किसी धारदार शस्त्र से वार किया। पुलिस ने तहरीर पर 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पति व तीन अन्य पर लगाया मारपीट का आरोप

**काशीपुर।** एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति समेत ससुराल के तीन अन्य लोगों पर मारपीट व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। भट्टा कॉलोनी निवासी रिंकी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका का विवाह 10 वर्ष पूर्व सूरज पाल पुत्र जागन सिंह निवासी भटा कालौनी के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय के बाद से ही पति सूरजपाल व उसके परिवार वाले गाली-गलौच व मारपीट कर व उसे बांझ कहकर मानसिक व शारीरिक उत्तपीड़न करने लगे। आरोप है कि विगत 13 अप्रैल को रात्रि लगभग 8 बजे पति सूरजपाल ने अपने भाईयो अमरजीत, गुरजीत व श्यामी पुत्रगण जागन सिंह के साथ मिलकर बिना बात के उसके साथ गाली गलौच कर मारपीट की, जिससे शरीर में चोटें आयी हैं तत्पश्चात पति सूरजपाल व उसके तीनों भाईयो के द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गयी है।

### श्रम संहिताओं का झूठा प्रचार कर रही सरकार: भाकपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाकपा माले ने केंद्र सरकार पर श्रम संहिताओं को लेकर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया है। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पांडे ने मीडिया को बयान जारी कर कहा कि देशभर में तेज हो रहे मजदूर आंदोलनों ने इसे पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। पार्टी ने मजदूरों पर की जा रही दमनात्मक कार्रवाई की कड़ी निंदा भी की है। हाल के दिनों में नोएडा, मानेसर और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों के विरोध प्रदर्शनों में तेजी आई है, जिससे वेतन वृद्धि, ओवरटाइम भुगतान और कार्य समय जैसे मुद्दे फिर से केंद्र में आ गए हैं। हाल ही में नोएडा में मजदूरों का आंदोलन उग्र हो गया था, जहां पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने कहा कि श्रम संहिताओं के लागू होने से मजदूरों के जीवन में सुधार का दावा किया गया था, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। मजदूर 12 घंटे के कार्यदिवस और ठेका प्रथा जैसी व्यवस्थाओं का विरोध कर रहे है और अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई और कम वेतन के कारण मजदूरों में असंतोष बढ़ा है। कई स्थानों पर मजदूर न्यूनतम वेतन बढ़ाने और गिर तार साथियों की रिहाई की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इन आंदोलनों को साजिश बताने पर भी आपत्ति जताई।

### खत्री सभा में धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बैसाखी पर्व के उपलक्ष में श्री खत्री सभा काशीपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री खत्री सभा के समस्त पदाधिकारियों ने एक दूसरे को बैसाखी पर्व की बधाई दी। बुजुर्गों, महिलाओं एवं युवा सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। डॉ. नरेश मेहरोत्रा द्वारा इंटर टॉपर सिद्धांत मेहरोत्रा व हाई स्कूल टॉपर कनिष्क मेहरोत्रा को स्कॉलरशिप दी गई। डॉ. ईला मेहरोत्रा द्वारा रागिनी मेहरोत्रा को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. नरेश मेहरोत्रा, राम मेहरोत्रा, डॉ. ईला मेहरोत्रा, बीना मेहरोत्रा, अध्यक्ष शरद मेहरोत्रा, सचिव अर्पित मेहरोत्रा, संदीप सहगल, पंकज टंडन, प्रदीप मेहरोत्रा, राजीव कुमार मेहरोत्रा, वंश टंडन, कैलाश शरन, स्वतंत्र मेहरोत्रा, संजय टंडन, विनोद कुमार मेहरोत्रा, मधु मेहरोत्रा, रितु मेहरोत्रा, उमा मेहरोत्रा, रागिनी मेहरोत्रा, शिल्पी मेहरोत्रा, कामिनी मेहरोत्रा, पूनम मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## एसएसजे विवि ने तैयार किया एआई एप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि की ओर से 'विधि सहयोगी' एप तैयार किया गया है, जो सरल भाषा में लोगों को कानून बताएगा। वहीं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित यह एप लोगों तक विधिक सहायता की पहुंच को भी आसान बनाएगा। दरअसल, अब एआई का प्रयोग तमाम क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी को लेकर अब सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय ने भी एक ऐसा एप तैयार किया है, जो लोगों को सरल भाषा में कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने, जनमानस को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और विधिक सहायता तक पहुंच को आसान बनाएगा। विद्यालय ने इस ऐप को 'विधि सहयोगी' नाम दिया है। इस एप के माध्यम से उपयोगकर्ता कानूनी विषयों की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही अध्ययन सामग्री हासिल करने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ताओं से संपर्क भी कर सकेंगे। विवि कुलपति प्रो. सतपाल सिंह ने राज्यपाल सेनि लै. जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष एप को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया। विवि कुलपति ने बताया कि भविष्य में इस एप में ऑनलाइन परामर्श, केस ट्रैकिंग, दस्तावेज प्रबंधन और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। जिससे लोगों को और सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि इसपर कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही इसकी लॉन्चिंग की जाएगी। राज्यपाल ने ऐप को तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय की एप्लीकेशन तैयार करने वाली टीम एवं विद्यार्थियों की सराहना की और कुलपति प्रो. बिष्ट को बधाइयां दी।



## उर्वशी बाली की मेहनत से आने वाले '50 तारों' को मिला ऑक्सफोर्ड का साथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** आज के समय में जहाँ सिर्फ पढ़ाई को ही सफलता का माध्यम माना जाता है, वहीं काशीपुर से एक ऐसी पहल सामने आई है, जो इस सोच को बदलने का काम कर रही है। आने वाले 50 तारे उर्वशी दत्त बाली द्वारा शुरू की गई यह पहल अब एक नए मुकाम पर पहुँच चुकी है। यह पहल विशेष रूप से अनाथ बच्चों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है। जहाँ उन्हें स्किल सिखाए जा रहे हैं। उद्देश्य साफ है उर्वशी दत्त बाली का कहना है, जब ये बच्चे स्कूल की पढ़ाई पूरी करके बाहर निकलें, तो इतनी सारी स्किल के साथ पूरे कॉन्फिडेंस से सड़क पर निकले कि उनके पास केवल डिग्री ही नहीं,





बल्कि ऐसा हुनर भी हो, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने पैरों पर मजबूती से खड़े हो सकें। उर्वशी बाली ने बच्चों को विभिन्न कार्य सिखवाए, जैसे सिलाई सुधा राय इशिता द्वारा, बेकिंग ऑर्कफ रामनगर रोड, होटल सर्विस, फोटोग्राफी, इंग्लिश स्पीकिंग, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, हेयर ड्रेसिंग राशिद द्वारा, पार्लर, प्लंबिंग सुनील कुमार, बिजली का काम और डिजिटल स्किल्स अल्बख्श मालिक शिफा मालिक ओर एनस द्वारा, जैसे बहुत सारी और ऐसी चीज करवा रही है। साथ ही उन्हें शांतनु चिकारा, जो 20 साल अमेरिका रहकर आए हैं, के द्वारा कम्युनिकेशन कॉन्फिडेंश पर भी काम करवा रही है। यूनाइटेड किंगडम के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन से जुड़े स्कॉलर एवं यश फाउंडेशन इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर तेजस डोंगरे इस पहल से जुड़ चुके हैं और बच्चों के विकास के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया है।

### गरुड़ बैजनाथ में मेडिकल स्टोरों पर छापा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले के गरुड़ एवं बैजनाथ क्षेत्रों में औषधि विभाग की सघन औचक कार्रवाई में कई मेडिकल स्टोरों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने पुलिस टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए तीन मेडिकल स्टोरों पर तत्काल प्रभाव से दवाओं के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी है, जबकि आठ दवाओं के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। यह कार्रवाई जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देश पर जनस्वास्थ्य सुरक्षा और दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत लाइसेंस शर्तों, दवाओं के वैज्ञानिक भंडारण, एमटीपी किट की वैध पर्चे पर बिक्री, नारकोटिक एवं सायकोट्रोपिक दवाओं के नियमानुसार वितरण तथा रिकॉर्ड प्रबंधन की गहन जांच की गई। जांच में जिन प्रमुख अनियमितताओं का खुलासा हुआ, उनमें सीसीटीवी का कार्यशील न होना, रिकॉर्डिंग का सत्यापन न होना, क्रय-विक्रय अभिलेख मौके पर प्रस्तुत न करना, दवाओं का निर्धारित तापमान पर भंडारण न करना और साफ-सफाई की कमी शामिल हैं। विभाग के अनुसार, यह सभी लाइसेंस की अनिवार्य शर्तों का उल्लंघन है। इन गंभीर कमियों को देखते हुए तीनों मेडिकल स्टोरों पर तत्काल प्रभाव से दवाओं की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध तब तक जारी रहेगा, जब तक संबंधित फर्म संचालक सक्षम प्राधिकारी के समक्ष संतोषजनक जवाब और सुधारात्मक कार्रवाई प्रस्तुत नहीं करते। साथ ही, संदिग्ध आठ दवाओं के नमूने लेकर उन्हें औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। औषधि विभाग ने स्पष्ट किया है कि दवाओं के निर्माण, भंडारण और बिक्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. अलीम तथा पुत्रवधु अलीशा पत्नी मो. अलीम को उनके गलत चाल-चलन, परिवारजनों के साथ गलत व्यवहार के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी तरह के कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा।

ज़ायरा बी पत्नी स्व. श्री गुलाम नबी
निवासी: गांधी नगर, वार्ड नं. 1, हल्द्वानी (नैनीताल)।

**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नावेद अली उर्फ अमन तथा पुत्रवधु सबा नाज़ पत्नी नावेद अली उर्फ अमन को उनके गलत चाल-चलन, परिवारजनों के साथ गलत व्यवहार के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी तरह के कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा।

ऊषा देवी पत्नी स्व0 रहीश अहमद
निवासी: लाल डांठ बाईपास, भट्ट कालोनी, फेस 2, हल्द्वानी (नैनीताल)।


### सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (भारत) काशीपुर द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को चार सूत्रीय मांग-पत्र भेजकर इन मांगों पर विचार करने का आग्रह किया है। नगर निगम महापौर दीपक बाली के माध्यम से भेजे गए मांग-पत्र में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (भारत) काशीपुर के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह उत्तराखंड में भी भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की जाये। उत्तराखण्ड राज्य में ब्राह्मणों के हितों को ध्यान में रखते हुये ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन किया जाये। भारत सरकार से मांग है कि सवर्णों के हितों को ध्यान में रखते हुए सनातन धर्म रक्षा बोर्ड/स्वर्ण आयोग का गठन किया जाये। काशीपुर समेत प्रदेश के सभी मंदिरों के पुजारियों को 5 हजार रुपये का मानदेय प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित किया जाये।

## एसटीएच में पोकस कार्यशाला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कालेज से संबद्ध सुशीला तिवारी अस्पताल में गुरुवार को पोकस (प्वाइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा शिक्षा निदेशक डा. अजय आर्या, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल, चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी, बाल रोग विभागाध्यक्ष डा. ऋतु रखोलिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।


कार्यशाला में पुणे से आए डा. प्रदीप सूर्यवंशी, मुंबई की डा. गायत्री मुराजकर, देहरादून के डा. हंस वैश और जॉलीग्रांट मेडिकल कालेज के विभागाध्यक्ष डा. चिन्मय चेतन ने पोकस तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। डा. ऋतु रखोलिया ने बताया कि फंक्शनल अल्ट्रासाउंड के माध्यम से नवजात शिशुओं के मस्तिष्क, छाती, फेफड़े, हृदय और पेट से संबंधित बीमारियों का शीघ्र और सटीक निदान संभव है। इस तकनीक की खासियत यह है कि इसमें विकिरण का कोई खतरा नहीं होता और गंभीर नवजात शिशुओं की जांच उनके बिस्तर पर ही मशीन ले जाकर की जा सकती है, जिससे समय पर उपचार मिल पाता है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों और देश के बड़े शहरों में इस तकनीक का सफल उपयोग हो रहा है। प्रदेश में भी निकट भविष्य में इस तकनीक के माध्यम से गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं का बेहतर उपचार संभव हो सकेगा, जिससे शिशु मृत्यु दर में कमी आने की उम्मीद है। कार्यशाला में विभिन्न जिलों से आए 42 चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया।

## होनहारों ने किया नाम रोशन

### अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** परीक्षा परिणाम में नयागांव स्थित विद्यालय अमर मैमोरियल पब्लिक स्कूल का रिजल्ट



शतप्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने यह हर हर्ष की तरह इस वर्ष भी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया तथा अपने परिवार एवं विद्यालय को नाम को गौरान्वित किया। विद्यालय स्तर पर छात्र ललित पाठक ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान वही लक्षित गेरा ने 92 प्रतिशत अंको के द्वितीय स्थाय प्राप्त किया वही बालिकाको में अनुष्का जोशी ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक टीना खन्ना ने सभी बच्चो को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाहर दी। वही प्रधानाचार्य डा. खान ने बताया कि विछले वर्षो की भांति इस वर्ष विद्यालय ने अपना शतप्रतिशत परचम बरकरार रखा। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने शतप्रतिशत रिजल्ट के लिये सभी छात्र-छात्राओ एवं अभिभावको बधाई एवं समस्त शिक्षक परिकार को धन्यवाद दिया। विद्यालय उप प्रधानाचार्य से वंदना पलडिया ने सभी छात्रो को बधाई दी।

### शिवालिक के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**काशीपुर।** सीबीएसई हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में शिवालिक होली माउण्ट एकेडमी का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें अर्शप्रीत कौर ने 95.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, महिमा जोशी ने 94.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, अभिनव शर्मा ने 93.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, मौ. अरशान ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान विद्युती कश्यप ने 91.4 अंक के साथ पाँचवा एवं आरव आर्या ने 90.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छटवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कबीन्द्र सिंह डसीला ने बच्चों को शुभकामनाऐं दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक बसन्त बल्लभ भट्ट ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को बधाई दी।



### कैंपस स्कूल, पन्तनगर के छात्रों ने हाईस्कूल परीक्षा में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पन्तनगर।** कैंपस स्कूल पन्तनगर के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कल 36 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल के शुभम जोशी ने 97.8 प्रतिशत, सानवी श्रीवास्तव ने 96.4 प्रतिशत, उत्कर्ष सती ने 96.4 प्रतिशत, चेतन देओलाल ने 96.2 प्रतिशत, शिवांश सिंह पवार ने 96.0 प्रतिशत गौरव सिंह नेगी ने 96.0 प्रतिशत, सेजल पाठक ने 95.8 प्रतिशत, अनन्त मिश्रा ने 95 प्रतिशत, गर्विता मिश्रा ने 92.6 प्रतिशत, अथर्व रजवार ने 91.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस अवसर पर संरक्षक डा. मनमोहन सिंह चौहान, प्रबन्ध समिति कैंपस स्कूल के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार, प्रबन्धक डा. प्रणीता सिंह, उपप्रबन्धक रविन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष त्रिलोकी शंकर मिश्रा, प्रधानाचार्य प्रियंका भट्ट ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### समर स्टडी हॉल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सीबीएसई की 10वीं के परीक्षा परिणाम में काशीपुर के मेधावी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। इसी क्रम में समर स्टडी हॉल कुंडेश्वरी के 10वीं के छात्र अंश कुकरेजा ने 98, रितिका नेगी ने 96.2, आराध्या ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह, डायरेक्टर अनुराग कुमार सिंह, दीपाली सिंह व प्रधानाचार्य अनुज भाटिया सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई दी।





## एसटीएच में तीमारदारों से लिया फीडबैक

### चिकित्सा शिक्षा निदेशक डा. अजय आर्या ने लिया स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** निदेशक चिकित्सा शिक्षा विभाग डा. अजय आर्य ने गुरुवार को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, विभिन्न वार्डों, टीएमटी, मेडिसिन आईसीयू, कैथ लैब सहित अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। उन्होंने पीडियाट्रिक वार्ड, पीआईसीयू एवं एसएनसीयू का विशेष रूप से गहन निरीक्षण किया। उन्होंने वहां भर्ती नवजात एवं बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली



तथा उपस्थित चिकित्सकों से उपचार पद्धति, उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। पीडियाट्रिक इकाई में उपलब्ध उपकरणों जैसे वार्मर, वेंटिलेटर, मॉनिटर, इं यूजन पंप, फोटोथेरेपी यूनिट आदि के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जहां कमी है, वहां शीघ्र दीर करे ताकि गंभीर रूप से बीमार नवजात एवं बच्चों को बेहतर उपचार मिल सके। उन्होंने मरीजों के तीमारदारों से भी बातचीत की और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं, चिकित्सकीय सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा साफ-सफाई के संबंध में उनका फीडबैक लिया। अधिकांश तीमारदारों ने अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय में अत्याधुनिक मशीनें एवं उपकरण उपलब्ध है तथा जिन उपकरणों की कमी है, उन्हें शीघ्र ही उपलब्ध कराया जाएगा। चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है, जिससे शीघ्र ही स्पेशलिटी एवं सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डा. जीएस तितियाल, चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट जीबी मौल टी मैथ्यू, डिप्टी नर्सिंग सुपरिटेंडेंट डा. ईला चौधरी, सिस्टर मार्गेट सहित चिकित्सक मौजूद रहे।

### श्री गुरु नानक सीनियर सेकेंडरीके विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सीबीएसई की 10वीं के परीक्षा परिणाम में कुण्डेश्वरी रोड स्थित श्री गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस सफलता पर विद्यालय मैनेजमेंट, प्रधानाचार्य विजय कुमार मल्लिक और समस्त शिक्षकगणों ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में गुरजोत सिंह 99 प्रतिशत, नंद लाल 99 प्रतिशत, अनुश्री 98.4 प्रतिशत, यशनीत कौर 96 प्रतिशत, प्रियांशी 94 प्रतिशत, सृष्टि शर्मा 94 प्रतिशत रहे। मैनेजमेंट व शिक्षकों ने संयुक्त संदेश में कहा कि यह उपलब्धि बच्चों के कठिन परिश्रम और स्कूल के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

## गौला बैराज: चार वन रेंज के बीच 'नो मेन्स लैंड'

# मोहल्ले में 'शिकारी' की दस्तक

■ कुत्ते को उठा ले जाने का सीसीटीवी आया सामने
■ सीमांकन विवाद में उलझा वन विभाग



**दीपक भंडारी, शाह टाइम्स**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम के गौला बैराज क्षेत्र में एक बार फिर गुलदार का आतंक लौट आया है। गुरुवार तड़के क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी से लोगों में दहशत फैल गई। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों में गुलदार एक कुत्ते को मुंह में दबाकर ले जाते हुए कैद हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में खौफ का माहौल है और उन्होंने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले लंबे समय से क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता बनी हुई है, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। वन विभाग द्वारा प्रयास किए जाने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं आया है, जिससे लोगों में आक्रोश भी बढ़ रहा है। मामला वन विभाग के सीमांकन विवाद में भी उलझा हुआ है।

गौला बैराज क्षेत्र किसी एक वन रेंज के स्पष्ट अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, जिसके चलते जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है। यह क्षेत्र छकाता, मनोरा, फतेहपुर और हल्द्वानी वन रेंज के बीच स्थित है, लेकिन विभागीय अधिकारियों के बीच ही इस बात को लेकर मतभेद हैं कि यह इलाका किस रेंज के अंतर्गत आता है।

स्थिति यह है कि वन्यजीव से जुड़ी किसी भी घटना की स्थिति में पीड़ित को यह तक स्पष्ट नहीं होता कि शिकायत किससे की जाए।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग की लचर सीमांकन नीति ने उनका जीना मुश्किल कर दिया है। गौरतलब है कि करीब पांच-छह वर्ष पहले इसी क्षेत्र में पुष्पा देवी नामक महिला को घास लेने के दौरान गुलदार ने अपना शिकार बना लिया था। उस समय फतेहपुर रेंज के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे, लेकिन उसके बाद भी सीमांकन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। अब जबकि क्षेत्र में फिर से गुलदार की सक्रियता बढ़ रही है, वन विभाग के अधिकारी 'यह हमारा क्षेत्र नहीं है' कहकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि यदि भविष्य में कोई गंभीर घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

# आंख का जानलेवा ऑपरेशन

## निजी 'आई हॉस्पिटल' में ऑपरेशन के दौरान श्रमिक की मौत



■ परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप, मुआवजे की मांग
■ रामनगर निवासी राजपाल की मौत पर कोतवाली में तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के एक निजी अस्पताल में आंख के ऑपरेशन के बाद एक श्रमिक की मौत का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और संबंधित डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते अस्पताल में जमकर हंगामा काटा और कोतवाली पहुंचकर कोतवाल का घेराव कर तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार ग्राम जरसा गांजा पोस्ट ऑफिस चिल्किया रामनगर निवासी राजेश ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके भाई राजपाल को 28 मार्च को पत्थर तोड़ते समय आंख में कंकरी लग गई थी, जिसके बाद उन्हें हल्द्वानी के भोटिया पड़ाव क्षेत्र में स्थित शुभानु आई हॉस्पिटल में दिखाया गया। चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी और कहा कि यदि सर्जरी नहीं कराई गई तो आंख खराब हो सकती है। परिजनों के अनुसार डाक्टर की सलाह पर पहली सर्जरी कराई गई, जिसके बाद दवाइयों के साथ लगातार जांच चलती रही। बाद में दोबारा ऑपरेशन की सलाह दी गई। तहरीर में कहा कि बीते 15 अप्रैल बुधवार की शाम से रात करीब पौने दस बजे तक सर्जरी की गई। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने मरीज का ब्लड प्रेशर हाई होने की बात कही। स्थिति गंभीर होने पर मरीज को ठंडी सड़क स्थित दूसरे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि इलाज के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण राजपाल की जान गई। राजपाल की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को बमुश्किल शांत कराया। जिसके बाद सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे और कोतवाल विजय मेहता का घेराव किया। साथ ही लोगों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजे की भी मांग करते हुए संबंधित डॉक्टर को हिरासत में लेकर कार्रवाई की मांग की। इस मामले पर राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू ने भी सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों की अनदेखी के कारण लोग मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर मिली है और मामले की जांच शुरू कर दी।

## बाघ के शावक का शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फतेहपुर वन रेंज के अंतर्गत पनियाली गांव से सटे जंगल में गुरुवार सुबह बाघ के शावक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शावक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अक्षय सुयाल ने बताया कि सीताराम आश्रम मार्ग पर ग्रामीणों ने शावक का शव देखा, जिसके बाद तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि शावक के शरीर पर चोट के निशान मौजूद है। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि शावक को किसी अन्य शिकारी जानवर ने मार दिया हो। हालांकि वन विभाग ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच जारी है। घटना के बाद वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि क्षेत्र में बाघिन मौजूद हो सकती है, जो शावक के मारे जाने के बाद आक्रामक हो सकती है। ऐसे में लोगों से जंगल की ओर न जाने और विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। बता दे कि हाल के दिनों में फतेहपुर क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे प्रशासन और वन विभाग पहले से ही अलर्ट मोड पर है। डीएफओ रामनगर डिवीजन डीएस मर्तोलिया ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

# बरसात से पहले सफाई पर फोकस

## कालाढूंगी चौराहे पर विशेष अभियान, महापौर गजराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में श्रमदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को कालाढूंगी चौराहा क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। मेयर गजराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में हुए इस अभियान में नालियों की सफाई, कूड़ा उठान और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया।



अभियान में वार्ड-19 के पार्षद राजेंद्र अग्रवाल, वार्ड-18 के पार्षद हरगो. विंद सिंह समेत नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान कर स्वच्छता का संद. ेश दिया, वहीं स्थानीय लोगों ने भी अभियान में भागीदारी कर इसे सराहा। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि बरसात से पहले सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा ताकि नालियों में अवरोध न हो और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष स्फाई कार्य कराया जा रहा है। स्वच्छता केवल नगर निगम की जि मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और शहर को साफ रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से सफाई व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। शहर को प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी की जा रही है और लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। इस दौरान निगम कर्मी मौजूद रहे।

## मानकों की अनदेखी करने वाले 11 निजी स्कूलों को शिक्षा विभाग का नोटिस

**हल्द्वानी।** शिक्षा विभाग ने मानकों की अनदेखी करने पर सख्त रुख अपनाते हुए हल्द्वानी क्षेत्र के 11 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई जांच आख्या के आधार पर की गई है, जिससे निजी स्कूलों में हड़कंप मच गया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल की ओर से जारी नोटिस में संबंधित स्कूलों से स्पष्ट रूप से जवाब मांगा गया है। जानकारी के अनुसार उप जिलाधिकारी हल्द्वानी द्वारा कराई गई जांच में कई स्कूल निर्धारित मानकों का पालन करते नहीं पाए गए, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। जिन स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल, लक्ष्मी शिशु मंदिर, हाईलेंडर पब्लिक स्कूल, मार्डन पब्लिक स्कूल तिकोनिया, विद्या पुष्प एकेडमी, क्वींस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जेम्स पब्लिक स्कूल, गुरु द्रोण पब्लिक स्कूल, निर्मला कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठगोदाम, बीएलएनम एकेडमी और सृजन स्कूल गौलापार शामिल हैं। शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा है। साथ ही कहा है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बाइक रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद महिलाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में मातृशक्ति



ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताने के लिए गुरुवार को बाइक रैली निकाली। रैली का नेतृत्व कंचन उप्रेती ने किया। रैली पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर से शुरू होकर कालाढूंगी रोड, नैनीताल रोड, तिकोनिया, एमबी महाविद्यालय होते हुए जगदंबा नगर से भाजपा संभाग कार्यालय के पास समाप्त हुई। रैली के दौरान महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जोरदार नारे लगाए और प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। महिलाओं का कहना था कि इस अधिनियम से देश के नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें सशक्त मंच मिलेगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि एक वारंटी को भी दबोचा गया। थानाध्यक्ष सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 15 अप्रैल को सैफी फार्म गेट फतेहपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान राजा राजप. ूत निवासी अमलापुर कोटाबाग कालाढूंगी को 64 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना मुखानी में आबकारी अधिनियम के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया है। जबकि दूसरी ओर पुलिस ने एक वारंटी हीरा सिंह बिष्ट निवासी श्याम गार्डन बड़ी मुखानी पीलीकोठी हल्द्वानी को धारा 138 एनआई एक्ट के तहत गिरफ्तार किया।

# जलभराव और खराब सड़कों से राहत की मांग

## तल्ली हल्द्वानी के लोगों ने यूयूएसडीए प्रबंधक से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सड़क निर्माण और जलभराव की समस्याओं को लेकर गुरूवार को तल्ली हल्द्वानी के लोग स्थानीय पार्षद के नेतृत्व में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह से मिले और समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। परियोजना प्रबंधक ने तुरंत मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने की बात कहीं। बता दें कि तल्ली हल्द्वानी क्षेत्र के वार्ड-58 के लोगों सड़क निर्माण और जलभराव की समस्याओं से परेशान है और समस्या का समाधान किए जाने को लेकर फ्रेंड्स कॉलोनी, सुयाल कॉलोनी और ट्यूलिप कॉलोनी के लोग स्थानीय



पार्षद मनोज जोशी की अगुवाई में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी यूयूएडीए के परियोजना प्रबंधक के दफ्तर पहुंचे। इस दौरान पार्षद मनोज जोशी ने यूयूएसडीए प्रबंधक कुलदीप सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि क्षेत्र में कई स्थानों पर सीवर चैंम्बर सड़क से ऊंचे बने हुए हैं, जिससे वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। इसके अलावा बरेली रोड क्षेत्र में चल रहे कार्यों के दौरान पानी का छिड़काव नहीं होने से धूल की समस्या भी बढ़ गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने संबंधित ठेकेदार को तत्काल पानी के छिड़काव के निर्देश दिए। साथ ही पार्षद ने मांग की कि ट्यूलिप कॉलोनी सहित जिन क्षेत्रों में बरसात के दौरान जलभराव होता है, वहां सोख्ते (सोखता गड्डा) बनाए जाएं। पार्षद मनोज जोशी ने यह भी सुझाव दिया कि जहां-जहां सीवर चैम्बर ऊंचे हैं, वहां सड़क निर्माण पूर्ण होने तक अस्थायी रूप से चैम्बरों के आसपास मसाला लगाकर मार्ग को समतल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। परियोजना प्रबंधक ने इस पर त्वरित कार्रवाई का आश्वा. सन देते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों का जल्द सर्वे कराने के लिए टीम को निर्देशित किया। इस मौके पर जगदीश चंद जोशी, आनंद भोज, अमन, एनके शर्मा, मीनाक्षी बिष्ट, ममता भट्ट, कोमल, जानकी भट्ट, विजय भट्ट, राहुल जोशी, कुनाल और अभय जोशी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सड़क, ड्रैनेज कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल के निर्देशों के तहत नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी एपी वाजपेयी ने परियोजना प्रबंधक यूयूएसडीए, एडीबी और अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड नगरीय एवं ग्रामीण के साथ तीनपानी से मंडी तक सड़क चौड़ीकरण और ड्रेनेज कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि अधिक. ांश व्यक्तियों ने अपने अतिक्रमित हिस्से को हटाना शुरू कर दिया है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड नगर और ग्रामीण को निर्देश दिए गए कि सड़कों के किनारे खड़े पोलों की शिफ्टिंग का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर उसे जल्द पूरा करें।



परियोजना प्रबंधक को ड्रेनेज कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने और पोल शिफ्टिंग के लिए स्थान का चयन कर विद्युत विभाग को सूचित करने का आदेश दिया गया। इसके साथ ही, तीनपानी से मंडी की ओर दाहिनी तरफ ड्रेनेज और सड़क चौड़ीकरण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए। मार्ग चौड़ीकरण में आने वाले पेड़ों को काटने के लिए वन विभाग से समन्वय करते हुए कार्य पूरा करने का भी आदेश दिया गया। मंडी चौराहे से शनिबाजार की ओर विद्युत पोलों की शिफ्टिंग के लिए विद्युत विभाग को दो दिन में आगणन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## कार्तिक ने 98 फीसदी अंक लाकर रचा कीर्तिमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में वाईट हाल स्कूल के मेधावी छात्र कार्तिक डालाकोटी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल प्रबंधन और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। कार्तिक ने अपने विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गणित में 94, अंग्रेजी में 99, हिंदी में 97, विज्ञान में 97, सामाजिक विज्ञान में 99 और कंप्यूटर में 98 अंक प्राप्त किए। उनके इस शानदार परिणाम ने उन्हें क्षेत्र के होनहार छात्रों में शामिल कर दिया है। कार्तिक की



माता प्रभा गृहणी हैं, जबकि उनके पिता मनोज डालाकोटी एक शोरूम में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद कार्तिक ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। कार्तिक के चाचा अनिल डालाकोटी के अनुसार, वह शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और समर्पित रहे हैं। खास बात यह रही कि उन्होंने बिना किसी ट्यूशन के ही यह सफलता प्राप्त की। कार्तिक की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अनाधिकृत वेंडरों पर रेलवे सख्त, अपअप्रूव्ड ब्रांड का 25 पेटी पानी जब्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में रेल यात्रियों को स्वच्छ खाद्य सामग्री और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रीष्मकाल को देखते हुए रेलवे प्रशासन अनाधिकृत वेंडरों और अवैध खाद्य-पेय पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा के निर्देशन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। गुरूवार को अभियान के तहत गाड़ी संख्या-15084 में जांच के दौरान अनाधिकृत वेंडरों से 'ऐलविश' ब्रांड की 1000 एमएल की 48 पानी की बोतलें बरामद की गई, जिन्हें आगे की



कार्रवाई के लिए वाणिज्य अधीक्षक कन्नौज को सौंप दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या-15044 के एम-1 कोच से आईआरसीटीसी स्टाफ द्वारा बिक्री के लिए रखे गए 25 पेटी अनअप्रूव्ड ब्रांड के पानी को संयुक्त जांच अभियान के दौरान जब्त किया गया। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं बरेली सिटी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या-12036 के कोच डी-5 में एक अनाधिकृत वेंडर को पकड़ा गया, जिसे रेलवे सुरक्षा बल के सुपुर्द कर धारा-144 के तहत कार्रवाई की गई। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि ट्रेनों और स्टेशनों पर शुद्ध पानी और खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

## सीबीएसई दसवीं के परिणाम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर थपथपाई पीठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का गुरुवार को सम्मान किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय की छात्रा मानवी शर्मा ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा निहारिका तिवारी ने 95.4, दीपक बिष्ट 94.4, वंशिका गर्ग 94.2, प्राची 94, विशेष पाण्डेय 93.8, सृष्टि ल्वेशाली 93.4, काशवी जोशी 93, निशा शर्मा 92.6, मानस बमेठा 92.4, योगेश शर्मा 92, तक्षिता सुयाल 91.8, गौरव गोस्वामी 91.6, आदित्य




अधिकारी 91.4, मिताली लोहनी 91.2, दिव्यांश सिंह 91, महाश्री बिष्ट 90.8, अदिति भाकुनी 90.6, मानसी मनराल व निश्चय दरम्वाल ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं ज्योतिरादित्य और नेहा ने भी 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। मानवी शर्मा ने अंग्रेजी विषय में 100 अंक हासिल किए, जबकि शौर्य और विशेष ने आईटी विषय में 100 अंक प्राप्त किए। कुल 469 बार छात्रों ने विशेष योग्यता प्राप्त की, 127 छात्रों ने 60 प्रतिशत से अधिक और 26 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। समारोह के दौरान प्रधानाचार्य डा. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनका मुंह मीठा कराया और भविष्य में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्र की सफलता में शिक्षकों और अभिभावकों के मार्गदर्शन के साथ उसकी मेहनत और लगन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का संचालन अकादमिक कोऑर्डिनेटर बीबी जोशी ने किया। इस दौरान सुरेश चंद्र मिश्रा, महेश जोशी, नीमा पाण्डेय, तुलसी शर्मा, आडी जोशी, हेमा तिवारी, प्रकाश शर्मा, एसएस कपकोटी, डिंपल गुप्ता, मंजू जोशी, सीमा परिहार, वीएस बजेठा, बीसी सती, रविंद्र, तनूजा भट्ट, उदिता पाण्डेय सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## गैस आपूर्ति में अव्यवस्था पर भड़के व्यापारी नेता

**हल्द्वानी।** काठगोदाम स्थित इंडेन गैस एजेंसी के कार्यालय में पहुंचकर देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली ने गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आम उपभोक्ताओं को हो रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कई बिंदुओं पर अधिका. रियों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर की समय पर आपूर्ति न होने, बुकिंग व्यवस्था में खामियों तथा डीएसी के लंबित मामलों के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार डिलीवरी से संबंधित जानकारी सही तरीके से नहीं दी जाती और उपभोक्ताओं को भ्रमित किया जाता है, जिससे परिवारों के सामने दिक्कतें खड़ी हो रही है। उन्होंने बुकिंग व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा गैस सिलेंडरों की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

## काठगोदाम थाना क्षेत्र से किशोरी लापता

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र से एक किशोरी लापता होने पर परिजनों ने काठगोदाम थाने पहुंचकर तहरीर सौंपी। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ठोकर लाइन काठगोदाम निवासी एक व्यक्ति ने काठगोदाम थाने में दी तहरीर में कहा कि उनकी 16 वर्षीय बेटी बीते बुधवार को बिना बताए घर से गायब हो गई। किशोरी की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

## भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, 5 पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत कुल 5 मुकदमे दर्ज किए गए, और 112 ट्रेटा पैक देशी शराब, 28 अध्धे विदेशी एवं देशी शराब, और 174 लीटर कच्ची शराब के पाउच बरामद किए गए। बता दें कि जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के तहत आबकारी विभाग द्वारा हल्द्वानी बाजार क्षेत्र में संदिग्ध स्थलों पर जांच की गई। आबकारी विभाग की टीम ने कुल्यालपुर नवाबी रोड स्थित एक दुकान पर दबिश दी, जहां से सुनील कुमार को 112 ट्रेटा पैक देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा लालडांट रोड स्थित एक अन्य स्थान से हेमा देवी के कब्जे से भी 112 ट्रेटा पैक शराब जब्त की गई। इसके बाद टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कुसुमखेड़ा में अवैध शराब की बिक्री करने वाले राजेन्द्र सिंह से 28 अध्धे शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में गौला गेट, गौरापड़ाव और चोरगलिया क्षेत्र में भी छापेमारी की गई, जहां से 174 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। टीम ने पांच लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**


स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम में बेटियों का शानदार प्रदर्शन

## डीपीएस की छात्रा हर्षा अरिप्रसाथ ने प्राप्त किए 100 में से 100 अंक



HARSHA ARIPRASATH 1st Rank 100% · VANSH KAUSHIK 2nd Rank 98.80% · ANMOL BARTWAL 3rd Rank 98.60% · MANYA GOYAL 4th Rank 98.20% · SWASTIKA PATEL 4th Rank 98.20% · OJASVI PARIHAR 5th Rank 96.60% · SIDAKPREET KAUR PURI 5th Rank 96.60%

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में एक बार फिर जिले की बेटियों ने बाजी मारी है। डीपीएस की छात्रा हर्षा अरिप्रसाथ ने देश में टॉपरों की सूची में जगह बनाई है। उसने विज्ञान, अंग्रेजी, फ्रेंच, सामा. जिक विज्ञान और एआई सभी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।


दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्टता का नया इतिहास रचते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा हर्षा अरिप्रसाथ ने 100% अंक प्राप्त कर एक ऐतिहा. सिक एवं प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की। उनकी यह सफलता उनके अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प, समयबद्ध अध्ययन और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वंश कौशिक (98.8%), अनमोल बर्तवाल (98.6%), मान्या गोयल (98.2%), स्वस्तिका पटेल (98.2%), ओजस्वी परिहार (96.6%) तथा सिदकप्रीत पुरी (96.6%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के इन शानदार परिणामों पर विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर, वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रोवर एवं प्राचार्य चेतन चौहान ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा विद्यालय के उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने विशेष रूप से हर्षा की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के परिणाम न केवल विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंच. ाते हैं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## कोलम्बस के दिव्यांशु मेहरा ने 98.4:के साथ किया विद्यालय टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मॉडल कॉलोनी स्थित नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय कोलम्बस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 10वीं की परीक्षा में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय के मेधावी छात्र दिव्यांशु मेहरा ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया, वहीं पलक सैनी ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व तपस्या सिरोही ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने कहा विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विषयवार उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। आईटी विषय में दिव्यांशु मेहरा, वृन्दा खेड़ा व वैनवी नेगी ने 100 अंक अर्जित किए। अंग्रेजी विषय में वृन्दा खेड़ा व राजनंदिनी चौहान ने 100 अंक, विज्ञान विषय में दिव्यांशु मेहरा ने 99 अंक, सामाजिक विज्ञान विषय में तपस्या सिरोही ने 99 अंक, गणित विषय में आरूष भारद्वाज ने 98 व हिन्दी विषय में राजनंदिनी चौहान ने 98 अंक प्राप्त कर विषयवार उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। विद्यालय के बच्चों की शानदार सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित कर शुभाशीष दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा ने खुशी जाहिर करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



98.4% दिव्यांशु मेहरा · 96.6% पलक सैनी · 96.2% तपस्या सिरोही

## जेसीज का दसवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम रहा शतप्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% दर्ज कराया। परीक्षा में कुल 281 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा में अंश श्रीवास्तव ने 99% अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रत्यूष कुमार नन्दा तथा माही सिंह ने 98.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा सक्षम शर्मा, हरमनरीत कौर एवं केशिका डसीला ने 98.6



% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्टता की श्रेणी में 84 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये, जो कि अपने आप में एक कीर्तिमान है। परीक्षा में विभिन्न विषयों में 45 परीक्षार्थियों ने 100% अंक प्राप्त किये। ए0आई0 में 22, विज्ञान में 01, सामाजिक विज्ञान में 03, हिन्दी में 03, अंग्रेजी में 11 तथा संस्कृत में 05 विद्यार्थियों ने शतप्रतिशत अंक प्राप्त किये, जो कि विद्यालय के लिए एक उपलब्धि है।

विद्यालय प्रबन्धन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जेसीज पब्लिक स्कूल भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुधांशु पन्त, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा एवं मुख्य अध्यापिका लतिका अरोरा ने परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## होली चाइल्ड स्कूल का कक्षा 10वीं के सीबीएस.ई का परीक्षाफल शतप्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** होली चाईल्ड स्कूल ने वर्ष 2026 के कक्षा 10वीं के सीबीएसई परीक्षा में एक बार फिर विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धि की परम्परा बनाए रखी है।



विद्यालय में प्रथम स्थान मेधा गंगवार 96.2%, द्वितीय स्थान नीतिका बिस्वाश-95.6% तथा तृतीय स्थान पुष्कर वशिष्ठ-94.6% व सात्विक द्विवेदी 94.6% ने प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय में 90% व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है-प्रियांशु-94%, साक्षी जोशी-93.8%, शुएब हुसैन-93.4%, सागर गोयल 92.8%, कार्तिक भाटिया-92%, अफान मलिक-91%, कृष्णा पन्त-90.8%, हर्षदीप सिंड-90.6%, लक्ष खुराना-90.4%, सूर्य-90.4%, सान्या भाटिया-90.2%. अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, सचिव विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाध्यापक मिंटू दुबे, उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व मंजू अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

## आरएएन के शिवांग अग्रवाल ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया स्कूल टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बिलासपुर रोड स्थित आरएएन पब्लिक स्कूल के शिवांग अग्रवाल ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। वहीं प्रिशा मिश्रा ने 96.



2 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा व विज्ञा जैन ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया। आरएएन स्कूल भूरारानी के अश्वनी अरोरा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर रही। वहीं हर्षिता पनेरू 97.8 प्राप्त कर द्वितीय और नव्या सिंह ने 97.4 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## महर्षि विद्या मंदिर में लगा विधिक कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वधान में एक कैंप का आयोजन किया गया कैंप की अध्यक्षता प्रधानाचार्य हेमचंद कर्नाटक ने किया। न्यायाधीश तथा तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बतौर मुख्यमंत्री मौजूद रहे। संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया।

कैंप में पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह ने मोटर व्हीकल एक्ट, ड्राइविंग लाइसेंस व थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। वहीं प्राधिकरण के सचिव ने बाल अपराध, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों, स्थाई लोक अदालत एवं लोक अदालत में निपटाए जाने वाले विवादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमचंद कर्नाटक ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर पीएलवी मीरा देवी, मानवती, भगवती राणा,भगवत गोस्वामी, विनोद, पुष्पा मेहरा, शैल कुमारी, मानसी भट्ट , अनीता भट्ट , राम दत्त शर्मा, लक्ष्मण गिरी सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## सरस्वती एकेडमी बिगराबाग के छात्रों ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बिगराबाग स्थित सरस्वती एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। 15 अप्रैल 2025 को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में विद्यालय का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

विद्यालय के छात्र सौम्य भट्ट ने 93% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रियांशु सिंह भंडारी ने 92% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया और हिमेश जोशी ने 91% अंक



सौम्य भट्ट · प्रियांशु भंडारी · हिमेश जोशी

लाकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा विद्यालय के 18 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्रों ने एक-दूसरे को बधाई दी और अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। कक्षा 10 के शत-प्रतिशत परिणाम पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रबंधन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल, प्रबंधक राजेश पाल तथा प्रशासनिक अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। वहीं प्रधानाचार्य रामयश ने बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि विद्यालय ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100% सफलता प्राप्त की है।

## एनसीसी कैडेट्स ने चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में गुरुवार को "स्वच्छता अभियान 5. 0" का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर, कार्यालय एवं आसपास के स्थलों की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। साथ ही उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी कार्य किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बीके सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह एक जिम्मेदार नागरिक होने का भी प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और इसे अपने जीवन में अपनाने की अपील की।

## युवक पर जानलेवा हमला, रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

**धूल उड़ने के विवाद से शुरू हुआ मामला, व्हाट्सएप ग्रुप में धमकियों के बाद तलवार से हमला**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** थाना बाजपुर क्षेत्र के ग्राम इटव्वा निवासी एक युवक पर कुछ लोगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मन्नी सिंह पुत्र हरवंश सिंह निवासी ग्राम इटव्वा ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि करीब 20ख्र25 दिन पूर्व गांव में धूल उड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगों से कहासुनी हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते आरोपियों द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप में भी उसे धमकियां दी गईं। घटना 15 अप्रैल 2026 की शाम करीब 5:15 बजे की बताई जा रही है, जब वह अपनी माता का इलाज कराने जा रहा था। इसी दौरान बन्नाखेड़ा रोड स्थित बाबा तारा सिंह पेट्रोल पंप के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। शिकायत में बताया गया है कि हमलावरों के हाथों में तलवार और अन्य हथियार थे। आरोप है कि गुरलाल उर्फ निज्जर नामक युवक ने तलवार से वार कर पीड़ित के सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई। पीड़ित के अनुसार, उसके पास हमले से संबंधित वीडियो और फोटो साक्ष्य भी मौजूद हैं।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर पीड़ित की जान बचाई, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शैक्षिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा सत्र 2025ख्र26 में 100% परिणाम हासिल किया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण होकर न केवल स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता को भी गौरवान्वित किया।

हर साल की तरह इस साल भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल टॉपर्स में गरिमा कांडपाल ने 96.6%,सिद्धार्थ जोशी ने 96%,सुविज्ञा अग्रवाल ने 95.8%,अपर्णा खाती ने 95.8%,नैतिक शर्मा ने 94.8%,दिव्यांश फुलोरिया ने 94.2%,आदित्य दयाल ने 94%,रिया कोहली ने 93.8%, मनस्विनी पांडे ने 93. 4%, सोमाक्ष श्रीवास्तव ने 92.4%,अनस अंसारी ने 92.4%,यशिका सती ने 91.8%,मानसी बोहरा ने 91.2%,उमा अरोड़ा ने 90.4%, मोहम्मद अवान ने 90.2%,संदीप सिंह रावत ने 90.2%, गौरव रावत ने 90.2%,आदित्य रावत ने 90.2%तनिष्का ने 90.1%,वंशिका रावत ने 90.1%, अलफिजा ने 90.1%,अंजलिका सिंह अकेला ने 90.1%,मोहम्मद अयान सैफी ने 90% अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर प्रसून श्रीवास्तव और विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. नलिनी श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का मुख्य आधार बताया। इसके अतिरिक्त गरिमा कांडपाल ने 100% अंक इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी,अंजली वोहरा ने 100% अंक पेंटिंग, गौरव रावत ने 100% अंक पेंटिंग जैसे विषयो में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## बॉलीवुड एक्टर सोमांश लगातार छू रहे है बुलंदिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर जैसे छोटे शहर से निकला हुआ एक छोटा बच्चा जिसे आज केवल देश ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व जानता है,और जानना भी चाहिए क्योंकि ऐसे बच्चे केवल माता पिता का सपना पूरा नहीं करते, बल्कि पुरे देश का नाम विश्व तक ले जाते है।



आज जहां क्रिकेट मे वैभव सूर्यवंशी कम उम्र मे नाम कमा रहे है तो वही बॉलीवुड मे सोमांश चमकते हुए सितारे की तरह छाए हुए है।एक के बाद एक सीरियल, रियलिटी शो,हिट मूवीज वो चाहे छोटे पर्दों पर हो या बड़े लगातार बढ़ते हुए नजर आ रहे है।देहरादून उत्तराखंड के बाद, अब महाराष्ट्र मे डिजिटल इमपेक्ट ई 4 रिटेल द्वारा किया जाने वाले कार्यक्रम मे भी सोमांश को बेस्ट चाइल्ड इन्फेलूंसर का अवार्ड दिया गया है, जिससे सोमांश उनके माता पिता, दादी समेत सभी पारिवारिक लोग बेहद खुश नजर आ रहे है। यह अवार्ड हर वर्ष दिया जाता है, पिछले वर्ष भी यह एवार्ड सोमांश नें ही जीता था और इस बार दोबारा सोमांश इसके लिए नॉमिनेट किये गये और ये एवार्ड उन्होंने अपनें नाम किया है। इतनी छोटी उम्र मे इतना काम और उन कामों की समझ कोई सोमांश से सीखे,वह हमेशा उत्तराखंड को आगे बढ़ाने की बात करते है, उन्हें टीम वर्क पसंद है। उनके पिता पूर्व सभासद नगरपालिका रामनगर भुवन सिंह डंगवाल का उत्तराखंड सरकार से अपील की है कि बॉलीवुड मे सोमांश एक अकेला बच्चा प्रतिभाग कर रहा है और अलग-अलग राज्यों से सम्मान प्राप्त कर चुका है। उनका पुत्र हर बार उत्तराखंड राज्य का नाम बढ़ा रहा है। इसलिए सरकार को सोमांश के भविष्य को देखते हुए उसे सहयोग करना चाहिए और उसे चाइल्ड एम्बेसडर की भूमिका जरुर प्रदान करनी चाहिए, ताकि सोमांश उत्तराखंड के अन्य बच्चों को भी प्रोत्साहित कर सकें।

## फल एवं सब्जी के फुटकर व्यापारियों की दुकानों से मूल्यों का आकलन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायत पर मोहल्ला लाखनपुर में फल एवं सब्जी के फुटकर व्यापारियों की दुक. ानों पर जाकर मूल्यों का आकलन कर उचित दरों पर उपभोक्ताओं को फल एवं सब्जी बेचने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी। मंडी समिति के सचिव सहील अहमद ने टीम के साथ मोहल्ला लखनपुर में फल एवं सब्जी के फुटकर दुकानों पर जाकर मूल्यों का आकलन किया।मौके पर जाकर देखा कि मंडी के फुटकर लाईसैस बिना अपना कारोबार कर रहें हैं।उपभोक्ताओं को मनमाने मूल्य पर फल एव सब्जी बेच रहें थे।मंडी सचिव ने चेतावनी देकर कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर उचित कार्यवाही कि जाएगी। मंडी सचिव ने बताया कि रामनगर में फल एवं सब्जी के फुटकर कारोबारी दुगने मूल्य पर फल एवं सब्जी बेच रहे हैं।मंडी में भिंडी का थोक मूल्य 25 से 30 किलो है फुटकर में 50 से 60 रुपए किलो उपभोक्ताओं को बेच रहें हैं आज इन कारोबारियों को चेतावनी दी गई कि उपभोक्ताओं को उचित दरों पर बेचे।

## दस्तावेज लेखक के पिता के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** दस्तावेज लेखक अजय गोयल के पिता हरिओम गुप्ता के निधन पर तहसील परिसर में शोक सभा आयोजित की गई। सभा में तहसील एसोसिएशन, अधिवक्तागण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।सभा ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।इस दौरान एडवोकेट फईम चौधरी,रईस आलम,पंकज कुमार, राजेन्द्र सिह लटवाल, राजपाल रावत, मौहम्मद अययूब, हिमांशु टाटा, अब्दुल कुदुस,संजय कनोजिया,जाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दोराहा में बस और साइकिल की टक्कर, एक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुवार को दोराहा क्षेत्र में बस और साइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची दोराहा पुलिस ने कनोरा ग्राम प्रधान गुलाम हसन की निशुल्क सेवा एंबुलेंस की मदद से घायल को बाजपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल की पहचान सरजीत निवासी करीमपुर घोसीपुरा, स्वार रामपुर के रूप में हुई है।

### केआईटीएम के विद्यार्थियों ने राजभवन में विधि सहयोगी एप्लिकेशन का किया सफल प्रस्तुतिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के बीएससी इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं प्रिया जोरा, दीक्षा भंडारी एवं शिवम सिंह बिष्ट द्वारा विकसित विधि सहयोगी कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित चौटबॉट एप्लिकेशन का सफल प्रस्तुतीकरण राजभवन में उत्तराखंड राज्यपाल गुरमीत सिंह के समक्ष किया गया।

यह प्रेरणादायक पहल सोबन सिंह जीना राज्य विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन एवं कुलसचिव डॉ देवेंद्र सिंह बिष्ट के निर्देशन में संपन्न हुई। इस अवसर पर राज्यपाल ने छात्रों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए विधि सहयोगी एप्लिकेशन को आगामी माह राजभवन, नैनीताल में प्रारंभ करने की घोषणा की तथा छात्राओं को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। एमडी कमल सिंह बिष्ट ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि विधि सहयोगी समाज के कमजोर वर्ग, विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं को विधिक जागरूकता एवं मार्गदर्शन प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

### शिव दुर्गा मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुवार को कृष्णा नगर, वार्ड नंबर 12 स्थित श्री शिव दुर्गा मंदिर में स्थापना दिवस के अवसर पर प्रथम विशाल भंडारा एवं हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हवन पूजन में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने भगवान का आशीर्वाद लेकर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में अजय शास्त्री व अजय शुक्ला द्वारा विधि-विधान से हवन पूजन संपन्न कराया गया। मंदिर निर्माण समिति कृष्णा नगर के सदस्यों के प्रति सभी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, पूर्व सांसद बलराज पासी, रामकिशन, शुभम पांडे, अमन वर्मा, चंद्रभान पांडेय, धीरेन्द्र यादव, शंकर कुमार, विक्की राजहंस, कन्हैया, लेखराज, नन्हे यादव, सतीश कुमार, जगन सैनी, नरेश शर्मा, सन्नी, रामोतार, अश्वनी पाठक सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### उप जिला चिकित्सालय की बदहाल व्यवस्था सुधारने को छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उप जिला चिकित्सालय की दशा सुधारने सहित विभिन्न मांगों को लेकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर के छात्रों ने छात्र संघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोहरा के नेतृत्व में एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में छात्रों ने चिकित्सालय में आईसीयू व एनआईसीयू की स्थापना, विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती, आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने, ब्लड बैंक/ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित करने तथा इमरजेंसी सेवाओं को पूर्ण रूप से सुदृढ़ किए जाने की मांग उठाई। छात्रों का कहना था कि वर्तमान में अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को उपचार के लिए बाहर जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। इस दौरान अमन दीक्षित, उत्कर्ष, विशाल सिंह, राहुल, सुख, अंकित भट्ट , विशाल यादव, अंकुर, अनुज सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

### गैस के लिए हंगामा,धरने पर बैठे ठुकराल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** इण्डेन गैस एजेंसी में लोगों को सिलेंडर हासिल करने में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को लाइन में लगे सैकड़ों उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा काटा। घरेलू गैस उपभोक्ताओं को पिछले कई दिनों से ऑन लाईन बुकिंग कराने के बाद भी सिलेंडर न मिलने के विरोध में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने इण्डेन गैस एजेंसी कार्यालय में धरना शुरू कर दिया।



ठुकराल का आरोप है कि एजेंसी प्रबंधक व ठेकेदार की मिलीभगत से रोस्टर के अनुसार सिलेंडर वितरित न कर मनमाने तरीके से वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता जिनमें भारी संख्या में महिलायें भी शामिल हैं अपना सारा घरेलू काम व बच्चों को छोड़कर सिलेंडर के लिए भटक रही है। जो दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने एजेंसी प्रबंधक को साफ लहजे में कहा कि जब तक गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था सही नहीं की जायेगी वह यहां से नहीं उठेंगे। एजेंसी प्रबंधक ने कहा कि यदि कोई रिक्शे वाला अपने रूट से हटकर दूसरे रूट पर गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि दूसरे शनिवार व रविवार दो दिन के अवकाश के कारण व्यवस्थाओं में व्यवधान पैदा हुआ था। अब व्यवस्थाएं धीरे-धीरे पटरी पर आ रही हैं। उनका कहना था कि उपभोक्ताओं को उनके घरों में ही सिलेंडर पहुंचाए जाएंगे। इस दौरान वहां मौजूद भारी संख्या में उपभोक्ताओं ने एजेंसी प्रबंधक और ठेकेदार को जमकर खरी खोटी सुनाई।

### पब्लिक स्कूल एसोसिएशन ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत की अगुवाई में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर ने एक ज्ञापन एसडीएम को दिया।दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि रामनगर पब्लिक स्कूल एसोसिएशन ने वर्तमान समय में रामनगर क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर डीजल न होने के कारण विद्यालयों के परिवहन संचालन पर इसका असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की बसें छात्रों को उनके घरों से विद्यालय तक सुरक्षित लाने-ले जाने का प्रमुख माध्यम हैं। डीजल की कमी के चलते इन बसों का संचालन बाधित हो रहा है, जिससे न केवल विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति प्रभावित हो रही है, बल्कि शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के समय पर विद्यालय पहुंचने में भी कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। यदि यह स्थिति आगामी दिनों में भी बनी रहती है, तो विद्यालय प्रबंधन के लिए शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करना बहुत कठिन हो जाएगा, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर ने एसडीएम से इस विषय को प्राथमिकता देते हुए संबंधित पेट्रोल पंप संचाल. कों को आवश्यक निर्देश प्रदान करने की अपील की। इस दौरान पब्लिक शिशुपाल सिंह रावत, अतुल छीमवाल,हिमांशु जोशी, मीना पांथरी,पंकज मेहरा,निधि मेहरा,अरुल आदि मौजूद रहे।

## पहचान छुपाकर व्यापार करने वालों के खिलाफ एसपी क्राइम से मिले विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नाम बदलकर व्यापार करने वालीं घटना जिसमे गत दिवस त्रिशूल चौक के पास हुए घटनाक्रम पर एसएसपी ऑफिस में विधायक शिव अरोरा ने हिन्दू सगठनों के साथ एसपी क्राइम जीतेन्द्र चौधरी को लिखित ज्ञापन सौंपकर ऐसे असमाजिक तत्वों व पहचान छुपाकर व्यापार करने वालों के खिलाफ सघन अभियान चालने की बात कही।

मुलाकात के दौरान विधायक अरोरा ने कहा गत दिवस रवि चंद्रा नाम के युवक द्वारा जोमैटो पर बिरयानी ऑर्डर किया जाता है जिसकी जोमैटो आईडी सौरभ के नाम से दिखाई दे रही थी और जबकि डिलीवरी बॉय आर्डर लेने त्रिशूल चौक के समीप इंडियन रेस्टोरेंट पर आर्डर लेने पहुंचता है इसका मालिक राशिद निकलता है। तब जाकर वहां गत दिवस इंडियन रेस्टोरेंट पर हंगामा खड़ा हो गया तो हिंदू संगठन के लोग पहुंचे। उन्होंने पहचान छुपा कर व्यवसाय करने वाले का जमकर विरोध किया और धार्मिक भावनाएं के साथ सीधा सीधा खिलवाड़ है। विधायक ने एसपी क्राइम से स्पष्ट कहा निश्चित रूप से गत दिवस कोई बड़ी घटना हो सकती थी यह कार्य अपराध की श्रेणी मे आता है। आप नाम छुपाकर हिन्दू लोगो भावनाओं को आहत करने और जिस प्रकार की सुनियोजित मानसिकता दिखाई पड़ती है यह बर्दाश्त योग्य बिल्कुल नहीं।

एसपी क्राइम जीतेन्द्र चौधरी ने विधायक शिव अरोड़ा को भरोसा दिया इसमें हम ड्राइव चला कर ऐसे अन्य कोई लोग पाए जाते हैं तो उन्हें चिन्हित करने का कार्य करेंगे और नियमनुसार कार्यवाही करेंगे। इस दौरान गौ रक्षा दल जिला महामंत्री राधे श्रीवास्तव, बिट्टू चौहान, मनीष गोस्वामी, मनोज मदान, विक्की राघव, रचित सिंह, आदेश भरद्वाज, मयंक कक्कड़, मयंक माटा, वासु, रवि चंद्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# शिकायतों का समय से करें निस्तारण: डीएम

- सीएम हेल्पलाइन पोर्टल: 36 दिन से अधिक लंबित प्रकरणों पर विशेष हुई समीक्षा
- शिकायतकर्ता से संतुष्टि के बाद ही बंद हों शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल 1905 पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्यालय से दूर कार्यरत अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी ने एल-1 एवं एल-2 स्तर पर लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि एल-1 स्तर पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक रूप से उन्हें एल-2 स्तर पर लंबित न रखा जाए। साथ ही एल-2 स्तर पर लंबित शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से कार्यवाही करते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने 36 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण शीघ्र किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं से फोन पर संपर्क कर संतुष्टि प्राप्त करने के उपरांत ही शिकायतों को बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक निस्तारण पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता की वास्तविक समस्या का समाधान होना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन शिकायतों में निर्माण कार्य, वित्तीय स्वीकृति अथवा शासन स्तर की अनुमति अपेक्षित है, उन मामलों में शिकायतकर्ता को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए। साथ ही संबंधित पत्रावलियां समयबद्ध रूप से निदेशालय अथवा शासन स्तर पर प्रेषित की जाएं तथा प्रकरण लंबित रहने के कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करें तथा विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित किया जाए, जबकि शासन स्तर अथवा अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों को समयबद्ध रूप से संबंधित कार्यालयों को प्रेषित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही से लगातार अवगत कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र वर्मा,जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### टनकपुर में तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर पालिका परिषद टनकपुर में आयोजित तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में 35 प्रगणक, 09 सुपरवाइजर, 04 आरक्षित प्रगणक तथा 01 आरक्षित सुपरवाइजर को विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जनगणना निदेशालय से आए भावेश धीमान के निर्देशन में किया गया, जहां प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया, डिजिटल सर्वेक्षण और फील्ड कार्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण समापन के अवसर पर भारत की जनगणना 2027 को सफल बनाने हेतु सेवा भाव की शपथ चार्ज अधिकारी ऋषभ उनियाल द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर फील्ड ट्रेनर उमेश चन्द्र गड़कोटी, प्रकाश चन्द्र गड़कोटी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी प्रिया बिष्ट तथा जनगणना लिपिक अनुराधा यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गुलदार हमले में घायल छात्रा का डीएम ने अस्पताल पहुंच जाना हाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जनपद चम्पावत के बाराकोट ब्लॉक अंतर्गत मऊ (चौमेल) क्षेत्र में गुलदार के हमले में घायल हुई छात्रा ज्योति को प्रशासन की त्वरित सक्रियता के चलते समय रहते उपचार मिल गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए घायल छात्रा को उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट पहुंचाया। यहां चिकित्सकों की टीम ने प्राथमिक उपचार किया और जांच के बाद छात्रा की स्थिति को खतरे से बाहर बताया। बेहतर इलाज के लिए उसे जिला चिकित्सालय चम्पावत रेफर कर दिया गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार सूचना मिलते ही स्वयं उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट पहुंचे और घायल छात्रा का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिए कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और छात्रा को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने छात्रा के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही वन विभाग को निर्देश दिए कि क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए तत्काल पिंजरा लगाया जाए, गश्त बढ़ाई जाए और ग्रामीणों को सतर्क किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### सीएमओ का लोहाघाट अस्पताल में औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** उप जिला चिकित्सालय में गुरुवार को सीएमओ चम्पावत डॉ. देवेश चौहान ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड, अल्ट्रासाउंड कक्ष, फार्मेसी, शौचालय और इंजेक्शन रूम समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड में बेड की चादरों को निर्धारित समय के अनुसार न बदलने पर सीएमओ ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि मानकों के अनुसार रोजाना चादरें बदली जाएं और अस्पताल में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को अस्पताल में साफ-सफाई बनाए रखने और मरीजों को बाहर से दवा न लिखने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मरीजों को दी जा रही दवाओं की जांच की और वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि अस्पताल की व्यवस्थाएं अधिकांशत: संतोषजनक पाई गई हैं, जबकि कुछ कमियों को जल्द ही दूर किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय को 100 बेड का अस्पताल बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा जिलाधिकारी के सहयोग से अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती लगातार की जा रही है और जिन चिकित्सकों की कमी है, उन्हें जल्द उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं।

### ऑकलैंड पब्लिक स्कूल लोहाघाट का शानदार रिजल्ट, सभी छात्र प्रथम श्रेणी में पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था ऑकलैंड पब्लिक स्कूल (OPS) ने एक बार फिर सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में शानदार परिणाम देकर अपनी गुणवत्ता साबित की है।



विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस वर्ष छात्रों में रोहन जोशी ने 96.02 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं रितेश उपाध्याय ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। छात्राओं में कुमारी चित्रा ढेक ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नाबालिग से स्मैक सप्लाई कराने वाली महिला तस्कर को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** कोतवाली गदरपुर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत एनडीपीएस एक्ट में वांछित चल रही महिला तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने फरार अभियुक्ता साईन पत्नी शाकिर उर्फ नक्टा निवासी करतारपुर रोड गदरपुर को रुद्रपुर के भूतबंगला हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। मामला 24 जनवरी 2026 का है, जब एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट और गदरपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने करतारपुर रोड तिराहे पर एक नाबालिग को स्कूटी समेत पकड़ा था। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिग्गी से 112 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी। पूछताछ में नाबालिग ने बताया था कि यह स्मैक उसकी मां साईन और पिता शाकिर उर्फ नक्टा ने दी थी। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। तभी से महिला फरार चल रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उसे धर दबोचा। पुलिस के अनुसार साईन शातिर किस्म की अपराधी है और अपने पति के साथ मिलकर गदरपुर के वार्ड नं. 01 करतारपुर रोड पर अपने घर से स्मैक तस्करी का नेटवर्क चलाती थी। उसके खिलाफ थाना गदरपुर में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं और गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई हो चुकी है। वहीं उसका पति शाकिर उर्फ नक्टा पहले ही तमंचा और कारतूस के साथ पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत लोहाघाट में खंगाले अल्ट्रासाउंड केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत लोहाघाट क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उप जिलाधिकारी लोहाघाट की संयुक्त टीम ने एक निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र के साथ-साथ राजकीय पशु चिकित्सालय में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन की भी गहन जांच की।

निरीक्षण के दौरान टीम ने फॉर्म-एफ, ओपीडी रजिस्टर, मशीन क्रय से संबंधित दस्तावेजों सहित अन्य जरूरी अभिलेखों का बारीकी से मिलान किया। जांच में सभी दस्तावेज सही पाए गए और किसी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई, जिस पर प्रशासन ने संतोष जताया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में पीसीपीएनडीटी अधिनियम का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भ्रूण लिंग परीक्षण या कन्या भ्रूण हत्या जैसे अवैध कार्य किसी भी स्थिति में न किए



जाएं। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि भ्रूण लिंग परीक्षण कराना कानूनन अपराध है। यदि किसी अस्पताल या केंद्र में इस तरह की गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल स्वास्थ्य विभाग या प्रशासन को सूचित करें, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## महाविद्यालय में लगा भव्य रक्तदान शिविर

- छात्र-छात्राओं ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में गुरुवार को एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उच्च शिक्षा उत्तराखंड, वीरा फाउंडेशन देहरादून तथा रेड क्रॉस समिति राजकीय महाविद्यालय टनकपुर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी, वीरा फाउंडेशन की टीम एवं प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. तिवारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते




हुए इसे मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताया और सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर का सफल एवं सुरक्षित संचालन प्रोफेसर डॉ. एसके कटियार एवं रेड क्रॉस समिति प्रभारी डॉ. सुषमा मक्कड़ के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, रेड क्रॉस समिति के स्वयंसेवक तथा अन्य रक्तदाता उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर के माध्यम से सभी ने मानव सेवा का संदेश देते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

## करोड़ों के नुकसान का परिषद ने लगाया आरोप

- प्रबंधन ने सुरक्षा मानकों का दिया हवाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड की टनकपुर इकाई ने डिपो के संचालन को लेकर सहायक महाप्रबंधक (संचालन) पर विभिन्न आरोप लगाए हैं। परिषद का कहना है कि ऑफ रोड बसों को ऑन रोड किए जाने के संबंध में कई बार अनुरोध करने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई, जिससे निगम को आर्थिक नुकसान होने का दावा किया गया है।

परिषद के पदाधिकारियों के अनुसार, यह भी आरोप है कि कुछ कार्य निगम मुख्यालय के निर्देशों के अनुरूप नहीं किए जा रहे हैं, जिससे निगम की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। परिषद ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए निगम की वित्तीय स्थिति पर भी चिंता जताई है और इसे कर्मचारियों के हितों के लिए प्रतिकूल बताया है। इन मुद्दों को लेकर कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा विरोध स्वरूप धरना कार्यक्रम किया जा रहा है। जानक. ारी के अनुसार, 13 अप्रैल से प्रारंभ हुआ शाखा स्तर का धरना अब क्षेत्रीय प्रबंध समिति के अधीन संचालित हो रहा है और 16 अप्रैल से मंडलीय प्रबंधक (संचालन) कार्यालय में जारी है।

वहीं, प्रबंधन पक्ष का कहना है कि डिपो में बसों के संचालन और रखरखाव से संबंधित निर्णय तकनीकी, सुरक्षा और उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए लिए जाते हैं। अधिकारियों के अनुसार, किसी भी बस को ऑन रोड करने से पूर्व उसकी फिटनेस, आवश्यक मरम्मत और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाता है। साथ ही, मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप ही कार्यवाही की जा रही है। धरना कार्यक्रम क्षेत्रीय अध्यक्ष भोपाल सिंह एवं क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र बिष्ट के नेतृत्व में संचालित हो रहा है।

इस दौरान आकाश कुमार, रिंकू कांडपाल, दिनेश भट्ट, पंकज पंत (शाखा मंत्री), संजीव कुमार, भोपाल सैनी, विक्रम सिंह, विनोद नौटियाल, नरेंद्र तिवारी, नवीन कुमार, भरत पाठक, प्रवीण जोशी, हरीश जोशी, दीपक बिष्ट, जगदीश सामंत, डिगर सिंह, मोहित, अमित पाल, कमल रावत, अशोक बोरा, करण नेगी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## गोशन स्कूल का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के गोशन स्कूल का सीबीएसई बोर्ड कक्षा - 10 वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

गुरुवार को स्कूल के प्रबंधक डॉक्ष् सुरेश चंद्र जोशी ने बताया कि स्नेहदीप कौर 92.8%, अंशु राठौर 92.8%, किरनदीप कौर 91.6 %, कनकप्रीत कौर 91.0%, देव प्रजा. पति 90.0%, प्रभजोत कौर 88.4%, संचित रजौरिया 86.8%, कार्तिक पंत 85.4%, सहजप्रीत कौर 85%, राजवर्धन सिंह 84.8%, रबनूर कौर 84.2% एवं वर्तिका जोशी 82.2% अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया एवं सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस उपलक्ष में प्रधानाचार्य प्रकाश कांडपाल,अध्यक्षा सरोज जोशी, नीरज जोशी, दमनप्रीत कौर, हेम कांडपाल, शिवदत्त जोशी, विजय नगर, मीनाक्षी कुमारी, चारु जोशी, दीपक सक्सेना, शिवराज सिंह, आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत चलाया हस्ताक्षर अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नारी शक्ति वंदन अभियान के निमित्त डिग्री कॉलेज रुद्रपुर में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलौत के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस अभियान में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा मानव श्रृंखला बनाकर महिला सशक्तिकरण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों तथा उनकी सक्रिय भागीदारी को और अधिक सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेन्द्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नवजोत सिंह सहित रचित सिंह, रोहित भट्ट,



आदेश भारद्वाज, मनीष गोस्वामी, अशोक नेगी, मयंक माटा,संजय कुमार एवं सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक शिव अरोरा ने अपने संबोधन में कहा कि देश और प्रदेश की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अभियान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें समाज में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलौत ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने का एक मजबूत संकल्प है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर महिला को समान अवसर और सम्मान मिले, तभी सशक्त समाज का निर्माण संभव है। अंत में सभी ने मिलकर नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के इस संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल हुई बर्बाद

- मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बेमौसम बारिश से खराब हुई गेहूं की फसल के मुआवजे सहित छह सूत्रीय मांगों को लेकर किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष सरदार हरमिंदर सिंह ढिल्लन 'लाडी' के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को सौंपा।

किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लन 'लाडी' ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है और योजनाएं लागू करते समय किसानों के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासनकाल में आम जनता परेशान है और उनकी




समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने सरकार को गूंगी और बहरी तक करार दिया। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने बेमौसम बारिश से खराब हुई गेहूं की फसल का उचित मुआवजा देने, बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान शीघ्र कराने, सीड प्लांट व राइस मिलों पर गेहूं व धान की खरीद सरकारी मूल्य से अधिक पर सुनिश्चित करने, किसानों के ट्यूबवेल के बिजली बिल माफ करने तथा प्रत्येक गेहूं खरीद केंद्र का कोटा 5 हजार कुंटल करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान विधायक प्रतिनिधि जोरावर सिंह भुल्लर, डी.के. जोशी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, केलाखेड़ा के पूर्व चेयरमैन हामिद अली, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री कदीर अहमद, कामरान खान, यूथ कांग्रेस जिला महासचिव हरजिंदर सिंह, गोल्डी कंग, भजुवानगला ग्राम प्रधान अजय कुमार, महेशपुरा ग्राम प्रधान प्रति. निधि लीलाधर सैनी, सभासद प्रति. निधि आदित्य चानना, इंद्रजीत सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में हासिल की सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक शानदार मिसाल कायम की है, जिसने 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 2025-2026 में 100% परिणाम हासिल किया है। छात्रों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी लगन, कड़ी मेहनत और स्कूल के शिक्षकों तथा अभिभावकों द्वारा दिए गए निरंतर मार्गदर्शन को दर्शाता है।



सिद्धांत शर्मा ने 98% अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, आदित्य गुप्ता ने 94.6% अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया और सनी सिंह 93.5% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कई अन्य छात्रों ने भी असाधारण प्रदर्शन किया। इनमें श्रेया गोंड (91%), अक्षिता चंद्रा (90.8%), नजराना (90%), आयुष (89.6%), हर्षिता चंद्रा (89.2%), शालिनी (88.4%), तनु (87.8%), तृषा (87.4%), प्रिंस (87.2%), मोसिन (86.8%), आयुषी भट्ट (86.4%), रीना (86.2%), और अनमोल (85.6%) शामिल हैं। उनकी ये उपलब्धियाँ शैक्षणिक प्रतिभा को निखारने के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं। इस वर्ष के परिणामों की एक विशेष बात सिद्धार्थ शर्मा की असाधारण उपलब्धि है, जिन्होंने विज्ञान और हिंदी दोनों विषयों में 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त किए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर प्रधानाचार्य महेश चंद्रा ने सभी शिक्षकों और शिक्षविदों को उनकी अथक मेहनत, लगन और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई दी।

## मुख्य सचिव ने किया सेटेलाइट एम्स का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को किच्छा में 351 करोड़ की लागत से 280 बेड का निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रमिकों की संख्या व उपकरण बढ़ाते हुए कार्यो में गति लाकर आगामी माह जुलाई तक चिकित्सालय कार्य पूर्ण करने के निर्देश अभियन्ता सीपीडब्लूडी को दिए। उन्होंने कहा चिकित्सालय भवनों को कार्ययोजना बनाते हुए प्राथमिकता से करें ताकि माह अगस्त से ओपीडी प्रारम्भ की जा सकें।



अभियंता सीपीडब्लूडी उत्पल त्रिपाठी ने बताया कि चिकित्सालय का कार्य 30 जुलाई तक पूर्ण कर कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवासीय भवनों का कार्य 85 प्रतिशत से अधिक हो गया है माह मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। चिकित्सालय की सड़कों को भी मई तक पूर्ण कर ली जाएगी तथा प्लांटेशन जून में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एम्स में 250 बेड, 10 ओटी, 30 आईसीयू बेड, डायग्नोसेस एंड लेब, कार्डियोलोजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलोजी, न्यूरोलॉजी,जनरल सर्जरी, आर्थो, जनरल मेडिसिन, पेडियाट्रिक, इमरजेंसी एंड ट्रॉमा बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय में सराय व शॉपिंग कॉम्पलेक्स भी बनाएं जा रहे हैं। निदेशक एम्स ऋषिकेश प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि चिकित्सालय कार्य पूर्ण कर जुलाई में हस्तगत होता है तो अगस्त से ओपीडी प्रारम्भ कर दी जाएगी। अधीक्षण अभियंता सिंचाई ने बताया कि एम्स के हाईवे साइड तीन एप्रोच गेट है जहां जुलाई से पूर्व नाला निर्माण कर एप्रोच पुलिया बना दी जाएगी। इस दौरान मुख्य सचिव व मंडलायुक्त ने परिसर में पौधारोपण भी किया।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पी के दीक्षित, अधिशासी अभियंता सिंचाई बी एस डांगी, लो नि वि गजेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, एजीएम एनसीसी अजौय, प्रबंधक शंकर बालू ,हरिशंकर, सहायक अभियंता सीपीडब्लूडी राकेश पटेल आदि मौजूद थे।

# अब्दुल मलिक को हाई कोर्ट से ज़मानत

## बनभूलपुरा हिंसा के मामले में मुख्य आरोपी हैं मलिक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा दंगे के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जमानत याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खण्डपीठ में हुई। बता दें अब्दुल मलिक लंबे समय से जेल में बंद थे। इस प्रकार बनभूलपुरा दंगे के लगभग सभी आरोपियों को अब जमानत मिल चुकी है। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सरकार और आरोपी के अधिवक्ता से पूछा था कि इनके खिलाफ जो अन्य सात मुकदमें हैं उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?, कितने केसों में बरी हो चुके हैं और कितने विचाराधीन हैं?। मामले में वीरवार को राज्य सरकार की तरफ से न्यायालय को बताया गया कि जांच के दौरान इनके खिलाफ इन केसों के अलावा सात अन्य मुकदमें दर्ज होने की पुष्टि हुई है। कई मामलों में ये बरी हो चुके हैं। कुछ का पता अभी नहीं चल सका है। इन तथ्यों के आधार कोर्ट ने अब्दुल मलिक की जमानत मंजूर कर ली।

### राज्य सरकार सहित अन्य पक्षकारों को दो हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन में हुई गड़बड़ियों को लेकर एकलपीठ के आदेश को चुनौती देती विशेष अपील पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खण्डपीठ ने राज्य सरकार सहित अन्य पक्षकारों से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा है। बता दें वीरवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। वीरवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ताओं की तरफ से कोर्ट से कहा गया कि पूर्व के आदेश पर विपक्षियों की तरफ से अभी तक उनकी याचिका पर कोई आपत्ति पेश नहीं की गई है। लिहाजा इस पर शीघ्र सुनवाई की जाए जिसपर कोर्ट ने विपक्षियों से कहा है कि उनके खिलाफ दायर केस का उत्तर दो सप्ताह में दें। याचिकाकर्ता के अनुसार पूर्व में एकलपीठ ने याचिकाओं को मेंटेनेबल नहीं मानते हुए खारिज कर दिया था साथ ही याचिकाकर्ताओं को सिविल कोर्ट जाने के निर्देश दिए थे।

# जिले में प्रशासनिक सुधारों की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** नैनीताल जिले में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के नेतृत्व में विगत साढ़े चार माह में प्रशासनिक कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सरलीकरण व समाधान और निस्तारण के सूत्र को अपनाते हुए विरासत, राजस्व वाद तथा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों के मामलों में तीव्र गति से कार्य हुआ है। 14 अक्टूबर 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच जनपद की नौ तहसीलों में 7311 विरासत प्रकरणों का निस्तारण कर 22,190 परिवारों के नाम भूमि अभिलेखों में दर्ज किए गए, जो वर्षों से लंबित मामलों में अभूतपूर्व प्रगति मानी जा रही है। प्रशासनिक संदर्भों में प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी अवधि में राजस्व प्रवर्तन समिति ने अभियान चलाकर 2528 लंबित वादों का स्थलीय निरीक्षण के आधार पर निस्तारण किया। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों के निर्गमन हेतु विशेष अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 2543 जन्म तथा 1920 मृत्यु प्रमाण पत्र जबकि शहरी क्षेत्रों में 3660 जन्म एवं 1941 मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए, जिससे अधिकांश प्रकरणों में लंबितता समाप्त हो गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इन अभियानों का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक प्रशासनिक सुविधा पहुंचाना तथा वर्षों से लंबित प्रकरणों का पारदर्शी और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी।

## एक नजर

### बल्दियाखान के जंगल में धधकी आग

**नैनीताल।** नैनीताल के समीप स्थित बल्दियाखान क्षेत्र के जंगल में वीरवार की सुबह आग लग गयी। कुछ ही घंटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। खड़ी पहाड़ी पर तेजी से फैलती लपटों ने न सिर्फ वन विभाग की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए बल्कि वन विभाग के फायर वाचरों को भी आग बुझाने के लिए काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। फायर वाचरों के मुताबिक वीरवार को सुबह करीब 9.35 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाए जाने की आशंका है, उस दौरान तेज हवाएं तथा खड़ी पहाड़ी और सूखी वनस्पति के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। पहाड़ी से नीचे गिरते जलते ठीटे आग को और भड़काने के साथ साथ आसपास के क्षेत्र के लिए मुसीबत बन गए। आग से उठ रहे घने धुएं के कारण पास से गुजर रही सड़क पर वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर दृश्यता कम होने से यातायात प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए गए। नैनीताल वन प्रभाग की एसडीओ ममता चंद ने बताया कि स्थिति पर काबू पाने के लिए टीम को क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### वार्डो में विकास कार्य न होने से सभासद गुस्से में

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल में टोल और पार्किंग टेंडरों से होने वाली आय को लेकर अब सियासत तेज हो गई है। पालिका के सभासदों ने मामले को लेकर पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। सभासदों के मुताबिक आगामी टोल और पार्किंग के टेंडरों से प्राप्त होने वाली अनुमानित 10 से 15 करोड़ रुपये की धनराशि में से प्रत्येक वार्ड को कम से कम 20 लाख रुपये तत्काल आवंटित किए जाएं। सभासदों का कहना है कि पिछले करीब डेढ़ वर्ष से वार्डों में विकास कार्य लगभग ठप पड़े हैं जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका आरोप है कि जनता को ओर से चुने जाने के बावजूद वे अपने.अपने क्षेत्रों में अपेक्षित कार्य नहीं करा पा रहे हैं जिसका सीधा असर जनता के भरोसे पर पड़ रहा है। कहा कि टोल एवं पार्किंग से होने वाली आय जनहित के कार्यों में खर्च की जानी चाहिए इसलिए लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सभी वार्डों में समान रूप से धनराशि आवंटित की जाए ताकि सड़कों, नालियों व सफाई और अन्य जरूरी कार्य जल्द शुरू हो सकें। सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गयाए तो वे जनहित में धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिममेदारी पालिका प्रशासन की होगी। इस दौरान सभासद भगवत रावत, अंकित चंद्रा, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, राकेश पवार, सपना बिष्ट, गीता उप्रेती, ललिता दौटी, गजाला कमाल तथा काजल आर्या आदि मौजूद रहे।

### नाव चालकों दिया आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण

**नैनीताल।** जीवनदायिनी नैनीझील में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। बता दें बल द्वारा स्थानीय नाव चालकों के लिए एक विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य उन्हें आपातकालीन स्थितियों के लिए कुशल फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में तैयार करना है। वीरवार को मल्लीताल स्थित बैंड स्टैंड पर आयोजित इस शिविर में नाव चालकों को व्यावहारिक रूप से कई जीवन रक्षक तकनीकें सिखाई गईं। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से श्वाटर रेस्यू पर ध्यान केंद्रित किया गया जिसमें डूबते हुए व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने के सही तरीके बताए गए। इसके अलावा हृदय गति रुकने या सांस लेने में तकलीफ होने पर दी जाने वाली सीपीआर प्रक्रिया और दुर्घटना की स्थिति में अत्यधिक रक्तस्राव को रोकने के लिए कंट्रोल क्लीडिंग तकनीकों का गहन अभ्यास कराया गया। एनडीआरएफ के इंस्पेकटर कनिष्क पांगती ने इस बात पर जोर दिया कि नाव चालक जल पर्यटन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनकी सजगता और त्वरित कार्रवाई किसी भी बड़े हादसे को टालने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। प्रशिक्षण में महेश खनेरा, नरेश, चंद्र बहादुर और शिवराज नेगी समेत कई नाव चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इन कौशलों को सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी बताया।

### चरस तस्करी मामले में दो अभियुक्तों को 5-5 साल का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अपर जिला न्यायधीश/विशेष एनडीपीएस संजीव कुमार की अदालत ने चरस तस्करी के एक मामले में दो अभियुक्तों (अमन प्रताप और तरुण कुमार) को पांच-पांच साल के कठोर कारावास तथा 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। बता दें यह मामला जुलाई 2018 का है जब पुलिस ने कालाढूंगी क्षेत्र से अमन के पास से 450 ग्राम और तरुण के पास से 550 ग्राम अवैध चरस बरामद की थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अभियुक्तों के युवा होने और उनके प्रथम अपराध का हवाला देते हुए कम सजा की मांग की थी लेकिन अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पूजा साह ने इन तर्कों पर कड़ा एतराज जताया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि बरामद चरस की मात्रा न्यूनतम से काफी अधिक थी और अभियुक्त इसे युवाओं को बेचने के उद्देश्य से लाए थे जो देश और समाज के लिए घातक है। पुलिस की ओर से पेश किए गए 9 गवाहों और 16 दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध होने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# विभिन्न मांगों को लेकर भाजपाईयों ने गैस प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में घरेलू और व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था को लेकर भाजपाइयों के शिष्टमंडल ने वीरवार को नैनीताल में कुमाऊं मंडल विकास निगम के गैस प्रबंधक रवि मेहरा के माध्यम से कुमाऊं मण्डल विकास निगम के महाप्रबंधक को संबोधित ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन के माध्यम से भाजपाइयों ने कहा कि एक माह बीत जाने के बाद भी उपभोक्ताओं को रोजमर्रा नई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसमें गैस बुकिंग कराने के बाद भी डीएसी नंबर समय पर प्राप्त नहीं होना, व्यवसायिक गैस सिलेंडरों का अनियमित वितरण, बार-बार कार्यालय में जाने के बाद भी केवाईसी की समस्या समेत नैनीताल से सटे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति न होना आदि समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। उन्होंने मांग की कि व्यवसायिक गैस सिलेंडरों का वितरण पूर्व की भांति गोदाम से सीधे वाहनों के माध्यम से कराया जाए ताकि समय पर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, साथ ही सभी अव्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दूर कर गैस वितरण प्रणाली को सुचारु किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। भाजपाईयों के शिष्टमंडल में भाजपा के युवा नेता अरविंद सिंह पडियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, पूर्व उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट, जिला मंत्री लाल सिंह बिष्ट, चंद्र सिंह खन्ना शामिल रहे।

# निजी स्कूलों की मानमानी पर भड़की मातृशक्ति

## मुख्य शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, कहा: शिक्षा का बाज़ारीकरण न हो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** निजी स्कूल संचालकों की बढ़ती मनमानी समेत शुल्क में बढ़ोत्तरी समेत कई अन्य समस्याओं को लेकर वीरवार को सामाजिक कार्यकर्ता खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने भीमताल में मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविन्द जायसवाल से भेंट वार्ता की तथा निजी विद्यालय संचालकों की मनमानी के विरोध में ज्ञापन प्रेषित किया।




इस दौरान बिष्ट ने बताया कि नैनीताल जिले में कुछ निजी विद्यालय संचालकों द्वारा फीस वृद्धि से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मान्य पुस्तकों के स्थान पर महंगे निजी प्रकाशन की पुस्तकें लगाना और अन्य विभिन्न मदों में शुल्क में बढ़ोतरी करने से शिक्षा का बाजारीकरण हो गया है। उन्होंने निजी विद्यालय में शिक्षकों के आर्थिक शोषण पर प्रश्न उठाए। उन्होंने बताया की मध्यम वर्गीय परिवारों के आय के स्रोत सीमित हैं, उस पर निजी विद्यालय फीस अग्रिम राशि के रूप में वसूल रहे हैं जोकि निराशाजनक है। उन्होंने सुझाव दिया की शिक्षा के अधिकार में हर कक्षा के छात्रों की कि शुल्क की सीमा तय होनी चाहिए और सार्वभौमिक रूप से एकरूपता से ली जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि विद्यालय संबंधी अन्य सामग्रियों के दामों में विगत दस वर्षों में गुणात्मक वृद्धि से निजी विद्यालयों में शिक्षा से मध्यवर्गीय परिवारों को दूर कर दिया है। बिष्ट के मुताबिक मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद जायसवाल ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए आश्वासन दिलाया कि अतिशीघ्र मामले में उचित करवाई की जाएगी। ज्ञापन भेंट करने वाले शिष्ट मंडल में खष्टी बिष्ट समेत बीना पांडे, शांति तिवारी, धनी दुमका, निर्मला आर्य, आशा कुमारी, रचना तथा सुमन देवी और अंजू शामिल रहे।

# पर्यावरण मित्रों को सभासदों का समर्थन

## लंबित मांगों के निस्तारण के लिए तीसरे दिन भी धरने पर रहे सफाई कर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की ओर से अपनी लंबित मांगों के निस्तारण को लेकर बीरवार को लगातार तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। नगर पालिका कार्यालय में संघ के पदाधिकारियों के साथ ही महिलाएं भी धरने में शामिल हुई और मांगों के निस्तारण की मांग करते हुए नारेबाजी भी की। कर्मचारियों ने कहा कि वह शहर की सफाई व्यवस्था के लिए दिन रात मेहनत करते हैं लेकिन उनकी मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में सभासद अंकित चंद्रा, सुरेन्द्र कुमार और रमेश प्रसाद ने भी उनका समर्थन किया और पालिका प्रशासन से उनकी



समस्या के निस्तारण की मांग की।संघ के महासचिव सोनू सहदेव ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से किरायेदारी का शीघ्र निपटारा, प्रतीक्षा सूची और एसीपी का लाभ समय पर देना तथा कर्मचारियों को सफाई उपकरण मुहैया करवाने संबंधी जायज मांगों को लेकर प्रशासन से लगातार वार्ता कर रहे हैं लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। बार-बार की बातचीत के बावजूद प्रशासन की तरफ से इन मुद्दों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे सफाई कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कर्मचारी मजबूरन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इसके लिए पूर्ण रूप से पालिका प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक, महासचिव सोनू सहदेव, उपाध्यक्ष कमल कुमार समेत नीरज कुमार, गोपाल, संजय सौदा, श्याम सौदा, रवि कुमार, किशन, गुड्डू, कैलाश, दिनेश पवार, विजय, विशाल, राजा, शोभा, सरस्वती, शीला, रीना, पूजा, रिंकी, दीपा, लक्ष्मी व सुनीता आदि मौजूद रहे।

# नशे में दोस्त के साथ पत्नी से की अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में वीरवार को एक महिला के साथ उसके पति द्वारा अभद्रता करने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। तल्लीताल कोतवाली पुलिस के मुताबिक तल्लीताल क्षेत्र में एक दुकान पर काम कर रही महिला के साथ उसके पति ने दोस्त के साथ पहुंचकर अभद्रता कर दी।

बताया जा रहा है कि महिला पिछले चार महीनों से अपने पति से अलग रह रही थी और मायके में रहकर स्थानीय दुकान में काम कर रही थी। पुलिस की जानकारी के अनुसार महिला का पति जो एक होटल में कार्यरत है अपने एक दोस्त के साथ उसके कार्यस्थल पर पहुंच गया। वहां पहुंचते ही उसने महिला के साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दी जिससे मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। पति की हरकतों से परेशान होकर महिला ने तुरंत तल्लीताल थाने में शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति व उसके दोस्त को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया जिसमें शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है। कोतवाली के एसओ मनोज नयाल ने बताया कि मामले में मुरादाबाद निवासी दीपक और अमित कुमार को हिरासत में लिया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# बनभूलपुरा: आवेदकों का सत्यापन जारी, कई लोग वापस मांग रहे जमा फार्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुप्रीम कोर्ट के विशेष निर्देशों पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने बनभूलपुरा में रेलवे तथा नज़ूल अतिक्रमण प्रभावित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के लिए 19 मार्च से 1 अप्रैल तक फार्म शिविर लगाए जिसमें 7 हज़ार की संख्या में लोगों ने यह फार्म भरकर खुद को लाभार्थी की श्रेणी में रखा। अब इस मामले में एक नया ही एंगल निकलकर सामने आ रहा है जिसने चर्चा को जन्म दिया है। यह बात सामने आ रही है कि प्रधानमंत्री आवासीय फार्म भरने वालों में बहुत संख्या ऐसे लोगों की भी है, जो इस योजना के लिए पात्रता नहीं रखते हैं। कुछ लोग ऐसे भी निकलकर सामने आए हैं जिन्होने अपना फार्म वापस लेने की अर्जी लगाई है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा के मुताबिक प्रधानमंत्री आवास योजना ने 7 हज़ार फार्म बनभूलपुरा के लोगों के द्वारा जमा कराए गए थे। फार्म की स्क्रूटनी का काम चल रहा है।

6 टीमें क्षेत्र में सत्यापन के काम में भी लगी हुई हैं। उन्होने बताया कि इसी बीच प्रकरण में कुछ लोगों द्वारा यह कहकर अपना जमा फार्म मांगा जा रहा है कि उन्होने जानकारी के अभाव में यह फार्म भर दिया था। या फिर वो पहले किसी सरकारी योजना का लाभ ले चुके हैं। या फिर उनके पास अन्यंत्र कहीं मकान है। अब वे अपना फार्म वापस चाहते हैं। परितोष वर्मा ने बताया कि आवेदनों की जांच में यह भी निकलकर सामने आ रहा है कि कई आवेदकों के पास पहले से ही पक्का मकान मौजूद है। इसके बावजूद उन्होंने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। उन्होने बताया कि आवेदन के समय इन आवेदकों द्वारा शपथ पत्र भी दिया गया था, जिसमें उन्होंने खुद को योजना के लिए पात्र बताया था। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जो लोग गलत तरीके से आवेदन कर चुके हैं, वे आगे आकर अपने फार्म निरस्त करवा सकते हैं। वहीं, वास्तविक पात्र आवेदकों के आवेदन पर आगे की प्रक्रिया जारी रहेगी और उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

# निधिमणी ने बढ़ाया मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल की मेधावी छात्रा निधिमणी ओली ने हाईस्कूल परीक्षा



में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। उनकी इस कामयाबी से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। बता दें नैनीताल तहसील के तहत ग्राम नैनागांव तथा पोस्ट ऑफिस ज्योलिकोट निवासी निधिमणी ओली ने हाईस्कूल परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने राजकीय कन्या इंटर कालेज नैनीताल से यह सफलता हासिल की है। निधिमणी के पिता भुवन चन्द्र ओली जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत हैं जबकि उनकी माता चन्द्रा ओली गृहिणी हैं। निधिमणी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सनवाल पबलिक स्कूल से कक्षा 8 तक पूरी की। दो भाई बहनों में निधिमणी सबसे छोटी हैं। उनके बड़े भाई रूद्रनारायण ओली ने भी पिछले वर्ष सनवाल स्कूल से हाईस्कूल परीक्षा में 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की थी। निधिमणी की इस कामयाबी से परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने भी उनकी सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# लुप्तप्राय स्नो ट्राउट के संरक्षण की कवायद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल की जीवनदायिनी नैनी झील के पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने एवं लुप्तप्राय शीतजल मछली प्रजातियों के संरक्षण के उद्देश्य से कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल स्थित जंतु विज्ञान विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। बता दें इस परियोजना के अंतर्गत नैनी झील में स्नोड्राउट स्थानीय रूप से असेलाश के नाम से जानी जाने वाली लुप्तप्राय स्नो ट्राउट प्रजाति के संरक्षण एवं पुनर्स्थापन का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस पहल के तहत बीरवार को नैनी झील में फिश केज स्थापित किया गया जिसमें स्नो ट्राउट के फिंगरलिंग (शिशु मछलियां) को उनके विकास हेतु रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि इन मछलियों का प्रजनन डीएसबी परिसर के जंतु विज्ञान विभाग की प्रयोगशाला में किया गया है। इस अवसर पर कुल. पति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत ने बताया कि स्नो ट्राउट झील के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शैवाल को नियंत्रित कर जल की गुणवत्ता बनाए



रखने में सहायक होती है। इससे झील में अत्यधिक काई की समस्या को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन में मंडलायुक्त, जिलाधिकारी समेत नगर पालिका परिषद नैनीताल की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा तथा सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता का विशेष सहयोग रहा। जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि इसके अतिरिक्त उत्तराखंड मत्स्य कृषक विकास अभिकरण द्वारा नैनीताल जनपद की चार प्रमुख झीलों नैनीताल समेत भीमताल, सातताल एवं नौकुचियाताल में दो-दो फिश केज स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह कार्य राज्य मत्स्य विभाग भीमताल एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के संयुक्त सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु कुमाऊँ विश्वविद्यालय के आंतरिक अनुसंधान निधि तथा मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना का भी सहयोग प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद नैनीताल की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. रीतेश साह, प्रो. आशीष मेहता सहित विश्वविद्यालय के अन्य प्राध्यापक तथा शोधार्थी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# मधुर संगम से किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास हेतु समर्पित उत्तराखंड की मकसद संस्था के तत्वावधान में उत्तराखंड सांस्कृतिक उत्सव एवं कार्यशाला का भव्य आयोजन वीरवार को किया गया। पंद्रह दिवसीय कार्यशाला के उपरांत वीरवार को कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुतियाँ उत्तराखंड संस्कृतिक उत्सव के रूप में दी जिसने पूरे विद्यालय परिसर को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। इससे पूर्व सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ मकसद संस्था के कलाकारों द्वारा हेमा बिष्ट के निर्देशन में मां नंदा सुनंदा की पावन स्तुति के साथ किया गया। देवभूमि उत्तराखंड की आराध्य शक्ति मां नंदा को यहां की कुलदेवी के रूप में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा जाता है। उन्हें हिमालय की पुत्री एवं लोकजीवन की संरक्षिका




माना जाता है जिनकी कृपा से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है। इस दिव्य वंदना से पूरा विद्यालय प्रांगण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत प्रोत हो गया और उपस्थित जनसमूह भाव विभोर हो उठा तत्पश्चात हेमा बिष्ट के निर्देशन में उत्तराखंड की पारंपरिक झोड़ा,चांचरी तथा युगल नृत्य एवं कुमाऊँनी गढ़वाली लोकनृत्यों की भव्य प्रस्तुतियाँ मंच पर साकार हुईं। दीपक डिवाइन पब्लिक स्कूल पीरूमदारा के प्रेक्षागृह में मकसद संस्था के कलाक. ारों ने अपनी सजीव अभिव्यक्ति तथा पारंपरिक वेशभूषा और लोकधुनों के मधुर संगम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हेमा बिष्ट द्वारा दीपक डिवाइन पब्लिक स्कूल के जे एस बिष्ट संरक्षक एवं प्रधानाचार्य का माल्यार्पण कर तथा प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गायन कलाकारों में चंदन सिंह मेहरा, नीतू भारद्वाज, अमित बुधौरी, हेमा बिष्ट एवं ज्योति उप्रेती ने अपनी मधुर आवाज से सभी का मन मोह लिया वहीं वाद्य यंत्रों में नाल वादन पर सौरभ जोशी, हुड़का पर गौरव तथा सिंथेसाइजर पर अमित ने सुंदर संगत दी। नृत्य कलाकारों में लवी बिष्ट, नवीन कुमार, महेश आर्य, कृपाल दत्त ध्यानी, ललिता, संदीप, सोमन तथा प्रदीप, ज्योति उप्रेती, निकिता, दीपा, रिया, अनुष्का, हर्षित, कृतिका, गुंजन, आराधना, गरिमा, हिमानी व मोनिका सहित अन्य कलाकारों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में लगभग 400 छात्र-छात्राओं, गुरुजनों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर हेमा बिष्ट ने विद्यालय परिवार एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दिनभर रही शराब विरोधी नारों की गूंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** शराब नहीं-शिक्षा दो, पहाड़ का भविष्य बचा लो के नारों के साथ बीरवार को भी नैनीताल तहसील की न्याय पंचायत खुर्पाताल के घटगढ़ में शराब विरोधी आंदोलन जारी रहा। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि रात दिन धरना दे रही मातृशक्ति की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। रात के अंधेरे में महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं लेकिन शासन की ओर से सहयोग शून्य है। बजून और मंगोली की भांति अब घटगढ़ में भी पूरी न्याय पंचायत के जनप्रतिनिधि तथा मातृशक्ति और युवाशक्ति एक स्वर में विरोध कर रहे हैं। आंदोलन में मुखय रूप से देवकी बिष्ट उपाध्यक्षा जिला पंचायत के नेतृत्व में समस्त ग्राम प्रधान नलनी, जलालगांव, खमारी, खुरपाताल, बीडीसी सदस्य और राज्य आंदोलनकारी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

## खूपी क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीण दहशत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र खूपी में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। बीती रात एक स्थानीय रिसॉर्ट के सीसीटीवी कैमरे में तेंदुआ कैद होने के बाद लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण प्रमोद कुमार ने बताया कि कुछ दिनों से क्षेत्र में तेंदुए के गुर्राने की आवाज सुनाई दे रही थी लेकिन बुधवार की रात को एक तेंदुआ रिसॉर्ट के आसपास घूमता हुआ दिखाई दिया जिसकी तस्वीरें सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आ रही हैं। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने घरों से बाहर निकलने में सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी वन्यजीवों की आवा. जाही की घटनाएं सामने आती रही हैं लेकिन इस तरह रिहायशी इलाके के करीब तेंदुए का दिखना चिंता का विषय है। लोगों ने वन विभाग से इलाके में नियमित गश्त और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग की एसडीओ ममता चंद ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग सतर्क हो गया है और क्षेत्र में गश्त कराई जाएगी।

## जिला अस्पताल में युवक पर टोंटी चोरी करने का आरोप

**नैनीताल।** नगर के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में स्टाफ ने एक युवक पर टोंटी चोरी करने का आरोप लगाया है। अस्पताल के बाथरूम से युवक को पकडक़र पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को एक युवक जिला अस्पताल के बर्न वार्ड के बाथरूम में गया। युवक के बाथरूम से वापस आने के बाद वहां भर्ती मरीज के तीमारदार जब बाथरूम गए तो वहां नलों से टोंटी गायब थी और पानी बह रहा था। इसकी सूचना तीमारदार की ओर से अस्पताल प्रबंधन को दे दी गई। दूसरी ओर बीरवार को युवक दोबारा वार्ड के बाथरूम में घुसा तो तीमारदारों ने दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद सूचना अस्पताल प्रबंधन को दे दी।

# MI ने पंजाब को 195 रन पर रोका

### क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया, नमन धीर की फिफ्टी, अर्शदीप को 3 विकेट

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल सीजन के 24वें मैच में पंजाब किंग्स को 196 रन का टारगेट दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। ओपनर क्विंटन डी काक ने 112 रन की शतकीय पारी खेली। 60 बाल की पारी में उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। उनके अलावा, नमन धीर ने 50 रन बनाए।



पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और शशांक सिंह को एक-एक विकेट मिला है। 20वें ओवर में 9 रन बने और एक विकेट भी गिरा। यहां पर तिलक वर्मा 8 रन बनाकर रनआउट हो गए। लेकिन, टीम को 200 रन तक नहीं पहुंचा सके। 18वें ओवर की 5वीं बाल पर अर्शदीप सिंह ने शेरफन रदरफोर्ड (एक रन) को बोल्ड कर दिया।

अर्शदीप सिंह को तीसरा विकेट मिला है। पंडड्या 14 रन बनाकर आउट, बार्टलेट ने कैच किया 18वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां कप्तान हार्दिक पंड्या को श्रेयस अय्यर और जेवियर बार्टलेट ने मिलकर लान्ग ऑन बाउंड्री पर कैच किया। 17वें ओवर की आखिरी बाल पर क्विंटन डी काक ने जेवियर बार्टलेट की बाल पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया। उन्हें 53 बाल लगी। 14वें ओवर में शशांक सिंह ने नमन धीर (50 रन) को जेवियर बार्टलेट के हाथों कैच कराया। उन्होंने शतकीय साझेदारी तोड़ी। 11वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। डी काक ने जेवियर बार्टलेट की दूसरी बाल पर चौका लगाया और टीम का स्कोर ट्रिपल डिजिट में पहुंचाया। 10वें ओवर में क्विंटन डी काक ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने चहल की तीसरी बाल पर छक्का लगाया। फिर चौथी बाल पर सिंगल लेकर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 28 बाल पर इस सीजन में अपना पहला अर्धशतक लगाया। 9वें ओवर में क्विंटन डी काक ने विजयकुमार वैशाख की बाल पर दो चौके लगाए। उन्होंने पहली और तीसरी बाल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। 7वें ओवर की पहली बाल पर मुंबई ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। नमन ने चहल की बाल पर छक्का लगाकर टीम को 50 पार पहुंचाया। डी काक ने भी एक चौका और एक छक्का लगाया। इसके सहारे दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। टॉस हारकर बैटिंग कर रही मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 48 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए। रायन रिकेल्टन 2 और सूर्यकुमार यादव जीरो पर आउट हुए।

# चोटिल खलील अहमद आईपीएल से हुए बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** दाई जांघ में चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। सीएसके की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस चोट को ठीक होने में 12 हफ्तो से अधिक का समय लगेगा। खलील की चोट से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि टीम पहले से ही एमएस धोनी और नाथन एलिस के बिना खेल रही है।

धोनी अभी पिडली की चोट से उबर रहे हैं और उनकी रिकवरी दो सप्ताह से अधिक खिच चुकी है। हालांकि धोनी टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने पूरी तरह से अभ्यास शुरू नहीं किया है। नाथन एलिस पूरे सीजन से बाहर हैं, जबकि उनके रिप्लेसमेंट स्पेंसर जॉनसन भी चोट से उबर रहे हैं और अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष खलील की जगह लेने के विकल्प हैं। जहां बाएं हाथ के मुकेश चौधरी सीधे तौर पर उनकी जगह ले सकते हैं, वहीं घोष दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं जो बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं। घोष ने 2025-26 घरेलू सीजन में महाराष्ट्र के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने जयपुर में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 42 रन देकर सात विकेट लिए थे।




इसी टूर्नामेंट में उन्होंने मुंबई के खिलाफ 27 गेंदों पर नाबाद 64 रन भी बनाए थे। सीएसके ने अब तक पांच मैचों में दो जीत हासिल की हैं।

### खेल विशेष

### ओलंपियन माने ने सोनी और शाह के साथ शुरुआती बढ़त बनाई

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** ओलंपियन उदयन माने, जो एएम ग्रीन आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका में अपनी पहली जीत की तलाश में थे, ने बोगी फ्री शुरुआत की और पहले दिन 7-अंडर 65 का कार्ड खेलकर दो अन्य के साथ बराबरी पर थे। तीनों मैदान से एक-एक शॉट आगे थे, लेकिन एक बड़ा ग्रुप उनका पीछा कर रहा था क्योंकि छह अन्य उनसे दो शॉट के अंदर थे। हैदराबाद के मिलिंद सोनी, जिन्होंने पिछले हफ्ते मॉरिशस में संयुक्त-6 पर रहने से पहले अच्छी शुरुआत की थी, ने 65 के साथ एक और अच्छी शुरुआत की, जैसा कि इंडियन अमेरिकन मानव शाह ने भी किया, जिनके रिकॉर्ड में लैटिनोमेरिका टूर पर जीत शामिल है। भरे हुए लीडरबोर्ड पर पिछले साल के एएम ग्रीन आईजीपीएल रैंकिंग्स विनर पुखराज सिंह गिल (66) एक अंक पीछे अकेले चौथे स्थान पर थे, जबकि 11 बार के एशियन टूर विनर गगनजीत भुल्लर, इन-फॉर्म करणदीप कोचर और उभरते हुए सार्थक छिब्बर सभी 5-अंडर 67 के साथ पांचवें स्थान पर थे।

### आर वैशाली ने जीता फिडे विमेंस कैंडिडेट्स का खिताब

**साइप्रस/ नई दिल्लीं।** भारतीय महिला शतरंज खिलाघी आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर वैशाली को बधाई दी। बुधवार को 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर वैशाली ने खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट मिल गया है, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आर वैशाली को बधाई दी है। डा. मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ष भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर आर वैशाली को हार्दिक बधाई।

### रामसे पीटी ने 50 मी ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के ओलंपिक पदक विजेता एडम रामसे-पीटी ने पुरुषों की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीबी स्विमिग चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम किया। यह दोनों दिनों में उनका दूसरा खिताब है। बुधवार को लंदन एक्वेटिक्स सेंटर में हुए मुकाबले में 31 साल के इस तैराक ने पूल में निर्धारित दूरी को 26-64 सेकंड में पूरा कर स्वर्ण पदक जीती। उन्होंने उभरते हुए सितारे और अपने ट्रेनिंग पार्टनर फिलिप नोवाकी को हराया।

# ऑरेंज कैप की रेस में कोहली सबसे आगे

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली आईपीएल में रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 34 गेंदों पर 49 रन बनाए और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चिन्नास्वामी स्टेडियम में 147 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में पहली बार उतरते हुए कोहली ने आरस. ीबी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 228 तक पहुंचा दिए।

सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 224 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। यह पहली बार था जब आरसीबी ने कोहली को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया। टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी थी और वह प्लेइंग ग्प का हिस्सा नहीं थे। इससे पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ




मैच में भी वह मैदान से बाहर रहे थे। को. हली ने बताया कि उस मैच में उनके घुटने में दर्द हुआ था और बुधवार के मैच से पहले भी वह पूरी तरह फिट नहीं थे। रजत पाटीदार बुधवार को एलएसजी के खिलाफ 13 गेंदों पर 27 रन बनाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली, क्लासन और पाटीदार के अलावा ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिनके इस सीजन में 200 से ज्यादा रन हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज और गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा 10 विकेट के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं।

## हम मैच में हमेशा आगे रहे: विराट कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शानदार ऑलराउंड परफॉर्मेंस देते हुए सिर्फ 15-1 ओवर में 149 रन का टारगेट चेज करते हुए पांच विकेट से जीत हासिल की। आरसीबी की बॉलिंग यूनिट ने शानदार कोशिश से नींव रखी,

जिसमें भुवनेश्वर कुमार ने फ्रेंच. इजी के लिए अपने बेस्ट फिगर (3/27) के साथ आगे बढ़कर लीड किया, जबकि रसिख सलाम ने 4/24 के करियर के बेस्ट आईपीएल फिगर के साथ शानदार परफॉर्मेंस दी। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिए सीजन का सबसे किफायती स्पेल (1/20) फेंककर इस कोशिश को पूरा किया, क्योंकि अटैक ने प्लान को सटीकता से पूरा किया। यह मैच क्रुणाल पांड्या (2/38) के लिए भी एक अहम मील का पत्थर साबित हुआ, जिन्होंने आईपीएल में 100 विकेट पूरे किए, जिससे आरसीबी की ऑल-राउंड गहराई और मजबूत हुई। जीत के बाद कोहली ने कहा कि बॉलिंग ग्रुप ने इसे बहुत अच्छे से सेट किया, भुवी ने हमारे लिए अपने सबसे अच्छे फिगर के साथ शानदार प्रदर्शन किया, रसिख ने 4/24 के साथ शानदार प्रदर्शन किया, और जोश फिर से अविश्वसनीय रूप से किफायती रहे। और क्रुणाल को 100 आईपीएल विकेट तक पहुंचने पर बधाई, यह एक शानदार मील का पत्थर है। हम आगे बढ़ते रहेंगे। बॉलिंग परफॉर्मेंस पर बात करते हुए, हेजलवुड ने कहा कि विकेट शायद थोड़ा धीमा था, लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने इतनी जल्दी एडजस्ट किया और उसका इस्तेमाल किया, वह वाकई बहुत अच्छा था। हम सभी के बीच कम्युनिकेशन फर्स्ट रेट का रहा है। भुवी और रसिख खासकर शानदार थे, भुवी ने उन हार्ड लेंथ पर हिट किया और इसे अच्छी तरह से शेप दिया, और डेथ ओवरों में रसिख की स्किल असाधारण थी।

# कलाई की चोट के चलते अल्काराज बार्सिलोना ओपन से बाहर

**बार्सिलोना, वार्ता।** टॉप सीड कार्लोस अल्काराज कलाई की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन से हट गए हैं। 22 साल के स्पेन के खिलाड़ी ने मंगलवार को अपने पहले राउंड के मैच में क्वालिफायर ओटो विरटेनन को सीधे सेटों में हराया था, लेकिन मैच के दौरान उन्हें तकलीफ हुई। अल्काराज को गुरुवार को चेक रिपब्लिक के टॉमस माचाक के साथ खेलना था, लेकिन दाहिनी कलाई के मेडिकल टेस्ट के बाद उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।



अल्काराज ने कहा कि मैच के दौरान रिटर्न करते समय मुझे लगा कि मेरी कलाई जवाब दे गई है। टेस्ट के बाद, हमने देखा कि यह हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा गंभीर चोट है, और मुझे अपने शरीर की सुननी होगी ताकि भविष्य में इसका मुझ पर असर न पड़े। अल्काराज को इस हफ्ते की शुरुआत में जानिक सिनर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर रिप्लेस किया था। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी टीम - डॉक्टर्स और फिजिकल थेरेपिस्ट - के साथ जल्द से जल्द घर जाकर अपनी रिकवरी शुरू करनी है और आने वाले टूर्नामेंट्स के लिए जल्द से जल्द हेल्दी होना है, या होने की कोशिश करनी है। अल्काराज को उम्मीद है कि वह लगातार तीसरी बार फ्रेंच ओपन जीतने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, 2026 का टूर्नामेंट 18 मई से शुरू होगा। वह मोंटे-कार्लो मास्टर्स के फाइनल में सिनर से हारने के सिर्फ 48 घंटे बाद बार्सिलोना में एक्शन में लौटे थे। उस जीत का मतलब था कि इटैलियन नवम्बर के बाद पहली बार रैंकिंग में टॉप पर लौट आए। अल्काराज, जिन्होंने 2022 और 2023 में बार्सिलोना ओपन जीता था और पिछले साल हारे हुए फाइनलिस्ट थे।

### चीन को हराकर जापान अंडर 20 महिला एशिया कप के फाइनल में

**बैंकॉक, वार्ता।** जापान ने बुधवार को एफसी अंडर20 महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में चीन को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। माओ इतामुरा ने पांचवें मिनट में दाएं पैर से गोल करके जापान को शुरुआती बढ़त दिलाई, और नोआ फुकुशिमा ने 24वें मिनट में थाईलैंड के थम्मासैट स्टेडियम में दाएं पैर से फ्री किक मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। जापान ने मैच पर ज्यादातर कंट्रोल किया, हालांकि चीन की गोलकीपर लियू चेन ने दूसरे हाफ में अपनी टीम को मुक. ाबले में बनाए रखने के लिए कई कोशिशों को नाकाम कर दिया। चीन को सबसे अच्छा मौका आखिरी सीटी बजने से ठीक पहले मिला, लेकिन लू जियायु गोल नहीं कर पाईं। हार के बावजूद, चीन 11 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर पोलैंड में होने वाले फीफा अंडर 20 महिला वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका था।

# टखने की चोट के चलते डेविड पेन भी आईपीएल से आउट

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड पेन टखने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पेन टीम में जैक एडवर्ड्स की जगह आए थे, जो पहले ही पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। एसआरएच ने अभी तक पेन की जगह किसी दूसरे खिलाड़ी का नाम नहीं बताया है।

35 साल के पेन इस सीजन में सिर्फ दो मैच खेले। उन्होंने सीजन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 35 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 35 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए थे। 2016 की चैंपियन टीम चोटों की मार झेल रही है। इंग्लैंड के ऑलराउंडर ब्रायडन कार्स भी हाल ही में चोट के कारण बाहर हो गए थे। उन्हें सीजन की शुरुआत में नेट सेशन के दौरान हाथ में चोट लग गई थी। वह एक भी मैच नहीं खेल पाए थे,

जिसके बाद एसआरएच ने उनकी जगह श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया था। हालांकि, चोटों के



मामले में एसआरएच के लिए कुछ अच्छी खबर भी है।

कप्तान पैट कमिस को सिडनी में अपनी पीठ का स्कैन करवाने के बाद टीम में वापस शामिल होने की मंजूरी मिल गई है। कमिस ने इस सीजन में अभी तक कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन वह 25 अप्रैल को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में वापसी करने की उम्मीद कर रहे हैं।

# पीडब्ल्यूएल स्टार्स का ग्लोबल स्टेज पर दबदबा जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इस साल की शुरुआत में प्रोफेशनल रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की सफल वापसी का असर अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सीजन 5 में हिस्सा लेने वाले कई भारतीय और विदेशी पहलवानों ने प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है।

जनवरी में नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में विश्वस्तरीय पहलवानों के साथ भारत के स्थापित और उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे यह एक शीर्ष प्रतिस्पर्धी मंच के रूप में और मजबूत हुआ। लीग का प्रभाव अब अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन में नजर आ रहा है, जो एक मजबूत घरेलू प्रतिस्पर्धी ढांचे की अहमियत को दर्शाता है। इस सूची में सबसे आगे सुजीत कलकल रहे हैं, जो पुरुषों के 65 किंग्रा वर्ग में दुनिया के शीर्ष पहलवानों में शामिल हो चुके हैं। वर्तमान में ईरान के विश्व चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता रहमान अमौजाद के बाद विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सुजीत ने पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उन्होंने सात में से छह मुकाबले जीतकर उपविजेता का स्थान हासिल किया। लीग के बाद से सुजीत ने लगातार तीन अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीते हैं, जिसमें जाग्रेब और मुहामेत मालो रैंकिंग सीरीज के साथ-साथ इस महीने की शुरुआत में किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप का खिताब शामिल है। महिला 53 किंग्रा वर्ग में मीनाक्षी गोयत भी पीडब्ल्यूएल सीजन 5 की बड़ी सफलता बनकर उभरी हैं। पंजाब रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने लीग में अपने तीनों मुक. ाबले जीते और फिर नेशनल ट्रायल्स में अंतिम पंघल को हराकर भारतीय टीम में जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने मुहामेत मालो टूर्नामेंट और बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप दोनों में रजत पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी दावेदारी मजबूत की है। अन्य प्रमुख प्रदर्शनकर्ताओं में ओलंपिक रजत पदक विजेता अमन सहरावत द्धपुरुष 61 किंग्राऋ, जिन्होंने टाइगर्स ऑफ मुंबई डैंगल्स के लिए खेलते हुए जाग्रेब और बिश्केक में रजत पदक जीते, जबकि दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किंग्रा) ने पंजाब रॉयल्स के लिए दोनों प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक हासिल किए। हरियाणा थंडर्स की नेहा सांगवान ने भी मुहामेत मालो में रजत और बिश्केक में कांस्य पदक जीतकर प्रभावित किया।सबसे उत्साहजनक प्रदर्शन उभरते हुए भारतीय पहलवान अभिमन्यु (पुरुष 70 किंग्रा) का रहा। 24 वर्षीय सीआईएसएफ कांस्टेबल, जिन्होंने लीग में यूपी डॉमिनेटर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने बिश्केक में फाइनल में मंगो. लिया के दिग्गज और पूर्व एशियन गेम्स चैंपियन टॉमोर-ओचिरिन तुलगा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। लीग का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय सितारों पर भी देखने को मिला। कनाडा की विश्व पदक विजेता कार्ला गोडिनेज गोंजालेज, जिन्होंने दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने जाग्रेब में रजत पदक जीता।

# मुंबई इंडियंस ने अथर्व अंकोलेकर की जगह कृष भगत को साइन किया




**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने अथर्व अंकोलेकर की जगह कृष भगत को साइन किया है, जो चोट की वजह से टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से बाहर हो गए हैं। 21 साल के भगत ने पंजाब के लिए सात फर्स्ट-क्लास मैच और नौ लिस्ट ए मैच खेले हैं। वह दाएं हाथ के मीडियम पेसर हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में हाफ-सेंचुरी भी लगा चुके हैं।

बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑल-राउंडर अंकोलेकर 2020 में भारत की अंडर 19 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा थे और 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ एसीसी अंडर 19 एशिया कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी थे। भगत अपने बेस प्राइस 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल हुए।

# दून पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दसवीं में लहराया परचम

## शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम, अब्दुल्ला ने 95 फीसद अंक लाकर किया स्कूल टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दून पब्लिक स्कूल, रुड़की के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विगत अनेक वर्षों की गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा। इस शानदार सफलता से विद्यालय परिसर और अभिभावकों के बीच हर्ष का माहौल है।

प्रतिभाशाली छात्र और उनके अंक-विद्यालय के 30 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया है। मेधावी छात्र-छात्राओं की सूची इस प्रकार है: प्रमुख छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन इस प्रकार रहा: अब्दुल्ला 95%, आभूहयत 93.8%,आयुष 93.2%, राज यादव 93%, सलोनी 92.3%, अदिति सिंघल 92.2%, रोहित सिंह 92.2%, शरीक 92%, अब्दुल बारीक 91%, अब्दुल हाड़ी 91.4%, सिद्रा 90%, अजलन शाजिद 90%, मिठाई खिलाकर मनाया जश्न-शानदार परीक्षा परिणाम की घोषणा होते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रबंधक जहीर अहमद एवं प्रधानाचार्य श्री गौरव शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर भावुक विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



स्कूल के टॉपर छात्र को सम्मानित करते प्रबंधक जहीर अहमद व प्रधानाचार्य आदि।

संस्कार और शिक्षा का संगम-प्रधानाचार्य श्री गौरव शर्मा ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की कड़ी मेहनत और छात्रों के अनुशासन को दिया। उन्होंने कहा: विद्यालय परिवार के अथक प्रयासों से आज हमारे छात्र न केवल श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम ला रहे हैं, बल्कि उत्तम संस्कारों को भी आत्मसात कर रहे हैं। हमारे छात्र देश-विदेश में विद्यालय और रुड़की नगर का नाम आलोकित करने के लिए पूरी तरह कृतसंकल्प हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों और अभिभावकों को भी इस सामूहिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# दुकानदारों में जमकर मारपीट, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** लंढौरा में दुकानदारों के दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट की इस घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने घायलों को मेडिकल परिक्षण के लिए भेज दिया है।

लंढौरा रेलवे स्टेशन मार्ग पर कस्बा निवासी और खादर क्षेत्र निवासी दो युवकों ने मोबाइल और फ्रीज, एसी की दुकान कर रखी है। बताया गया है कि बुधवार शाम दोनों पक्षों में मामूली कहासुनी को लेकर विवाद हो गया। होते होते मामला मारपीट में बदल गया। बाद में दोनों पक्ष के लोग लाठी डंडों से लैस होकर आपस में भिड़ गए। जमकर हुई मारपीट में रनसुरा निवासी अब्बास, फरहान और लंढौरा निवासी अलाउद्दीन लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गए जमकर हुई मारपीट से दुकानदारों में अफरातफरी का माहौल बन गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ती स्थिति पर काबू पाया। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल का कहना है कि घायलों को मेडिकल परीक्षण पर भेज दिया है। उन्होंने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही।

# गोकशी का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** गोकशी के दौरान मौके से भागने में कामयाब हुए आरोपी को पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया गोतस्कर 6 माह से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने 5 हजार का इनाम भी घोषित किया था। बाद पुछताछ के पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ऑपरेशन प्रहार के तहत मंगलौर व लंढौरा पुलिस वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। इसी क्रम में साल 2025 में गोकशी के दौरान मौके से फरार हुए आरोपी को देर रात लंढौरा पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। इंस्पेक्टर भगवान सिंह मेहर ने बताया कि 6 माह पूर्व पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में एक जगह गोकशी की जा रही है। छापेमारी में पुलिस ने गोमांस समेत एक आरोपित शहीद को मौके से पकड़ लिया था। जबकि उसका एक साथी भागने में कामयाब हो गया था। फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए बार बार ठिकाने बदल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर एसएसपी हरिद्वार ने 5 हजार के इनाम की घोषणा भी की थी। बुधवार की रात पुलिस ने फरार गोतस्कर को उसके गांव के पास एक कब्रिस्तान की घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस पुछताछ में फरार इनामी आरोपी ने अपना नाम शाकू पुत्र छोटा निवासी बुक्कनपुर कोतवाली मंगलौर बताया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ झबरेड़ा व मंगलौर में पहले भी गोकशी के मुकदमे दर्ज है। बाद पुछताछ के पकड़े गए इनामी गोतस्कर का चालान कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में लंढौरा चौकी प्रभारी अशोक सिरसवाल, हेड कांस्टेबल शूरबीर सिंह चौहान कास्टेबल मनीष, कास्टेबल रघुवीर कास्टेबल सुनील प्रकाश शामिल रहे।

# कुल शरीफ के साथ हाफिज मौहम्मद इस्हाक का सालाना उर्स संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह हजरत हाफिज मोहम्मद इस्हाक रह० अलैहि० के 76वें सालाना उर्स/मेला कुल शरीफ की रस्म के साथ संपन्न हो गया। दरगाह में कुल की रस्म पर अकीदतमंदों ने केवड़े और गुलाब जल से दरगाह की दीवारों को धोया। जिससे दरगाह परिसर केवड़े और गुलाब जल की खुशबू से महक उठी। तो वहीं अकीदतमंदों ने दरगाह में हाजिरी लगाकर अपने और अपने परिवार की सलामती और देश की खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान दरगाह में मुल्क में अमन-चौन, भाईचारे और मोहब्बत के लिए भी दुआएं मांगी गई। बढ़ेडी राजपूतान में हजरत हाफिज मोहम्मद इस्हाक रह० अलैहि० का तीन दिवसीय सालाना उर्स का कुल शरीफ की रस्म के साथ सकुशल समापन हो गया। इस दौरान कुल शरीफ की रस्म में दरगाह शरीफ को केवड़ा और गुलाब जल की खुशबू से महकाया गया। सैय्यद वासिफ हुसैन साबरी ने बताया कि सालाना उर्स में परंपरागत रस्मे निभाई जाती है।देर रात उर्स में बड़ी रोशनी के मौके पर कव्वाली की महफिल का आयोजन हुआ। अकीदतमंदों ने अस्ताने पर हाजरी देकर कव्वाली का लुत्फ उठाया। देर रात तक अस्ताने पर जायरीनों की भीड़ रही। महफिल की शुरुआत कुरानख्वानी की तिलावत से की गई। जिसके बाद दरगाह पर कव्वाली की महफिल का आगाज हुआ। जहां पर कव्वालो ने सूफियाना कलाम पेश किए,इस दौरान दरगाह पर देर रात तक चहल पहल दिखाई दी। इन सब रसुमात में सबसे आखरी रस्म कुल शरीफ की रस्म होती है,उर्स में जुमेरात की सुबह स्थानीय अकीदतमंदो के साथ मिलकर दरगाह शरीफ को केवड़ा और गुलाब जल की खुशबू से महकाया गया। जिससे दरगाह परिसर केवड़े और गुलाब जल की खुशबू से महक उठी। और अकीदत के फूल पेश किए। उसके बाद देश की तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# ग्रीनवे स्कूल-2 का सौ फीसद रहा रिजल्ट

## आनंद पाठक 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल-2 में बुधवार को सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय ने एक बार फिर शत-प्रतिशत परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता साबित की।

विद्यालय के मेधावी छात्र आनंद पाठक ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आस्था सैनी ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आदित्य त्यागी, सरमद और वंशिका सैनी ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया। अंग्रेजी विषय में कई विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कंप्यूटर विषय में भी छात्रों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा और कई विद्यार्थियों ने पूरे अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य माला चौहान, अशोक चौहान, रिदम चौहान और महक चौहान ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भूषण और उप-प्रधानाचार्या शिखा साहनी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।विद्यालय परिवार ने सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का जश्न मनाया।



# लेखपाल पर प्रमाण पत्र निरस्त करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर कस्बे के वार्ड नंबर एक, अंबेडकर नगर निवासी एक व्यक्ति ने हल्का लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहनाहैकि लेखपाल द्वारा जान बूझकर उनके बच्चों के जाति व अन्य महत्वपूर्ण प्रमाण पत्रों के आवेदनों पर गलत रिपोर्ट लगाकर उन्हें निरस्त किया जा रहा है। पीड़ित ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना देने को विवश होंगे। वार्ड नंबर एक निवासी शीशपाल पुत्र बलरामने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि वे अपनी बेटियों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं उन्होंने कई बार ऑनलाइन आवेदन किए, लेकिन हर बार हल्का लेखपाल द्वारा दस्तावेजों पर नकारात्मक रिपोर्ट लगा दी जाती है, जिससे आवेदन निरस्त हो जाते हैं। शीशपाल का आरोप है कि उन्होंने वर्ष 1985 तक के पुराने दस्तावेज और सूचना के अधिकार आरटीआई के तहत प्राप्त साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं, फिर भी लेखपाल कभी परिवार रजिस्टर की नकल का अभाव तो कभी अन्य तकनीकी बहानों का हवाला देकर फाइल रिजेक्ट कर देते हैं।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**झबरेड़ा।** पुलिस ने थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। झबरेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग पर थी। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपित की पहचान नदीम निवासी ग्राम लाठरदेवा शेख, थाना झबरेड़ा, हरिद्वार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# कलियर विधायक ने स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पिरान कलियर। साबरी गेस्ट हाउस में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कलियर विधायक फुरकान अहमद, एनएचएम की डायरेक्टर रश्मि पंत सीएमओ हरिद्वार डॉ आरके सिंह ने संयुक्त रूप से किया।शिविर में 500 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में सुगर,बीपी, टीबी ,बुखार, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान सावधानियों एवं संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं से अपील की कि वे प्रसव घर पर कराने के बजाय नजदीकी अस्पताल में ही कराएं, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रह सकें। शिविर में अन्य रोग विशेषज्ञों द्वारा भी विभिन्न बीमारियों की जांच, एक्स-रे और टीबी परीक्षण किए गए।



विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से लोगों को एक ही स्थान पर आवश्यक जांच और उपचार की सुविधा मिलती है। उन्होंने क्षेत्र में ऐसे और शिविर आयोजित करने की आवश्यकता जताते हुए सीएमओ से विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की मांग भी की।सीएमओ डॉ आरके सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के प्रति जागरूक करना और उनकी स्वास्थ्य जांच करना था। एनएचएम डायरेक्टर रश्मि पंत ने भी कहा कि महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। रुड़की ब्लॉक के चिकित्साधिकारी डॉ राव अकरम ने बताया कि यह जिले में पहला शिविर था। 20 अप्रैल को रुड़की ब्लॉक के मरगूबपुर गांव में आयोजित किया जाएगा।उन्होंने गर्भवती महिलाओं सहित अन्य लोगों को शिविर का लाभ उठाने की अपील की।शिविर में जिला अल्पसंख्यक अधिकारी इप्सिता रावत, एसीएमओ रमेश सिंह कुँवर, अनिल वर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी रुड़की ब्लॉक डॉ. राव अकरम सहित ,चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद, डॉ शरफराज,डॉ उमा रावत,अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहें।

# आटोमोटिव कंपनी में भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर-खानपुर हाईवे पर गंगनौली गांव के पास स्थित टीआई डायमंड चौन मुरुगप्पा ग्रुपकी आटोमोटिव कंपनी में भीषण आग लग गई। इस घटना ने कंपनी के सुरक्षा दावों की पोल खोलकर रख दी है। सूचना मिलने पर पहुँची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गयाकैसे भड़की आगमिली जानकारी के अनुसार, शाम करीब 7 बजे एचटी फर्नस एरिया में काम चल रहा था। यहाँ मोटरसाइकिल की चौन की कड़ियों को 1000‘ ?बपतब ब से अधिक तापमान पर पकाया जाता है और फिर तेल में डालकर ठंडा किया जाता हैचश्मदीद का बयान कंपनी के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि काम के दौरान एक बेहद गर्म कड़ी पास में पड़े कबाड़ और कागज के ढेर पर जा गिरी अत्यधिक तापमान के कारण कूड़े ने तुरंत आग पकड़ ली और देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप धारणकरलियाप्रबंधन की गंभीर लापरवाहियांघटना के दौरान कंपनी प्रबंधन की कई खामियां उजागर हुईं सुरक्षा उपकरणों की विफलता कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी में रखे अग्निशमन सिलेंडरमें भरी गैस एक्सपायर हो चुकी थी, जिसके कारण वक्त पर आग नहीं बुझाई जा सकीफायरकर्मी का अभाव कंपनी में किसी भी प्रशिक्षित फायरकर्मी की तैनाती नहीं थी जोखिम में जानदमकल विभाग के आने तक कर्मचारियों को अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने का प्रयास करना पड़ा।

## महिला ने जॉइन्ट मजिस्ट्रेट से लगाई न्याय की गुहार

# नंदोई पर संपत्ति खुर्द-बुर्द करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** थाना झबरेड़ा क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर साबतवाली की एक महिला ने अपने पति के जीजा पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी रुड़की से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसके पति को नशे का आदी बनाकर उसकी पैतृक संपत्ति को खुर्द-बुर्द किया जा रहा है।

पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी लगभग 7 वर्ष पूर्व लक्ष्मण सिंह पुत्र करणपाल सिंह निवासी ग्राम सुल्तानपुर साबतवाली के साथ हुई थी। दंपति का एक 4 वर्षीय पुत्र देवस्थ है। आरोप है कि पिछले करीब 7 माह से पति ने पत्नी और बच्चे का भरण-पोषण पूरी तरह से बंद कर दिया है। पीड़िता के अनुसार, उसके पति का जीजा पर्मेन्द्र निवासी बसवाखेड़ी, थाना झबरेड़ा, हाल निवासी हरिद्वार, एक लालची और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो उसके पति की पैतृक संपत्ति पर गलत नजर रखे हुए है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पर्मेन्द्र उस पर गलत दृष्टि रखता है, जिसकी शिकायत पूर्व में थाना झबरेड़ा में भी की जा चुकी है। पीड़िता का कहना है कि दिनांक 26 सितंबर 2025 को पर्मेन्द्र ने उसके पति को नशे की हालत में रखकर पैतृक मकान की रजिस्ट्री करा दी, जिसका दस्तावेज संख्या 8803/2025 है। आरोप है कि रजिस्ट्री से प्राप्त पूरी धनराशि पर्मेन्द्र ने स्वयं हड़प ली और तभी से उसके पति को अपने प्रभाव में रखे हुए है। महिला का दावा है कि अब उसके पति के नाम अन्य जमीनों को भी बिकवाने की साजिश रची जा रही है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह नशे के कारण अपने परिवार के भविष्य के बारे में सोचने-समझने की स्थिति में नहीं है। महिला और उसके नाबालिग पुत्र के पास इस पैतृक संपत्ति के अलावा कोई अन्य सहारा या संपत्ति नहीं है। पीड़िता ने उपजिलाधिकारी रुड़की से मांग की है कि उप-निबंधक, रुड़की को आदेशित कर उसके पति द्वारा किसी भी प्रकार की संपत्ति की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि उसके और उसके बच्चे के हितों की रक्षा हो सके।

# जनगणना को लेकर मंगलौर नपा में प्रशिक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** भारत की आगामी जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में रुड़की के मंगलौर में नगरपालिका परिसर में एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जहाँ बड़ी संख्या में कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मंगलौर नगरपालिका परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 150 सुपरवाइजर और अन्य कर्मचारियों को जनगणना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को घरों की गणना,उसमें रहने वाले लोगों की संख्या और मकानों की स्थिति का सही आकलन करने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 अप्रैल से 24 मई तक चलेगा जिससे जनगणना कार्य को पूरी सटीकता और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जा सके। अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। इसमें सुपरवाइजर और कर्मचारियों को मकानों की गणना,उनमें रहने वाले लोगों की जानकारी और मकान की स्थिति के आकलन के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है।

## कलियर नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए

# आंतरिक सड़कों का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए वार्ड तीन में आरसीसी व इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनने वाली आंतरिक सड़कों का शिलान्यास अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद व वार्ड सभासद नाजिम त्यागी ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद ने कहा कि कस्बे में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है जिससे लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि जो सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, उनका भी शीघ्र निर्माण कराया जाएगा।वहीं सभासद नाजिम त्यागी ने कहा कि वार्ड तीन में विभिन्न विकास कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं। नई सड़कों के निर्माण से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी और जो कार्य लंबित हैं उन्हें भी जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है।इस मौके पर शहनवाज मलिक, इरशाद, नसीम मिस्त्री, हामिद, जमशेद, इंतजार राणा,



आसिम, दानिश, आशू, दाऊद, मुकर्रम, कय्यूम, इशरार, नामिर, मुसर्रफ सहित अनेक लोग मौजूद रहें।

# सीएसपीएस के छात्र अनिरुद्ध ने 98.40 प्रतिशत अंक हासिल कर रचा सफलता का इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** चंद्रशेखर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अनिरुद्ध त्यागी ने हाईस्कूल परीक्षा में 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। अपनी शानदार सफलता के बाद अनिरुद्ध ने साफ कहा कि उनका लक्ष्य एनडीए के माध्यम से भारतीय सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा करना है।

अनिरुद्ध ने आईटी विषय में शत-प्रतिशत 100 अंक हासिल किए, जबकि एसएसटी और अंग्रेजी में 99-99 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में उत्साह का माहौल है और अन्य विद्यार्थी भी उनसे प्रेरित हो रहे हैं। अनिरुद्ध ने बताया कि यह सफलता नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने हर विषय को समान महत्व देते हुए निरंतर अभ्यास किया। अब उनका लक्ष्य इंटरमीडिएट में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर एनडीए परीक्षा में सफलता हासिल करना है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, प्रधानाचार्य पूनम चंद्रा,



प्रबंधक अभिषेक चंद्रा और समस्त शिक्षकों को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने अनिरुद्ध को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कम वर्षा की भविष्यवाणी

मौसम विभाग के मुताबिक अचानक गर्मी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना है। ऐसा मौसम 20 अप्रैल तक रहेगा, जिसके कारण पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत में भीषण गर्मी पड़ेगी। दो सालों की घनघोर बारिश के बाद, भारत को आने वाले मानसून के दौरान बरसात में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अप्रैल में जारी अपने पूर्वानुमान में जून से सितम्बर के बीच आठ फीसदी की कमी, यानी सामान्य से कम वर्षा होने की भविष्यवाणी की है। इस अनुमान में पांच फीसदी की त्रुटि की संभावना है। लेकिन आईएमडी के पिछले रिकार्ड के मद्देनजर, ऐसे कई मौके आए हैं जब आईएमडी ने 'सामान्य' मानसून की भविष्यवाणी की है और भारत में सूखा पड़ा है। जबकि, सूखे की भविष्यवाणी करने और इसके गलत साबित होने के मामले इससे कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, जब आईएमडी अप्रैल में बारिश की कमी की चेतावनी देता है, तो इतिहास गवाह है कि भारत में अक्सर सूखा पड़ता है। यह एजेंसी अपनी आधिकारिक शब्दावली में कभी भी सूखा शब्द का प्रयोग नहीं करती है और सिर्फ 90 फीसदी से नीचे की कमी को ही न्यून वाली स्थिति के रूप में संदर्भित करती है। अप्रैल 2015 में, आईएमडी ने 2015 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के लिए ह्सामान्य से कम मानसून का पूर्वानुमान जारी किया था। इसमें मौसमी वर्षा के दीर्घकालिक औसत के 93 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था, जो फिर से सामान्य से कम था, लेकिन भारत में हालात कहीं ज्यादा ही खराब रहे और उसका दीर्घकालिक औसत (एलपीएद्ध 86 फीसदी रहा। आईएमडी को इस बार मानसून के दूसरे महत्वपूर्ण आधे हिस्से (अगस्त और सितम्बरद्ध में कमजोर मानसून की आशंका है। इसका कारण मौसम मॉडल द्वारा दर्शाए गए अल नीनो का संकेत है। अल नीनो एक ऐसी चक्रीय घटना है, जिसमें मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का तापमान एक डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ जाता है और 1950 के बाद से 16 में से 9 बार यह कमजोर मानसून से संबंधित रहा है। अल नीनो का समय महत्वपूर्ण होता है। अगर तापमान में बढ़ोतरी मानसून के महीनों के अलावा अन्य महीनों में होती है, तो मानसून पर इसका असर उतना खतरनाक नहीं होता है। मिसाल के तौर पर, 2019 में, आईएमडी ने अप्रैल में सामान्य से कम वर्षा की उम्मीद जताई थी क्योंकि अल नीनो जैसी स्थितियां बनती नजर आ रही थीं। विडंबना यह रही कि भारत में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई क्योंकि अपेक्षा के मुता. बिक गर्मी तेज नहीं हुई। इस साल भी, आईएमडी को उम्मीद है कि हिंद महासागर डायपोल अल नीनो के शुष्क प्रभाव का प्रतिकार करेगा। इस साल जब पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक बने हुए हैं, ऐसे में कमजोर बारिश के साथ-साथ गैस और उर्वरक की कमी से किसानों की हालत और भी खराब हो सकती है। लिहाजा सरकार को उर्वरकों का भंडार बढ़ाने, खासतौर पर पानी की कमी की आशंका वाले जलाशयों समेत पानी का समान वितरण सुनिश्चित करने और किसानों को बुवाई की सर्वोत्तम पद्धतियों के बारे में समय रहते सलाह देने की तैयारी फौरन शुरू कर देनी चाहिए।

## परिसीमन को बुल्डोज करने का काम



सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिस. ीमन कर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है, महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, हम महिला आरक्षण का पूरा समर्थन करेंगे, भाजपा हर बात में राजनीति करती है, यह महिला आरक्षण लाने का यह विधेयक नहीं है, बल्कि पीछे के दरवाजे से परिसीमन करने का है, महिला आरक्षण को सुरक्षा कवच बनाकर राजनीतिक मंशा पूरा कर रही है, भाजपा महिला आरक्षण के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए इसे विलंब से लेकर आई है, सरकार ने दवाब में जनगणना के साथ जाति जनगणना करने की बात मानी है, इन सबके बावजूद सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। वह महिला आरक्षण के माध्यम से विधेयक को जटिल बनाया जा रहा है, महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को बुल्डोज करने का काम कर रही है सरकार।

**-गौरव गोगोई, सासंद, कांग्रेस**

# मोटर इंश्योरेंस में रखें इन बातों का ध्यान




हम में से अधिकतर लोग जब भी मोटर इश्योरेंस का चुनाव करते हैं, तो सबसे पहले हमारी नजर उसके प्रीमियम पर होती है। सस्ती पॉलिसी हमें इसलिए आकर्षक लगती है, क्योंकि यह झटपट पैसों की बचत करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि आज जो सौदा आपको सस्ता नजर आ रहा है, वहीं कल आपके लिए महंगा साबित हो सकता है। किसी भी इंश्योरेंस की असली कीमत इस बात से तय नहीं होती है कि शुरुआत में आपको कितने कम पैसे भरने पड़ रहे हैं, बल्कि इस बात से तय होती है कि अगर अचानक से आपको कुछ हो जाए तो यह किस तरह की सुरक्षा देता है। आइए जानते हैं कि आज की एक सस्ती पॉलिसी कल आपके लिए कैसे एक महंगा सौदा साबित हो सकती है। अगर आप यह सोचते हैं कि सस्ता मोटर इंश्योरेंस लेकर आपने पैसों की बचत की है, तो असल में यह आपका भ्रम है। पहले-पहल सस्ता प्रीमियम देखने में तो आकर्षक लगता है, लेकिन इनके भीतर कई तरह के जोखिम छिपे होते हैं। लुभावने लगने वाले यह इंश्योरेंस आमतौर पर सीमित कवरेज के साथ आते हैं जिससे कि जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है तब यह आपको सबसे कम सुरक्षा देते हैं। कई पॉलिसियों में दुर्घटना के मामले में छूट, रोडसाइड असिस्टेंस या यात्रियों के सामान की सुरक्षा जैसे अहम कवरेज तक शामिल नहीं होते हैं। ऐसे में जो बचत आज आपको सूझबूझ भरी लग रही है, वही बचत दुर्घटना के समय आपके लिए एक बेहद महंगा सौदा साबित हो सकती है। दुर्घटना के तुरंत बाद आपको एक सस्ते मोटर इश्योरेंस की असली कीमत समझ आने लगती है। कई पॉलिसियों में तो मरम्मत भी पूरी तरह से कवर नहीं किए जाते हैं क्योंकि इनमें कुछ चुनिन्दा गैरेज ही शामिल होते हैं या फिर खर्चों की भी सीमा तय होती है, जिससे कि मरम्मत के दौरान आपको अच्छी गुणवत्ता वाली सुविधा तक नहीं मिलती है या फिर आपको अतिरिक्त बिल भरने पड़ते हैं। यहां तक कि क्लेम के बाद प्रीमियम में भी तेजी से बढ़त देखने को मिल सकती है, चाहे दुर्घटना में आपकी गलती हो या न हो। यानी जो छोटी सी बचत आप आज कर रहे हैं, उसकी वजह से भविष्य में आपको और ज्यादा पैसे भरने पड़ सकते हैं। इतना ही नहीं, सीमित कवरेज में अक्सर आपको टॉइंग, मेडिकल बिल या ऐसे खर्च जिनके बारे में आपको लगता था कि उसका भुगतान इंश्योरेंस कंपनी करेगी, उनके लिए भी आपको अपनी जेब से पैसे भरने पड़ते हैं। जो चीज शुरुआत में आपको किफायती लग रही थी, वहीं दुर्घटना के बाद आपके लिए एक आर्थिक बोझ बन जाती है। दुर्घटना का असर केवल आपकी कार पर नहीं होता, बल्कि यह आपके रिकॉर्ड को भी खराब करता है। फाइलों में क्लेम कई-कई सालों तक दर्ज रहता है। जब आप कोई सस्ती पॉलिसी लेते हैं, तो जब भी आप इसे रिन्यू करते हैं, तब यह बात आपको आर्थिक रूप से कचोटती है। कुल मिलाकर देखें तो एक स्मार्ट बचत जल्द ही आपके लिए एक भारी बोझ बन जाती है। इसमें केवल साधारण दुर्घटना ही शामिल नहीं होती है, बल्कि चोरी, आगजनी, प्राकृतिक आपदाएं, तोड़फोड़ और यहां तक कि अगर चालक के पास इंश्योरेंस न हो या फिर चालक के पास अपर्याप्त इंश्योरेंस होने पर भी आपको पूरी सुरक्षा मिलती है। इससे यह बात पक्की हो जाती है कि चाहे जैसी भी परिस्थिति हो आपको हर हाल में पूरी सुरक्षा मिलेगी। कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियां आपको एक भरोसेमंद गैरेज चुनने की सुविधा तो देती ही हैं, साथ ही इनमें जेनुइन स्पेयर पार्ट्स भी कवर किए जाते हैं। इससे यह बात पक्की हो जाती है कि न तो आपको खर्चों की चिंता करने की जरूरत है, न ही आपको गुणवत्ता के साथ समझौता करना पड़ेगा। इको एश्योर रिपेयर प्लान में आपकी कार को सुरक्षा देने के साथ-साथ पर्यावरण का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। इसमें मरम्मत के काम के लिए पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को अपनाया जाता है, जिसमें टिकाऊ विधि, ऊर्जा-बचत प्रक्रिया के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि न केवल आपको विश्वनीय सेवा के साथ-साथ वाहन के जेनुइन पार्ट्स भी मिलते हैं, बल्कि आपके मन को सुकून मिलता है कि आपने कार्बन उत्सर्जन को घटाते हुए पर्यावरण में अहम योगदान दिया है। आर्थिक सुरक्षारू यह आपको अचानक से आने वाले खर्चों और अपनी जेब से भरे जाने वाले पैसों से सुरक्षा प्रदान करता है। चाहे टॉइंग की फीस हो या मेडिकल बिल या रिप्लेसमेंट कॉस्ट, कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज आपको अचानक से आने वाले हर तरह के खर्चों से सुरक्षा प्रदान करता है। कई कॉम्प्रिहेंसिव प्लान में नो-क्लेम बोनस शामिल होते हैं, जिससे कि क्लेम के बाद प्रीमियम में होने वाली तेज बढ़त से आपको सुरक्षा मिलती है। साथ ही, जैसे-जैसे समय बीतता है वैसे-वैसे आपको सुरक्षित ड्राइविंग करने का फायदा यानी कि पुरस्कार भी मिलता रहता है। एनसीबी प्रोटेक्शन ऐड-ऑन कवर के जरिए आप क्लेम करने के बाद भी अपने जमा हुए बोनस को सुरक्षित बनाए रख सकते हैं। इसका अर्थ यह है कि आपका प्रीमियम स्थाई रहता है और आपने सुरक्षित ड्राइविंग करते हुए जो भी बोनस हासिल किए हैं, उनका लंबे समय में बचत के तौर पर लगातार फायदा उठा सकते हैं। कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियों में अक्सर अतिरिक्त सुरक्षा जैसे कि रोडसाइड असिस्टेंस, रेंटल कार कवरेज और फटाफट क्लेम सैटलमेंट शामिल होते हैं, जिससे कि रिकवरी की प्रक्रिया न केवल सहज हो जाती है, बल्कि आप हरदम परेशानी-मुक्त भी रहते हैं। साधारण इंश्योरेंस की तुलना में कॉम्प्रिहेंसिव प्लान में किसी वस्तु के गिरने से होने वाला नुकसान, बाढ़ या आग से हुई क्षति जैसे जोखिम शामिल होते हैं जो अचानक से कभी भी हो सकते हैं और इनके लिए आपको भारी-भरकम नुकसान हो सकता है। कुछ कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियों में जीरो डेप्रिसिएशन कवर जैसे फीचर शामिल होते हैं, जो यह बात पक्की करते हैं कि आपको पूरा-पूरा क्लेम मिलेगा और समय के साथ वाहन के पुराने होने पर इस्तेमाल के दौरान होने वाले टूट-फूट से भी आपको पूरी सुरक्षा मिलेगी। ऐड-ऑन्स जो आपकी पॉलिसी को और मजबूत बनाते हैं जब आप कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज को चुनते हैं, तो अतिरिक्त सुरक्षा जोड़कर आप इसे विशेष जोखिमों से और मजबूत बनाते हैं। हालांकि ओन डैमेज कवरेज में जबरदस्त सुरक्षा तो होती है, लेकिन इसकी अपनी सीमाएं भी हैं। इसमें क्लेम के दौरान आपको अपनी जेब से भारी-भरकम रकम भरनी पड़ सकती है। ऐसे में ऐड-ऑन्स अहम भूमिका निभाते हैं। जीरो डेप्रिसिएशन कवर यह बात पक्की करता है कि इस्तेमाल के साथ-साथ आपकी कार जितनी भी पुरानी हो जाए और इसके पुर्जे जिस भी स्थिति में हों, इन सबके लिए आपको पूरा-पूरा क्लेम मिले। यह सहूलियत नई कार के मामले में और भी फायदेमंद होती है।

**इंजन प्रोटेक्शन कवर बाढ़, ऑयल लीकेज या मैकेनिकल खराबी जैसी स्थितियों में महंगे इंजन की मरम्मत से होने वाले खर्चों से सुरक्षा प्रदान करता है, जो कि आमतौर पर साधारण कवरेज में पूरी तरह से कवर नहीं किए जाते हैं। इसके अलावा, रिटर्न टू इनवॉयस (आरटीआई) वाहन के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने या चोरी जैसे मामलों में आपकी कार की पूरी इनवॉयस कीमत वापस दिलाता है, जिससे कि आपको कार की घटी हुई बाजार कीमत के बजाय असली खरीद कीमत प्राप्त करने में मदद मिलती है। कंज्यूमेबल्स कवर छोटे लेकिन कार के लिए बेहद अहम पुर्जे जैसे कि नट-बोल्ट, लुब्रिकेंट और ऑयल आदि के खर्च को कवर करता है, जो कि आमतौर पर साधारण क्लेम में शामिल नहीं किए जाते हैं।**

**राकेश कौल, चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर रिटेल बिजनेस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड)**

# भारतीय पत्रकारिता को कलंकित करता गोदी मीडिया

**अब तो उस पाकिस्तानी व्यक्ति की लोकप्रियता गोदी चैनल्स में इतनी बढ़ गई है कि वह व्यक्ति दूसरे चैनल्स पर भी नजर आने लगा है। वह खुद भी कह चुका है कि तुम हिंदुस्तानी चौनल वाले मुझे बुलाते ही इसलिए हो ताकि तुम्हारी टी आर पी बढ़े। सनसनी फैलाने, पक्षपात करने, सत्ता का गुणगान करने, भ्रामक रिपोर्टिंग करने, बहस में अपना एजेंडा थोपने, साम्प्रदायिकता फैलाने सत्ता के बजाय विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने, मंहगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बहस न करने व इन मूल मुद्दों को न उठाने जैसी अपनी गैर जिम्मेदाराना हरकतों के चलते आज विदेशों में भी भारतीय मीडिया की छवि नकारात्मक बन चुकी है। भारतीय मीडिया को अक्सर सरकार का चमचा कहकर संबोधित करते हैं।**



**निर्मल रानी**

सत्ता की गुलामी करने में मदहोश देश का गोदी मीडिया तमाम अपमानों, जलालत, विरोध व आलोचनाओं के बावजूद अपनी प्रस्तुति, सामग्री व शब्दों के चयन के स्तर को दिन प्रतिदिन गिराता जा रहा है। हद तो यह है अपनी टी आर पी बढ़ाने के चक्कर में पाकिस्तान व अन्य देशों के अतिथियों को अपने साथ लाईव जोड़कर उनसे विवदित व बेतुके सवाल पूछकर उन्हें श्बदकलामी श करने के लिए जानबूझकर उकसाया जाता है। ताकि वे तीखा जवाब दें जिससे बहस में गर्मी पैदा हो और बहस में असंसदीय व अभद्र शब्दों का इस्तेमाल हो। और इसी शोर शराबे की आड़ में उनकी टी आर पी भी बढ़े उनका एजेंडा भी पूरा हो और उनके सरपरस्त श्आकाश भी खुश हो सकें। देश को कलंकित करने वाले ऐसे अनेक टी वी स्टूडियो में डिबेट के दौरान गाली गलौज, धक्का मुक्की मार पीट सब कुछ तो होता रहता है? अफसोस यह कि यह सब पूर्वनियोजित होता है और जानबूझकर करवाया जाता है। सरकारी टीवी चैनल डीडी न्यूज के शो दो टूक के एंकर अशोक वास्तव द्वारा अपने इसी शो में पिछले दिनों की गई एक अत्यंत घटिया टिप्पणी को सुनकर भला कौन कह सकता कि यह भाषा किसी पत्रकार या टीवी एंकर की भाषा हो सकती है। एक लाइव डिबेट के दौरान अशोक वास्तव ने कहा कि राहुल गांधी सावरकर के चप्पल की धूल के एक कण के हजारवें हिस्से के बराबर भी नहीं हैं। राहुल गांधी सावरकर के जूते की नोक के बराबर भी नहीं हैं, और उस नोक पर लगी धूल के कण के भी हजारवें भाग के बराबर नहीं हैं। एंकर अशोक वास्तव द्वारा यह टिप्पणी सावरकर को श्रद्धांजलि देते समय राहुल गांधी से उनकी तुलना करने के बहाने से की गई थी। इस ओछी व घटिया टिप्पणी के बाद खासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। कई विपक्षी नेताओं ने भी ऐसी घटिया टिप्पणी को अपमानजनक व असभ्य बताया। इसके बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में दूरदर्शन मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यह पत्रकारिता नहीं, सत्ता की दलाली है जैसे नारे लगाए। गोदी मीडिया का पुतला फूंका गया। इसके बाद यह सवाल भी खड़ा हुआ कि निजी टीवी चैनल तो भय लालच व्यवसायिकता अथवा वैचारिक कारणों से तो सत्ता की गोद में जाकर बैठ ही चुके हैं परन्तु आखिर देश के कर दाताओं के पैसों से चलने वाला सरकारी चैनल भी क्या अपनी निष्पक्षता खो चुका है? क्या DD News पर भी करोड़ों रुपये लेने वाले पत्रकार व टाई सूट में सजे धजे टीवी ऐंकर भी अब आई टी सेल या ट्रोलर्स की भाषा बोलने के लिए मजबूर हो चुके हैं?


इसी तरह एक निजी टीवी चैनल की एक एंकर हैं जिन्होंने पिछले दिनों इफ्तार पार्टी आयोजित कर कई राजनेताओं को दावत दी थी। उनकी यह दावत और आमंत्रित लोगों को देखकर यह समझने में देर नहीं लगी कि उनका राजनैतिक रुझान भी है और वह पत्रकारिता के बाद संभवतः राजनीति में ही अपना कैरियर बना सकती हैं। दरअसल गोदी पत्रकारों को यह मालूम है कि गोदी से उतरने के बाद वे इस लायक ही नहीं रहेंगे कि अपना कोई प्लेटफॉर्म खड़ाकर उसपर अपने जौहर दिखा सकें, क्योंकि हर पत्रकार सिद्धार्थ वरदराजन, रवीश कुमार, अजीत अंजुम, अभिसार शर्मा, अशोक पाण्डेय, पुण्य प्रसून वाजपेई, प्रज्ञा मिश्रा, आरिफा खानम या आशुतोष जैसे पत्रकारों के नक्शे कदम पर नहीं चल सकता। दरअसल ऐसी पत्रकारिता के लिए अध्ययन, साहस, ज्ञान, पत्रकारिता का दायित्वबोध आदि सब कुछ चाहिए जो चाटुकारिता या सत्ता की दलाली के लिए जरूरी नहीं। बहरहाल गोदी चौनल की यही मोहतरमा अपने चौनल पर एक पाकिस्तानी मेहमान को बार बार बुलाती हैं। यह जब उससे कोई तीखा सवाल जानबूझकर करती हैं तो वह शख्स इनसे भी तीखा जवाब देता है। मैंने उसे अपशब्द बोलते, गलियां निकालते भी सुना यहां तक कि उसकी कई टिप्पणियों से हमारे देश की तौहीन भी हुई। परन्तु यह आज भी उसे जानबूझकर बार बार बुलाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सामाजिक विभाजन को दूर किया पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने

चंन्द्रशेखर के अपने आज राजनीतिक दलों के बीच गहरी होती खाईयों, बढ़ते सामाजिक विभाजनों और नेताओं के परस्पर विशेष से ठप्प पड़ती समृद्ध सांसदीय परम्पराओं के इस दौर में चन्द्रशेखर जन्मशती वर्ष में ही नहीं रोजमर्रा में भी सांसदीय राजनीति के भीष्म पितामह और भारतीय राजनीति के अजातशत्रु सर्वश्रेष्ठ सांसद आंके गए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर का जागरूक जानकार लोगों को याद आना स्वाभाविक ही है। देश जनता के हित में अपने हितों की बलि देकर इन बाधाओं को पाटने के लिए ही शायद चन्द्रशेखर नीलकंठ बने थे।

साधारण किसान परिवार की पृष्ठभूमि से आए पर बड़े-बड़े पदों की उपलब्धता लम्बे समय तक होने के बावजूद दोस्तों के दोस्त, फक्कडमस्त, खांटी चन्द्रशेखर बिना किसी पद पर रहे सीधे प्रधानमंत्री बने। सिर्फ चन्द्रशेखर। चन्द्रशेखर के व्यक्तित्व के गलत आंकलन और अपने नासमझी के व्यवहार का अहसास होने पर सहज, सज्जन, राजीव गांधी ने उनसे इस्तीफा न देने का आग्रह किया। इस्तीफे बहुतों ने दिए पर आग्रह के बावजूद इस्तीफा वापस न लेने वाले सिर्फ चन्द्रशेखर। हालांकि जानकारों का यह भी मानना है कि यदि चन्द्रशेखर आग्रह मान इस्तीफा न देते या दोबारा शपथ के प्रस्ताव को मान लेते तो शायद भारतीय राजनीति की दशा दिशा कुछ और होती। बुद्ध-गांधी की तरह 1983 में 6 महीने पैदल कन्याकुमारी से दिल्ली भारत यात्रा करने वाले इस अजब गजब पदयात्री को इन्दिरा जी, राजीव जी से ज्यादा जानती मानती थी। 1964 में कांग्रेस में शामिल होने का इन्दिरा जी ने कारण चन्द्रशेखर जी से पूछा तो उनका सच्चा जवाब था कि वो कांग्रेस को समाजवादी बनाने आए है। न बना पाए तो अगला सवाल था। जवाब सीधा सपाट कि पार्टी तोड दूंगा। दलीय आसक्ति चन्द्रशेखर जी में कभी नहीं रही पर मुद्दों और विचाराधारा के प्रति निष्ठा हमेशा रही। 1972 में वे इन्दिरा जी के मना करने के बाद भी चुनाव समिति का चुना लड़े और सर्वाधिक मतों से जीते भी। इन्दिरा जी के बड़े-बड़े पदों के प्रस्ताव को नकार चन्द्रशेखर 1975 में इमरजेन्सी का विरोध कर 19 महीने जेल में रहे और 1984 में स्वर्ण मन्दिर गुरुद्वारे में आप्रेशन ब्लू स्टार के तरीके के विरोध का जोखिम भी उठाया पर दोनों नेताओं के बीच कभी कोई कटुता नहीं रही। 19 महीने इमरजेन्सी की जेल के बाद 1977 की जनता पार्टी सरकार में इन्दिरा जी पर ज्यादती हुई तो जनता पार्टी अध्यक्ष चन्द्रशेखर अपनी ही सरकार का विरोध करने से भी नहीं हिचके। 1990 में ऐसे कांग्रेस के बाहरी समर्थन से चन्द्रशेखर जी का अप्रत्याशित सरकार बनाना प्रधानमंत्री बनना उनके कुछ सहयोगियों को भी असहज कर गया, पर मंडल कमंडल की आड़ में जल रहे देश को सम्हालने की हिम्मत किसी नेता में नहीं दिखाई और देश समाज के हित में छवि की परवाह न करते हुए चुनौती स्वीकार करना नीलकंठ बनना चन्द्रशेखर जी के लिए स्वाभाविक था। उनका कोई पूर्व प्रशासनिक अनुभव न होने से आशंकित तत्कालीन राष्ट्रपति आर. वैंकटरमण अपनी किताब में प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के कार्यकाल को सुखद आश्चर्य, यादगार और श्रेष्ठ आंकते है। विरासत में उनकी सरकार को साम्प्रदायिकता और जातिवाद से जलता देश, दर्जन राज्यों में कर्फ्यू आतंकवाद से झुलसता पंजाब, कश्मीर, तमिलनाडु और उत्तर पूर्व, खाडी युद्ध और भुगतान संकट से खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के हालात मिलें। पूर्ववर्ती सरकारों को कोसने के बजा, समाधान करने को उन्होंने प्राथमिकता दी। जो नतीजे पूर्ण या प्रचंड बहुमत की पूर्णकालिक सरकारे हासिल न कर पाई, इस बाहरी समर्थन पर टिकी अल्पमत की 4 महीने की सरकार ने दिए और इसीलि, 4 महीने बनाम 40 साल के नारे पर उन्होंने अगला चुनाव लड़ा। चन्द्रशेखर जी को इसका यश और श्रेय तो मिला पर मंडल कमंडल और बाद में भूमंडलीकरण की राजनीति कदमताल न मिला पाने के कारण वोट के गणित में वो पिछड़ते चले गए। पिछले 30 सालों में भारतीय समाज व राजनीति साम्प्रदायिकता और जातिवाद से ऐसे अभिशप्त हुए कि चन्द्रशेखर की बुलन्द आवाज और रोजी, रोटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सुरक्षा के मुद्दे हालांकि गायब तो नहीं हुए पर उनसे न्याय भी नहीं हो पाया। काश्मीर, असम, नेपाल, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अयोध्या विवाद, बोफोर्स, ब्लू स्टार, निजीकरण, विनिवेश, उदारीकरण, भूमंडलीकरण, अमरीका सम्बन्धों आदि विषयों पर 20-30 साल बाद उनके विचारों से सब तरफ सहमति दिखाई देती है पर तब उनकी दूरदर्शिता और साफगोई से उपजी और नासमझ स्वार्थी नेताओं द्वारा प्रयोजित तात्कालिक जनता की नाराजगी का राजनीतिक नुकसान उठाने का साहस चन्द्रशेखर जी ने हमेशा किया। हां इस कारण उन्हें दोस्तों की कमी कभी नहीं रही। पर इसका कारण भी दोस्त बनाने के उनके हुनर से ज्यादा दोस्ती निभाने का उनका माद्दा है जिसमें वो खुद विवादित होने तक का जोखिम उठा लेते थे। राजनीतिक छूआछूत से अलग उनके मित्र व प्रशंसक समाज के हर वर्ग, क्षेत्र, देश, दल में रहे। कांग्रेस से भाजपा तक, वामपंथ से दक्षिण पंथियों तक। विस्तृत प्रभामंडल के चन्द्रशेखर इन्दिरा जी से अटल, ज्योति बासु और कांशीराम तक के सम्मानित रहे। उनकी तुलना किसी भारतीय सांस्कृतिक मिथक से सम्भव है तो वो है भोलेशंकर, 'भोलेशंकर समाजवादी'। यही कारण है कि भैरासिंह, शरद पवार और मुलायम सिंह की संयुक्त समिति की देखरेख में अयोध्या विवाद 1991 में ही चन्द्रशेखर सरकार के कार्यकाल में समाधान के ,कदम करीब पहुंच गया था। पर सरकार चली गई। सावन में





**डा. हिमांशु**

आम की दावत का शौकीन, आम आदमी की खास आवाज-ए-शख्सियत आज नाटकीयता, विशेष, विभाजन से अवरुद्ध व ग्रस्त संसद को स्नेह, मनुहार और जरूरत पडने पर डांट डपट से बाहर निकालने की क्षमता रखता था जिसकी जरूरत आज और भी बढ़ गई है। यह आवाज आज समाज में कमजोर, दबे कुचले की बेखौफ आवाज होती और देश के अन्दर बाहर राष्ट्रीय गरिमा से हर खिलवाड़ के खिलाफ राष्ट्रीय गौरव की अभिव्यक्ति बनती। सत्ताधीशों को चेताती और चुनौती स्वीकारती। भारत यात्रा केन्द्र में चन्द्रशेखर जी को भेंट की गई एक कविता मढ़ी रखी थी-

क्या हुआ, जो राजनीति में अपना वेश बदला?
क्या हुआ, जो धर्म के चेहरे पर कालिख पुत गई है?
क्या हुआ, जो कुंद बौने आज शासक बन गए हैं?
मैं सदा ही इस जाति की पहचान बताता रहूंगा।

आशा है चन्द्रशेखर के अपने इस विरासत को राजनीति और समाज में संस्थागत रूप देने का प्रयास करते रहेंगे और राष्ट्र अपने इस सपूत को शीघ्र भारत रत्न से विभूषित करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 अमेरिकी वैज्ञानिक गायब

## वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्यूक्लियर और स्पेस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में है। 2023 से अब तक ऐसे 10 मामले सामने आए हैं, जिनमें वैज्ञानिक या अधिकारी या तो लापता हो गए या संदिग्ध हालात में मरे।

व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में पहली बार प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से इन घटनाओं पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने अभी संबंधित एजेंसियों से इस बारे में बात नहीं की है। मैं ऐसा करूंगी और आपको जवाब दूंगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर यह सही है, तो यह निश्चित तौर पर ऐसी बात है जिसे सरकार जांच के लायक मानेगा। उनके इस जवाब के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां इस पैटर्न को गंभीरता से नहीं ले रही हैं या फिर इसे छुपाने की कोशिश कर रही हैं। वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें लास एलामोस नेशनल लैब, नासा का जेट प्रोपल्शन लैब और एमआईटी का प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर शामिल हैं। ये संस्थान न्यूक्लियर हथियार, एडवांस्ड प्रोपल्शन और नई ऊर्जा तकनीकों पर काम करते हैं।




■ वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं

रिपोर्ट्स के मुताबिक कई लापता वैज्ञानिक अपने घरों से अचानक पैदल निकल गए। उन्होंने फोन, वालेट और चाबियां तक पीछे छोड़ दीं। यही पैटर्न कई मामलों में देखा गया है, जिससे संदेह और बढ़ा है। रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम नील मैककैसलैंड का मामला हाल में बहुत चर्चा में रहा। वे 27 फरवरी को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर से गायब हो गए थे। बताया गया कि वे अपने साथ सिर्फ पिस्टल लेकर निकले थे और उनकी पत्नी ने 911 पर कहा कि वे खुद को छिपाने की कोशिश कर रहे थे। मोनिका अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के जेट प्रोपल्शन लैब से जुड़े एक प्रोजेक्ट में काम कर रही थीं। वहां वह नए मटेरियल और धातुओं पर काम देखने वाली एक टीम की चीफ थी। वह एक खास धातु पर काम कर रही थीं, जिसे मोंडालोय कहा जाता है। यह मटेरियल खास तौर पर राकेट इंजन के लिए बताया जाता है। यह भविष्य की स्पेस टेक्नोलाजी के लिए काफी अहम हो सकता था। मोनिका को आखिरी बार 22 जून की सुबह माउंट वाटरमैन इलाके में दो दोस्तों के साथ हाइकिंग करते हुए देखा गया था। उनके बारे में अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनिका का प्रोफेशनल कनेक्शन रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम 'नील' मैककैसलैंड से था। वह 8 महीने बाद गायब हो गए। इसके बाद शक और बढ़ गया। विलियम अमेरिका के रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल हैं। वह पहले एयर फोर्स रिसर्च लैबोरेट्री के कमांडर रह चुके हैं।

वहां वे अरबों डालर के साइंस और टेक्नोलाजी प्रोग्राम संभालते थे। यह लैब अमेरिकी सेना की सबसे अहम रिसर्च यूनिट्स में से एक है, जहां नई टेक्नोलाजी, हथियार सिस्टम, स्पेस से जुड़ी टेक्नोलाजी और एडवांस साइंस पर काम होता है। जिस प्रोजेक्ट में मोनिका रेजा काम कर रही थीं, उससे जुड़ी फंडिंग की देखरेख मैककैसलैंड ने की थी। मैककैसलैंड 27 फरवरी 2026 की सुबह न्यू मैक्सिको में अपने घर के पास आखिरी बार देखे गए थे। गार्सिया कंसास सरकारी ठेकेदार थे और सिटी नेशनल सिक्योरिटी कैंपस से जुड़े थे, जहां परमाणु हथियारों के गैर-न्यूक्लियर पार्ट बनाए जाते हैं। यहां काम करने वाले लोग सुरक्षा के लिहाज से काफी अहम माने जाते हैं।



आगरा। भीषण गर्मी के बीच ताजमहल का दीदार करते पर्यटक।

## तुर्की में गोलीबारी का समर्थन करने वाले 162 लोग गिरफ्तार

**अंकारा।** तुर्की में इस हफ्ते दो स्कूलों में हुई गोलीबारी के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 162 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने सोशल मीडिया पर गोलीबारी का समर्थन किया और ऐसे पोस्ट किए, जिनसे अपराध और अपराधियों को बढ़ावा मिला। मंगलवार और बुधवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में दो स्कूलों में फायरिंग की घटनाएं हुईं। बुधवार को कहरामनमाराश के आयसेर चालिक सेकेंडरी स्कूल में हुए हमले में 8 छात्रों और एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए। घायलों में 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। 14 साल का हमलावर भी इस घटना में मारा गया। इससे एक दिन पहले दे एक हाई स्कूल में भी गोलीबारी हुई थी, जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हुए थे।

## गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को प्राथमिकता: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि देश पर थोपे गए 'गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थाई अंत की शर्तें' उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान की स्थिति को अमेरिकी मीडिया गलत ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इन्कार नहीं किया। हमारे लिए अहम यह है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थाई अंत किन शर्तों पर होगा। अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने अमेरिका-ईरान वार्ता की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार भी जताया। उच्चस्तरीय राजनीतिक-सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। अराघची ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि संवाद की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार व्यक्त किया, जो हमारे गहरे द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत और साझा है।

# ट्रम्प को भारी पड़ रही ईरान से जंग

## अमेरिका ने माना लापता डफ-4सी ट्राइटन ड्रोन हुआ था क्रैश, अब तक 25 ड्रोन का नुकसान

**वाशिंगटन।** पिछले एक महीने से जारी ईरान-अमेरिका युद्ध अब डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका है। अब अमेरिका ने माना है कि उसे हाल ही में बड़ी तादात में उन्नत ड्रोन खोने पड़े हैं। अमेरिकी नौसेना ने आधिकारिक पुष्टि की कि उसका लापता ड्रोन 'एमक्यू-4सी ट्राइटन' खाड़ी क्षेत्र में क्रैश हो गया। यह पहली बार है जब अमेरिका ने अपने बड़े नुकसान को कबूला है। यह जानकारी यूनाइटेड स्टेट्स नेवल सेफ्टी कमांड की हालिया रिपोर्ट में सामने आई है।

यह हाई-एल्टीटयूड, लान्ग-एंडयोरेंस (एचएलईई) निगरानी ड्रोन समुद्री इलाकों में जासूसी और दुश्मनों पर नजर रखने के लिए इस्तेमाल होता है, जिसकी कीमत करीब 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बताई जा रही है। यह 24 घंटे तक हवा में रहने के लिए डिजाइन किया गया है। अमेरिकी नौसेना सुरक्षा कमांड की रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर लिखा है-9 अप्रैल 2026 (स्थान गोपनीय-आपरेशनल सिक्योरिटी) एमक्यू-4सी क्रैश। दरअसल, अमेरिकी रक्षा विभाग के नियमानुसार, 2.5 मिलियन डालर से अधिक नुकसान वाले हादसों को क्लास ये मिसहैप माना जाता है। ये भी इसी श्रेणी में बताया गया है यानी 2000 करोड़ रुपये के करीब होगा।



■ अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका

### सीनेट ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी युद्ध रोकने की कोशिश को किया नाकाम

**मॉस्को।** अमेरिका की सीनेट ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रखने से रोकने वाले प्रस्ताव को बुधवार को खारिज कर दिया है, जिससे युद्ध रोकने की कोशिश विफल हो गई है। इस पहल का 52 सीनेटरों ने विरोध किया जबकि 47 सीनेटरों ने इसका समर्थन किया। यह वोट इस साल चौथी बार है जब सांसदों ने इसकी वैधता और दायरे को लेकर जताई गई चिंताओं के बावजूद औपचारिक मंजूरी के बिना ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के युद्ध को जारी रखने की प्रभावी अनुमति दी है। कुछ सीनेटरों ने एक स्पष्ट रणनीति की जरूरत को स्वीकार करते हुए बताया कि अमेरिकी कानून के तहत, कांग्रेस को 60 दिनों के भीतर सैन्य कार्रवाई को अधिकृत करना होता है और यह समय-सीमा इस महीने के अंत में पूरी होने वाली है।

अमेरिकी अधिकारियों ने साफ कहा कि ड्रोन किसी के हमले का शिकार नहीं हुआ, बल्कि 9 अप्रैल को ये 'क्रैश' हुआ था। मानवरहित ड्रोन होर्मुज में इंटरनेशनल एयरस्पेस में तीन घंटे के रूटीन मिशन पर निकला था। फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरते समय जब विमान अचानक आनलाइन फ्लाइट ट्रैकिंग साइट्स से गायब हो गया, ब्राडकास्ट इमरजेंसी कोड 7700 नजर आने लगा, जो आमतौर पर इन-फ्लाइट इमरजेंसी के लिए उपयोग में लाया जाता है। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि उसे ईरानी हवाई सुरक्षा बलों ने मार गिराया था, हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई थी।

द वॉर जोन की एक रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन 50,000 फीट की ऊंचाई से तेजी से नीचे गिरा और 10,000 फीट से भी नीचे पहुंचने के बाद उसका संपर्क टूट गया था। नेवी ने आपरेशनल सुरक्षा कारणों से उसने दुर्घटना की सटीक जगह का खुलासा नहीं किया है। विमान में अमेरिका का कोई भी कर्मी सवार नहीं था, और किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। ट्राइटन ड्रोन को नार्थराप ग्रुम्मन ने बनाया है। यह अमेरिकी नेवी के पावरबैंक का सबसे एडवांस मानवरहित एरियल सिस्टम है। इसे बेहद ऊंचाई पर उड़ने और लंबे वक्त के मिशन के लिए डिजाइन किया गया है। ग्रुम्मन की आधिकारिक साइट पर दावा किया गया है कि यह रक्षा के लिए सबसे उन्नत, ऊंची उड़ान भरने वाली और लंबे समय तक टिकने वाली क्षमता रखता है। मामला यहीं खत्म नहीं होता। इसी अवधि में अमेरिका ने अपने 24 और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी गंवाए हैं। इनकी कुल कीमत लगभग 6727 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस तरह कुल 25 ड्रोन के नुकसान ने अमेरिकी सैन्य रणनीति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्राइटन, एमक्यू-4 ग्लोबल हाक का ही एक रूप है, और समुद्री निगरानी में विशेषज्ञता हासिल है। इस विमान की रेंज 13,000 किलोमीटर से भी ज्यादा है, जो बड़े इलाके की लगातार निगरानी के लिए जरूरी है।

## भारत-ऑस्ट्रिया के बीच शिक्षा क्षेत्र में सहयोग पर समझौता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के क्षेत्र में नई ऊर्जा आएगी और ऑस्ट्रिया की विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता तथा भारत की गति और पैमाना दुनिया के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करेगा। दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ करेंगे।

भारत और आस्ट्रिया ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और माइग्रेशन एंड मोबिलिटी एग्रीमेंट को नर्सिंग क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत हॉलिडे प्रोग्राम शुरू करने की भी घोषणा की है। मोदी ने भारत यात्रा पर आए स्टॉकर के साथ वार्ता के बाद गुरुवार को यहां संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत-आस्ट्रिया साझेदारी को नवाचार और भविष्य की जरुरतों पर आधारित बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का मजबूती से मानना है कि सैन्य टकरावों से समस्याओं का



**दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ़ करेंगे**

समाधान संभव नहीं और हम यूक्रेन तथा पश्चिम एशिया में स्थाई शांति के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आस्ट्रिया दोनों ही वैश्विक संस्थाओं में सुधारों के प्रबल समर्थक हैं और आतंकवाद को जड़ से मिटाना, हमारी साझी प्रतिबद्धता है। वार्ता के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में चांसलर स्टॉकर के साथ अपनी बातचीत को उपयोगी करार दिया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर के साथ अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई। भारत में हम इस बात से प्रसन्न हैं कि उन्होंने पदभार संभालने के बाद यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए हमारे देश को चुना।

# अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर के लिए दबाव

## पाक प्रतिनिधिमंडल की आसिम मुनीर के नेतृत्व में ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी

**तेहरान।** अमेरिका से मिले एक नए संदेश के साथ, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के प्रयास में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता के एक नए दौर की संभावना पर ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है।

इस्लामाबाद में रविवार को बिना किसी समझौते के समाप्त हुई प्रारंभिक वार्ता के बाद पाकिस्तान आगे की वार्ता के लिए समन्वय कर रहा है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी मध्यस्थता प्रयासों में शामिल हैं जबकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ राजनयिक वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए चार दिवसीय खाड़ी दौरे के पहले पड़ाव के रूप में सऊदी अरब में हैं। पाकिस्तानी अधिकारी दूसरे दौर की वार्ता के लिए युद्धविराम को बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं और क्षेत्रीय साझेदारों को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे अमेरिका पर प्रभाव का इस्तेमाल करके ईरान के साथ फिर से बातचीत शुरू करें जिससे कोई राजनयिक गलती न हो। यह राजनयिक प्रयास अमेरिका और ईरान की नौसैनिक नाकाबंदी के कारण बढ़े तनाव के बीच किया जा रहा है जो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते की दिशा में संभावित प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष में अब तक लगभग 3,000 लोग मारे गए हैं और यह पश्चिम एशिया में फैल गया है। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता को उस समय और गति मिली जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आने वाले 'अद्भुत दो दिनों' का वर्णन किया, जिससे संकेत मिला कि ईरान के साथ युद्ध अपने अंत के करीब हो सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि समझौते की संभावनाएं आशाजनक लग रही हैं। इसके बावजूद, अमेरिकी सेना ने ईरान के सभी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकाबंदी की हुई है और वह 'मौजूद, सतर्क और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तैयार' हैं। ईरानी सेना ने इस नाकाबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है और बुधवार तक इसके कारण नौ जहाजों को वापस लौटना पड़ा है। ईरान के संयुक्त सैन्य कमांडर अली अब्दुल्लाही ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका नाकाबंदी नहीं हटाता है तो तेहरान लाल सागर, खाड़ी और ओमान सागर के रास्ते व्यापार अवरुद्ध करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है।



■ सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 20 अप्रैल को समाप्त होने वाला है

## सेना में कोलंबियाई नागरिकों की भर्ती कर रहा है यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के सीमा रक्षक बल पोलैंड सीमा पर कोलंबियाई नागरिकों को अपनी सेना में भर्ती कर रहे हैं। यूक्रेन और मध्य पूर्व में भर्ती प्रक्रिया से जुड़े एक सूत्र ने 'स्पुतनिक' को यह जानकारी दी है। सूत्र के मुताबिक, कोलंबिया से आने वाले लड़ाके पोलैंड-यूक्रेन सीमा पर पहुंचते हैं, जहां से उन्हें सीधे सीमा सुरक्षा बलों में शामिल कर लिया जाता है। बताया जा रहा है कि ये लोग बिना किसी पहले के समझौते के ही यहां आते हैं, क्योंकि उन्हें पता होता है कि सीमा पर पहुंचते ही उन्हें सेना में भर्ती कर लिया जाएगा। लापता कोलंबियाई नागरिकों के परिजनों का कहना है कि उनके लोग सीमा पर पहुंचकर सेना में शामिल तो हो जाते हैं, लेकिन प्रशिक्षण के बाद उन्हें युद्ध के मैदान में भेज दिया जाता है।

# होर्मुज स्ट्रेट को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग: चीन

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग है।

वांग ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एक ओर जहां ईरान की संप्रभुता, सुरक्षा और एक तटीय राज्य के रूप में उसके वैध अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर इस जलडमरूमध्य से नौवहन की स्वतंत्रता और समुद्री सुरक्षा की गारंटी भी दी जानी चाहिए वांग ने कहा कि इस जलडमरूमध्य से सामान्य आवागमन फिर से बहाल करने के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से एक सर्वसम्मत आह्वान का प्रतिनिधित्व करते हैं। वांग ने कहा कि वर्तमान स्थिति युद्ध और शांति के बीच एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीतिक समाधान के लिए अवसर का एक दरवाजा भी खुल रहा है। ईरानी सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए एक 'विशेष व्यवस्था' परिभाषित करने का आह्वान करते हुए यह तर्क दिया कि यह जलमार्ग तेहरान के लिए एक 'विशेष संपत्ति' है। गौरतलब है कि यह जानकारी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। सरकारी प्रवक्ता फातिमा मोहजेरानी ने रूस की आरआईए नोवोस्ती को बताया कि उन सभी संपत्तियों की तरह जो अन्य देशों के साथ बातचीत के प्रकार और उसके नियमन के लिए एक साधन के रूप में काम करती हैं, उसी तरह से इस जलमार्ग के लिए भी एक विशेष व्यवस्था परिभाषित की जानी चाहिए।






# लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा पर फायरिंग

## अस्पताल में भर्ती, लाहौर में न्यूज चैनल के ऑफिस के बाहर हमला, पिछले साल भी अटैक हुआ था

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर उन पर फायरिंग की।

हमला किसने और क्यों किया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है। इससे पहले पिछले साल मई में भी उनके घर के बाहर अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारी थी। पिछले हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि उस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चैरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह हाफिज सईद और अन्य आतंकियों के साथ जुड़ गया। वह हाफिज सईद और अब्दुल रहमान मक्की का करीबी है।



■ यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है

